सेंसेक्स 71,139.90 ▼ -801.67
डॉलर 83.110 ▼ -0.030

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 23.0 | 12.0 | 19.0 |
| धनबाद | 24.0 | 15.0 | 20.0 |
| जमशेदपुर | 28.0 | 12.0 | 25.0 |
| पलामू | 24.0 | 14.0 | 19.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची, माघ कृष्ण पक्ष 05, विक्रम संवत 2080 | रांची, बुधवार, 31 जनवरी 2024, वर्ष-25, अंक- 01, पृष्ठ-12, मूल्य ₹2.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com





संपादकीय | सशक्त भारत का आधार है कानूनों ... 8 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | सिर पर गमछा बांधकर किसानों से ...12 | देश विदेश







### रांची सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 59,400

चांदी (1 किलो) 77,700

# हेमंत रांची में, कल्पना हो सकती हैं नई सीएम!

## सत्तारूढ़ गठबंधन के विधायकों की बैठक में बनी रणनीति

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन रांची पहुंच गए हैं। वे थोड़ी देर बाद सत्तारूढ़ गठबंधन के विधायकों के साथ बैठक में शामिल भी हुए। दोपहर लगभग 1 बजकर 50 मिनट पर वे अपने कांके रोड स्थित आवास पर पहुंचे। उनके साथ सीएम सिक्योरिटी का कारकेड भी था। सोरेन ने गाड़ी के हाथ निकालकर मीडियाकर्मियों का अभिवादन किया। बताया जा रहा है कि वे सोमवार देर रात ही रांची पहुंच गए थे और किसी अज्ञात ठिकाने पर थे। सीएम के अपने आवास पर पहुंचने के साथ ही उनके रहस्यमय तरीके से लापता होने की खबरों पर विराम लग गया है। ईडी सोमवार सुबह से उनकी तलाश में दबिश दे रही थी। उनकी गिरफ्तारी की आशंका जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि सीएम मौजूदा परिस्थितियों में सत्तारूढ़ गठबंधन के सभी विधायकों के साथ रणनीति तय करेंगे। इस बैठक में निर्णय लिया जाएगा कि सोरेन मौजूदा परिस्थितियों में इस्तीफा देकर अपनी कुर्सी अपनी पत्नी कल्पना सोरेन या किसी अन्य विश्वस्त विधायक को सौंपेंगे या फिर ईडी की अगली कार्रवाई का इंतजार किया जाएगा। गौरतलब है कि सीएम के 24 घंटे से ज्यादा समय से गायब रहने की खबरों के बीच राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने मंगलवार को दिन में 11.30 बजे राज्य के होम सेक्रेटरी अविनाश कुमार, डीजीपी अजय कुमार और चीफ सेक्रेटरी एल ख्यांग्ते को राजभवन तलब किया था। राज्यपाल ने उनसे कानून-व्यवस्था की स्थिति पर जानकारी ली थी।



**▸▸ रांची में आज सुबह नौ बजे से रात 10 बजे तक धारा 144 लागू**

**पूछताछ करने ईडी टीम एक बजे पहुंचेगी सीएम आवास**

सीएम से ईडी आज दोपहर एक बजे पूछताछ करेगी। सीएम ने ईडी पर राजनीति से प्रेरित होकर चुनी हुई सरकार को काम करने से रोकने का आरोप लगाया है। उन्होंने ईडी द्वारा 20 जनवरी को पूछे गये सवालों को तथ्यों से परे और गलत करार दिया। साथ ही बजट सत्र की व्यस्तता के बावजूद 31 जनवरी को अपने आवास पर ही बयान दर्ज कराने पर सहमति देते हुए ईडी को ई-मेल भेजा था। सीएम ने बयान दर्ज कराने के लिए ईडी को आज दोपहर एक बजे अपने आवास पर बुलाया है।

### गवर्नर ने डीजीपी-सीएस को किया तलब, ली जानकारी

**रांची/नई दिल्ली।** झारखंड की सत्ता-सियासत में आज से लेकर कल तक बड़े घटनाक्रम के संकेत मिल रहे हैं। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने मंगलवार को साढ़े ग्यारह बजे राज्य के होम सेक्रेटरी अविनाश कुमार, डीजीपी अजय कुमार और चीफ सेक्रेटरी एल ख्यांग्ते को राजभवन तलब किया। इसके बाद सभी आला अधिकारी राजभवन आकर राज्यपाल से मिले। जानकारी के अनुसार, राज्यपाल ने आला अधिकारियों से पूछा कि राज्य की विधि व्यवस्था और शासन किसके निर्देश पर चल रही है। हालांकि, अधिकारियों ने इसका क्या जवाब दिया, इसका खुलासा नहीं हो पाया है। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने सोमवार को भी कहा था कि अगर सीएम आज ईडी को जवाब नहीं दे रहे हैं, तो उन्हें कल जवाब देना ही होगा। उन्होंने कानून व्यवस्था की स्थिति के बारे में कहा कि मैं पहले भी इस बारे में चिंता व्यक्त कर चुका हूं। इधर, बीजेपी के सांसद निशिकांत दुबे ने राज्यपाल से अपील की है कि वे धारा 355 के तहत राज्य की स्थिति के बारे में केंद्र को रिपोर्ट भेजें।



### सोरेन के दिल्ली आवास से 36 लाख नकद और दो लग्जरी कारें जब्त

**नई दिल्ली।** ईडी की टीम ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के राजधानी दिल्ली स्थित आवास की तलाशी में 36 लाख रुपये नकद, एक बीएमडब्ल्यू कार सहित दो लग्जरी कार और कुछ आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए। ईडी सोरेन के दक्षिण दिल्ली स्थित 5/1 शांति निकेतन आवास सोमवार की सुबह साढ़ सात बजे पहुंची और 13 घंटे से ज्यादा समय तक वहां डेरा डाले रही। लेकिन इस दौरान हेमंत सोरेन आवास में नहीं मिले। इस दौरान जांच अधिकारियों ने आवास परिसर की तलाशी ली। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि ईडी की टीम कथित भूमि धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन के एक मामले की जांच के सिलसिले में पूछताछ करने के लिए सोमवार को हेमंत सोरेन के दक्षिण दिल्ली स्थित आवास पहुंची थी। मालूम हो कि 27 जनवरी की शाम चार्टर्ड प्लेन से हेमंत सोरेन दिल्ली गए थे। वह 28 जनवरी की रात करीब 11 बजे तक दिल्ली में शांति निकेतन स्थित अपने आवास पर थे। इसके बाद वे कहां गए इसे लेकर सियासी गलियारों में तरह-तरह की चर्चा होती रही। हालांकि 29 जनवरी की दोपहर उन्होंने ईडी को मेल भेजकर सूचित किया था कि वह 31 जनवरी को दिन के एक बजे अपना बयान दर्ज कराने के लिए उपलब्ध होंगे।



### नौकरी के बदले जमीन मामला : तेजस्वी से हुई 8 घंटे पूछताछ

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना स्थित ईडी कार्यालय में मंगलवार को नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री और राजद के अध्यक्ष लालू प्रसाद के पुत्र तेजस्वी यादव से अधिकारियों ने लंबी पूछताछ की। तेजस्वी मंगलवार को दिन के करीब 11 बजे कार्यालय पहुंचे और शाम 7 बजे कार्यालय से बाहर निकले। सूत्रों का कहना है कि ईडी के अधिकारियों ने तेजस्वी से करीब 50 से 60 प्रश्न किए। इस दौरान राजद के कई नेता ईडी कार्यालय के बाहर डटे रहे। बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भी इस दौरान कार्यालय के बाहर मौजूद रहे। राजद के राज्यसभा सांसद मनोज कुमार झा समेत राजद के कई नेताओं ने केंद्र सरकार पर लालू परिवार और विपक्ष को परेशान करने का आरोप लगाया। झा ने कहा कि कई एजेंसियां भाजपा के इशारे पर काम कर रही हैं। हम लोगों ने पहले भी इन एजेंसियों का मुकाबला किया है और उसके बाद तेजी से उभरे भी हैं। सोमवार को इसी मामले में राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद से भी पूछताछ हुई थी।



### व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर **82925 53444** पर भेज सकते हैं। आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **8292373444** संपर्क करें।

## एक नजर

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चार फरवरी का धनबाद दौरा रद्द

**धनबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धनबाद दौरा रद्द हो गया है। पीएम चार फरवरी को धनबाद में दो कार्यक्रमों में शामिल होने वाले थे। पीएम पहले हर्ल प्लांट सिंदरी का उद्घाटन करने वाले थे। इसके बाद बरवाअड्डा एयरपोर्ट पर एक आम सभा को संबोधित करने वाले थे। धनबाद के विधायक सह कार्यक्रम के प्रभारी राज सिन्हा ने मंगलवार को बताया कि अपरिहार्य कारणों से कार्यक्रम स्थगित हुआ है।

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राहुल गांधी चार फरवरी को धनबाद में

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कांग्रेस नेता राहुल गांधी चार फरवरी को धनबाद पहुंच रहे हैं। धनबाद के गोल्फ ग्राउंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा चार फरवरी को अपना स्थापना दिवस मनाएगा। हर साल हेमंत सोरेन स्थापना दिवस समारोह में शामिल होते हैं। इस बार भी वह समारोह में शामिल होंगे। इसके साथ ही धनबाद में चार फरवरी को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भी न्याय यात्रा पहुंचेगी। कांग्रेस जिला अध्यक्ष संतोष सिंह ने बताया कि तीन फरवरी को झारखंड के पाकुड़ से दुमका, देवघर, जामताड़ा, साहिबगंज होते हुए राहुल धनबाद पहुंचेंगे। चार फरवरी को धनबाद में राहुल गांधी की जनसभा भी संभावित है।

### एकतरफा प्रेम : स्कूल में शिक्षक ने की गोलीबारी, तीन की मौत

**नवीन मेल संवाददाता। गोड्डा**

जिले के पोड़ैयाघाट के उत्क्रमित उच्च विद्यालय चतरा में एकतरफा प्रेम प्रसंग में शिक्षक रवि रंजन ने मंगलवार को अंधाधुंध फायरिंग कर दो शिक्षकों को मौत के घाट उतार दिया। बाद में उसने खुद को भी गोली मार ली। स्कूल की लाइब्रेरी हाल में छह राउंड गोलियां चलीं। मृतकों में सुजाता देवी, रवि रंजन और आदेश सिंह हैं। बताया जाता है कि स्कूल में क्लास चल रही थी। इस बीच तीनों शिक्षकों ने लाइब्रेरी रूम में प्रवेश किया और अंदर से बंद कर दिया। इसके बाद गोली चलने की आवाज आई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जब दरवाजे को तोड़ा तो पाया कि यूपी चंदौली गांव के रहने वाले शिक्षक आदर्श कुमार सिंह कुर्सी पर मृत पड़े थे। गोली उसके सीने में लगी थी। दूसरी ओर शिक्षिका सुजाता कुमारी भी जमीन पर गिरी पड़ी थी। उसकी भी मौत ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर



**क्या है पूरा मामला**

बताया जाता है कि रवि रंजन का पहले से सुजाता कुमारी के साथ प्रेम-प्रसंग चल रहा था। बाद में सुजाता की नजदीकियां आदर्श सिंह के साथ बढ़ने लगी। यह बात रवि को नागवार गुजरी और उसने पूरे खेल को ही समाप्त कर देने का बड़ा फैसला ले लिया। इसके लिए योजना बनाकर तीन नए-नए देसी रिवॉल्वर की व्यवस्था की और तीनों गोली अलग-अलग रिवॉल्वर से चलायी। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त तीनों रिवॉल्वर को बरामद कर लिया है। एक साथ तीन शिक्षकों की लाश स्कूल से निकलने के बाद शिक्षा महकमा में मातम छा गया।

### लातेहार में सैदुप जंगल से 5 किलो का केन बम बरामद

**लातेहार।** लातेहार जिले के बरवाडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत सैदुप जंगल में छापामारी कर सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के द्वारा लगाए गए पांच किलो के केन बम को बरामद किया। सुरक्षा बलों ने बम को जंगल में ही विस्फोट कर निष्क्रिय कर दिया। इस संबंध में मंगलवार को जानकारी देते हुए सीआरपीएफ 11वीं बटालियन के कमांडेंट वेद प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के लिए नक्सलियों के द्वारा सैदुप जंगल में बम लगाया गया है। सूचना के आधार पर सीआरपीएफ की एक टीम गठित की गई और जंगल में सर्च अभियान चलाया गया। सर्च अभियान के क्रम में ही जंगल में लगाए गए लगभग पांच किलोग्राम का एक केन बम बरामद किया गया, जिसे बम निरोधक दस्ते के द्वारा जंगल में ही विस्फोट कर नष्ट कर दिया गया।

## बजट सत्र शुरू होने से पहले विपक्षी दलों के 14 सांसदों का निलंबन वापस

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

शीतकालीन सत्र के समय निलंबित किए गए विपक्षी दलों के 14 सांसदों का निलंबन उनके माफी मांगे बिना ही केन्द्रीय सत्ताधारी पार्टी ने खत्म कराया। सत्ताधारी पार्टी को लगता था कि विपक्षी दलों के सांसद निलंबन वापसी के लिए माफी मांगेगे, लेकिन इन 14 सांसदों ने ऐसा कुछ नहीं किया। पहले जो कहा गया था उसके अनुसार उनका निलंबन संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान तथा समाप्त हुए सत्र के शेष अवधि के लिए कर दिया गया था। उनका मामला विशेषाधिकार समितियों को भेजा गया था। 31जनवरी से संसद का बजट सत्र शुरू होना है। उसमें विपक्षी दल 14 सांसदों के निलंबन वापसी को लेकर बिना माफी, बिना शर्त निलंबन वापसी के लिए धरना प्रदर्शन कर सकते थे। इसी संभावना के चलते सरकार को निलंबन वापसी करानी पड़ी है। इसके बारे में केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बताया कि निलंबन वापसी को लेकर सरकार ने लोकसभा अध्यक्ष व राज्य सभा सभापति से अनुरोध किया था, जिस पर दोनों सदनों के अध्यक्ष सहमत हो गए हैं। मालूम हो कि संसद के पिछले सत्र के दौरान कुल 146 विपक्षी सांसदों को सदन में तख्तियां लाने और संसदीय कार्यवाही में बाधा डालने के आरोप में निलंबित कर दिया गया था। इनमें 100 लोकसभा और बाकी राज्य सभा से थे। इनमें से 14 के उल्लंघन को अधिक गंभीर माना गया था। लोकसभा व राज्य सभा ने मिलकर 132 सांसदों को 21 दिसंबर को समाप्त हुए शीतकालीन सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित कर दिया था और इन 14 सांसदों का मामला संबंधित विशेषाधिकार समिति को भेज दिया था। निलंबन वापसी पर संसदीय कार्य मंत्री ने बताया कि सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक में भाग लेने वाले विभिन्न दलों के नेताओं से कहा गया था कि सांसदों को सत्र के दौरान कक्ष के अंदर कोई तख्तियां या इसी तरह की सामग्री लाने की अनुमति नहीं होगी।



### झारखंड विस का बजट सत्र 9 से 16 फरवरी को पेश होगा बजट

**रांची।** झारखंड विस का बजट सत्र मंगलवार को घोषित कर दिया गया है। राज्यपाल की मंजूरी के बाद इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी गयी है। बजट सत्र नौ फरवरी शुक्रवार से प्रारंभ होगा जो 29 फरवरी तक चलेगा। 15 कार्य दिवस होंगे। 16 फरवरी को झारखंड का वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट पेश किया जायेगा। सत्र के पहले दिन नौ फरवरी को राज्यपाल का अभिभाषण होगा। शोक प्रकाश इत्यादि होगा। 10 और 11 फरवरी को बैठक नहीं होगी। 12 फरवरी को प्रश्नकाल, राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव एवं वाद-विवाद किया जायेगा। इसी दिन 2023-24 के लिए तृतीय अनुपूरक बजट पेश किया जायेगा। 13 फरवरी को भी वाद-विवाद व प्रश्नकाल होगा। 14 फरवरी को बैठक नहीं की जायेगी। 15 को प्रश्नकाल व 16 फरवरी को प्रश्नकाल व बजट पेश किया जायेगा।


## इंडिया

## सफलता की अंधी दौड़ और बढ़ती आत्महत्याएं कब तक?



सुनील बादल

***कोटा*** के एक कोचिंग सेंटर में जेईई की तैयारी कर रही 18 साल की छात्रा ने अपने ही कमरे में फांसी का फंदा लगाकर सोमवार को आत्महत्या कर ली। पांच दिन में ये दूसरी आत्महत्या थी। इससे पहले 24 जनवरी को भी एक छात्र ने पढ़ाई के दबाव में आकर आत्महत्या कर ली थी। यूपी के मुरादाबाद के इस छात्र ने भी परीक्षा के डर से आत्महत्या की थी। इंजीनियरिंग, मेडिकल और मैनेजमेंट में कैरियर संवारने लिए सबसे लोकप्रिय और महंगी सपनों की नगरी कोटा के कोचिंग संस्थानों में बीते एक साल में 23 और राजस्थान स्टेट क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट के मुताबिक साल 2020 में राज्य में आत्महत्या के कुल 5658 मामले सामने आए थे, कोटा सिटी में कुल 173 मामले और कोटा रूरल में 126 मामले सामने आए थे। कोटा को अब लोग आत्महत्या की फैक्ट्री बताने लगे हैं। जो शहर हजारों को प्रशिक्षित कर मेडिकल, इंजीनियरिंग या ऐसे ही प्रतिष्ठित संस्थानों में नामांकन दिला रहा हो दिनों दिन हताशा का माहौल क्यों बना रहा है? क्या योग्यता से अधिक की चाहत की अंधी दौड़ में बच्चे पिछड़ जा रहे हैं या अभिभावकों को दमित महत्वाकांक्षा को पूरी करने में असमर्थ बच्चे माता-पिता के अत्यधिक दवाव के शिकार हो रहे हैं जैसा मोदी जी ने कहा था या हीन भावना के शिकार होकर अपने दुर्लभ जीवन का अंत कर गरीब मां- बाप को कभी न मिटने वाला संताप दे रहे हैं? बचाने के लिए संघर्ष करते अभिभावकों पर अपने कलेजे के टुकड़ों की मौत बहुत भारी पड़ रही है। हर आत्महत्या के बाद थोड़ी सुगबुगाहट होती है फिर मामला किसी बड़े उद्योग की छोटी दुर्घटना की तरह सामान्य बन जाती है। यहां एक बात उल्लेखनीय है कि बंगाल, केरल और कुछ अन्य राज्यों में जहां सरकारी स्कूलों की स्थिति बेहतर है, इतने कोचिंग संस्थान भी नहीं है और वहां के बच्चों की भीड़ भी यहां नहीं है। राजस्थान भी अपने इस उद्योग को पनपते देखना चाहता है और इसके नेता भी जो बयानबाजी कर इन संस्थानों से मोटी राशि भी कथित रूप से वसूलते हैं। आत्महत्या के बाद कुछ दिनों में लोग भूल जाएंगे है, क्योंकि बिहार,यूपी और झारखंड जैसे राज्यों में इंजीनियर और डॉक्टरों को भारी भरकम दहेज मिलता है और समाज में पूछ के साथ पैसा कमाने का भरपूर अवसर भी। यश, पैसा और सफलता के लिए देश में बढ़ती प्रतिस्पर्द्धा से जूझ रहे अभिभावक अपने बच्चों को इंजीनियर, डॉक्टर, मैनेजर या अफसर बनाने की अंधी दौड़ में शामिल हैं और इसके लिए भ्रष्टाचार से लेकर पैसा जुटाने के हर तरीके आजमाने को तैयार हैं। ऐसे बेचैन माता-पिता का दबाव बच्चे के ऊपर रहता है और वह लगातार होते टेस्ट के कम अंक को अंतिम अवसर मानकर आत्महत्या जैसा कदम उठा लेता है। कुछ बच्चों ने परीक्षा देने के बाद आत्महत्या की, कुछ ने कम अंक आने पर तो कुछ ने अभिभावकों से बात करने के बाद, सवाल यह है कि दक्षिण भारत के इंजीनियरिंग, मेडिकल कॉलेज और प्रबंधन संस्थानों में एडमिशन के लिए पहले सिर्फ डोनेशन काफी था, पर यह रकम अब पचास लाख से करोड़ों तक पहुंच गई है, जबकि उनमें में प्रवेश के लिए कोचिंग जरूरी है। हिंदी पट्टी में ध्वस्त होती सरकारी शिक्षा व्यवस्था और समानांतर कोचिंग का प्रचालन बढ़ा है। मनोवैज्ञानिक इसे तनाव से उपजी समस्या बताते हैं। तनाव तो है, पर मूल कारण क्या है और क्या इसका समाधान निकल सकता है? कड़े प्रबंधन तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए देश-विदेश में चर्चित राजस्थान का यह शहर अपने कोटा पत्थर के लिए कम कोचिंग उद्योग के लिए पिछले दो दशकों से जाना जाता है। मीडिया का भरपूर कवरेज इसे गली-गली में कोचिंग संस्थान खोलने में मदद करता रहा है, पर अब उसी मीडिया में दिनोदिन बढ़ती आत्महत्या की घटनाओं के समाचारों ने अभिभावकों को सकते में डाल दिया है। पूरे कोटा में अजीब सी सनसनी और तनाव फैला है, जो पसरता हुआ बिहार, यूपी तक पहुंच रहा है, जहां से कुल लगभग दो लाख प्रतिवर्ष आनेवाले विद्यार्थियों में से बहुत बड़ी संख्या में बच्चे आते हैं। व्यापारिक नफा नुकसान से हटकर नीति निर्धारकों को चिंतन करना चाहिए कि क्यों बिहार या अन्य राज्यों के बच्चे पढ़ाई छोड़कर कोचिंग के लिए यहां आने को उतारू हैं ? क्या कोचिंग के सहारे किसी भी औसत बच्चे को चैंपियन बनाया जा सकता है? क्या सभी डॉक्टर, इंजीनियर या बड़े अधिकारी ही बनें संभव है? जो बड़ी प्रतियोगिताओं में सफल नहीं हो पाते क्या उनके लिए देश के सारे दरवाजे बंद हैं? क्या कोई वैकल्पिक मार्ग नहीं जिससे आस ना टूटे और जीवन बच सके? बहुत महंगे कोचिंग संस्थान के स्थान पर यदि सरकारी शिक्षण संस्थान सफेद हाथी साबित हो रहे हैं तो उनके स्थान पर निजी संस्थाओं को ही विकल्प बनाया जाए जो योग्य नागरिक या व्यवसायी ही तैयार कर सकें।




### छग : नक्सली हमले में 3 जवान शहीद, 15 सुरक्षाकर्मी घायल

**एजेंसी। बीजापुर**

बीजापुर-सुकमा सीमा पर जोनागुड़ा और अलीगुड़ा के पास मंगलवार को नक्सलियों के हमले में तीन सुरक्षा जवान शहीद हो गए। गोलीबारी में घायल 15 जवानों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज सुन्दरराज पी. ने मुठभेड़ की पुष्टि की है।

मंगलवार को जिस इलाके में नक्सलियों ने सुरक्षा बलों पर हमला किया, वहां 2021 में 23 जवानों की जान गई थी। सुकमा व बीजापुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र टेकलगुड़ेम गांव में (थाना जगरगुण्डा, जिला सुकमा) नक्सल गतिविधि पर अंकुश लगाने के लक्ष्य के साथ मंगलवार को ही यहां सुरक्षा कैंप स्थापित किया गया है। यहां से आज दोपहर कोबरा, एसटीएफ व डीआरजी के जवान जोनागुड़ा-अलीगुड़ा क्षेत्र में सर्चिंग के लिए निकले थे। इसी दौरान नक्सलियों ने जवानों पर फायरिंग शुरू कर दी।



सुरक्षा बलों की जवाबी फायरिंग में नक्सली भाग खड़े हुए। पुलिस सूत्रों के मुताबिक हमले में 3 जवान शहीद हो गए जिनमें आरक्षक देवन सी (201 कोबरा), आरक्षक पवन कुमार (201 कोबरा) और आरक्षक लाम्बधर सिन्हा (150 सीआरपीएफ) शामिल हैं। मुठभेड़ में 15 जवान घायल हुए हैं। गंभीर रूप से घायल जवानों को रायपुर भेजे जाने की तैयारी है। ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## एक नजर

### सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में बापू की पुण्यतिथि मनाई गई



**सिल्ली।** सिली प्रखंड अंतर्गत आज मंगलवार के दिन सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि पर महात्मा गांधी जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रध्दासुमन अर्पित कि गई। इस मौके पर रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस उपाध्यक्ष नागेन्द्र नाथ गोस्वामी, जिला सचिव नागेश्वर महतो, सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो, सिल्ली विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष विकास रजक, सिल्ली प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष निशाकर महतो, उपाध्यक्ष मनीराम दास, सचिव,शाहबुद्दीन अंसारी,सचिव बलराम महतो,योगेंद्र कोइरी, कोषाध्यक्ष मंजूर मोमिन, सदानंद सोनार, मंडल अध्यक्ष पश्चिमी गुहिराम महतो, पूर्वी मंडल अध्यक्ष भूत नाथ मंडल, एस.टी अध्यक्ष श्रीप्रसाद बड़ाईक, लालू कोइरी, रबिंद्र प्रमाणिक, बुधराम लोहरा, इत्यादि कांग्रेस जानों ने बापू की शहादत दिवस मनाई गई।

### नाबालिग से दुष्कर्म मामले के दोषी को 20 साल की कैद

**रांची।** पोक्सो के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने मंगलवार को नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म मामले में दोषी जोहन डांग को 20 साल कैद की सजा सुनायी है। साथ ही उस पर 20 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। जुमार्ना राशि नहीं देने पर जोहन डांग को एक साल की अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा भुगतनी होगी। जोहन डांग इस मामले में एक नवंबर 2022 से जेल में है। इससे पूर्व अदालत ने जोहन को 25 जनवरी को दोषी करार दिया था। जोहन डांग रांची में सदर थाना क्षेत्र में किराये के घर में रहता था। उस पर मकान मालिक की नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म करने का आरोप है। लड़की के परिजनों ने सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी। मामले में अभियोजन की ओर से सात गवाहों को प्रस्तुत किया गया था।

### बीआइटी मेसरा में छात्र पीयूष राज ने की आत्महत्या

**रांची।** बीआइटी मेसरा में एक छात्र ने आत्महत्या कर ली है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मेसरा थाना प्रभारी सुमित कुमार ने घटनास्थल का जायजा लिया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जिस छात्र ने आत्महत्या किया है, उसका नाम पीयूष राज है। वह पतरातू का रहने वाला था। बीआइटी मेसरा में वह हॉस्टल नंबर 3 के रूम नंबर 91 में रहता था। छात्र चादर से फंदा बनाकर सुसाइड किया है। छात्र के रूम से सुसाइड नोट मिला है। इसके साथ ही पुलिस को घटनास्थल से और भी कुछ चीजे मिली हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### रामकृष्ण मिशन के तत्वावधान में किसान मेले का हुआ आयोजन

# प्राकृतिक खेती से ही जीवन की रक्षा संभव, किसान इसे अपनाएं : सांसद



**सुनील कुमार गुप्ता**

बेड़ो। जैविक और प्राकृतिक खेती से ही जीवन की रक्षा संभव, किसान इसे ही अपनाएं। उक्त बातें बतौर मुख्य अतिथि लोहरदगा के भाजपा सांसद सुदर्शन भगत ने बेड़ो के बारीडीह स्थित पड़हा बगीचा में दिव्यायन कृषि विज्ञान केंद्र रामकृष्ण मिशन आश्रम एवं रामकृष्ण विवेकानंद शैक्षणिक शोध संस्थान तथा बेड़ो लापुंग और इटकी सहित कुल 18 विवेकानंद सेवा संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित श्री राम कृष्ण किसान मेला व कृषि उत्पाद सब्जी फसल प्रदर्शनी कार्यक्रम के दौरान सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि भारत देश की पहचान सदियों कृषि एवं ऋषि से ही है। सदियों से किसानों के अथक प्रयासों से क्षेत्र में जैविक एवं प्राकृतिक खेती होती थी। लेकिन अब आधुनिक तौर तरीकों से खेती होने लगी है। उन्होंने कहा कि वहीं रामकृष्ण मिशन आश्रम के सचिव स्वामी भवेशानंद जी महाराज ने कहा कि प्राकृतिक जैविक कृषि से ही स्वस्थ मिट्टी, स्वस्थ फसल एवं स्वस्थ समाज का निर्माण हो सकता है। इसके पूर्व सांसद सुदर्शन भगत ने फीता काट कर कृषि फसल एवं पशु पक्षी प्रदर्शनी का विधिवत उद्घाटन किया और किसानों द्वारा निबंधित कराए गए फसलों सहित विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण किया। इस मौके पर ब्रह्मचारी स्वपन जी महाराज, डॉ अजीत कुमार, बेड़ो के प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू, सांसद प्रतिनिधि सह कार्यक्रम के मार्गदर्शक धनंजय कुमार राय, राजेश कुमार सहाय सहित कई लोगों ने कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन घनश्याम उरांव ने किया।

### साइबर अपराधी को तीन साल की सजा और दो लाख का जुर्माना

**रांची।** ईडी के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा ने मंगलवार को साइबर अपराधी संतोष यादव को दोषी करार करते हुए तीन साल की सश्रम कारावास की सजा सुनायी है। साथ ही दो लाख का जुमार्ना लगाया है। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर छह माह का साधारण कारावास काटना होगा। अदालत ने साइबर अपराध से कमाये गये 15 लाख 24 हजार 500 जब्त रुपये को सेंट्रल गवर्नमेंट के पक्ष में जमा करने को कहा है। इस संबंध में देवघर जिले के मधुपुर थाना कांड संख्या 351/17 के दर्ज मुकदमे के आधार पर ईडी ने मामला दर्ज किया था। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि छदम वेश में संतोष यादव धोखाधड़ी और साइबर अपराध कर धन अर्जित करता है। उक्त सूचना के अधार पर संतोष यादव को देवघर के छतापातर स्थित घर से गिरफ्तार किया था। छापेमारी के दौरान पुलिस ने साइबर अपराध से अर्जित 15 लाख 24 हजार 500 रुपये और मोबाइल सहित अन्य सामान जब्त किया गया।

### मांडर में भ्रष्टाचार के खिलाफ आप का नुक्कड़ सभा

**मांडर।** मंगलवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रदेश उपाध्यक्ष अजय भगत के नेतृत्व में भ्रष्टाचार के खिलाफ एक नुकड़ सभा का आयोजन किया गया। बाद में प्रखंड कार्यालय के प्रधान लिपिक करुणा बाला गुप्ता को उपायुक्त के नाम एक दस सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। मौके पर उपस्थित प्रदेश उपाध्यक्ष हरि सिंह ने कहा की झारखण्ड सरकार के सभी कार्यालय भ्रष्टाचार में डूबा हुआ है। विशेष कर प्रखंड कार्यलय दलालों के गिरफ्त में है। प्रखंड पदाधिकारी हमारे मांगों को संज्ञान में ले और दलाली प्रथा बंद करें नहीं तो बाध्य होकर हमें आंदोलन को आक्रामक करना पड़ेगा। प्रदेश मीडिया प्रभारी सईद अख्तर ने कहा कि प्रखंड के आम जनता दलालों से परेशान है पंचायत पदाधिकारी अपने सम्बंधित पंचायत नहीं जाते। प्रखंड विकास पदाधिकारी से हमारी मांग है की आप ये सुनिश्चित करें कि पंचायत पदाधिकारी कम से कम सप्ताह में दो दिन पंचयात कार्यलय में बैठे। मौके पर जिला ग्रामीण संयोजक अशोक उराव, सतेंद्र सिंह, आनद प्रकाश, अल्बर्ट एक्का, धुरा उराव सहित अन्य उपस्थित थे।

# अफीम की खेती के खिलाफ लगातार अभियान चलाएं अधिकारी : उपायुक्त



खूंटी। उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में नार्को कॉ ऑर्डिनेशन सेंटर की हुई बैठक में मादक द्रव्य पदार्थों के नियंत्रण को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जागरूकता लाने और नशामुक्ति के लिए लगातार जागरूकता अभियान चलाया जाए। इस संबंध में सभी तरह के निर्देश उत्पाद, शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि विभाग को उपलब्ध कराते हुए आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया कि विद्यालय के प्रधानाध्यापकों के साथ बैठक कर उन्हें उचित निर्देश दें। अवैध अफीम की खेती के विरुद्ध अभियान चलाने के क्रम में वैकल्पिक कृषि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सभी अंचल अधिकारी, ग्राम प्रधान एवं मुखिया की उपस्थिति में ग्रामसभा की बैठक कर लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए गए। मौके पर उपायुक्त ने निर्देशित किया कि जिले के सभी थाना प्रभारियों, रेंजर सहित अंचल अधिकारियों द्वारा जिले में हो रही अफीम की अवैध खेती पर कड़ी नजर रखते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाय। मौके पर पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने कहा कि मादक पदार्थों की रोकथाम में पुलिस की भी अहम भूमिका है। पुलिस बल द्वारा रात्रि गश्ती की जाय। साथ ही ब्लैक स्पॉट व अन्य सूचना प्राप्त होने पर रेड की जाय व सम्बन्धित प्रतिवेदन उपलब्ध कराएं। जिले में अफीम की अवैध खेती को चिह्नित कर ट्रेक्टर से विनष्टीकरण की कारवाई तेज करने के निर्देश दिए। आगामी दिनों में एक्शन प्लान के आधार पर रणनीति बनाकर अवैध अफीम की खेती का विनिष्टिकरण किए जाने की बात कही गई।

## होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल में विदाई समारोह का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**

नारो स्थित होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल में वर्ग 10 के छात्र-छात्राओं के लिए मंगलवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रबंधन एवं जूनियर छात्र छात्रों ने अपने सीनियर को विदाई दी। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के निदेशक आलोक बिपिन टोप्पो और प्रधानाध्यापक आलोक तिवारी ने सयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस बीच बच्चों ने कई तरह का रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। वहीं विद्यालय के निदेशक आलोक विपिन टोप्पो ने अपने बातों को रखते हुए बच्चों को समय प्रबंधन कर बचे हुए समय में परीक्षा की तैयारी करने की बात कही। वही विद्यालय के प्रधानाध्यापक आलोक कुमार तिवारी ने को उनकी परीक्षा अच्छी तरह लिख पाए इसके लिए उन्हें शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन रोहित टोप्पो एवं शबाना परवीन ने सम्मिलित रूप से किया। मौके पर विद्यालय प्रबंधन के नोबेल टोप्पो एवं शिक्षक शिक्षिकाएं निशा कुजूर, शालिनी तिग्गा शाहिना परवीन, महावीर उरांव, पुनीत खलखो, जेवियर एक्का, पिंकी टोप्पो, नूतन टोप्पो, मरियम एक्का आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## संत अन्ना इंटरमीडिएट कॉलेज मांडर में बाल सभा का गठन



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**

मंगलवार को संत अन्ना इंटरमीडिएट कॉलेज मांडर में बाल सभा का गठन किया गया। संतोष उराव प्रेसिडेंट और फलक अरमान वाइस प्रेसिडेंट बनाई गई, इसके अतिरिक्त अनुशासन विभाग के लिए रवि गोप, अनुपा खलखो, सैम मिंज, दिबिया भगत,अभिजीत मुंडा, और इशा किंडो, सांस्कृतिक विभाग के लिए आशीष खलखो, अंजलि तिर्की, राहुल उराव, रंजीता कुजूर, कपिल उराव और निकिता तिर्की खेल विभाग के लिए अभषेक किसपोट्टा,सुहानी किसपोट्टा, सुनील उराव,नेवेदिता टोप्पो,रोशन बारा, सफाई विभग के लिए सुशांत महतो, लक्की उराव, रौशनी खलखो, प्रतिका खलखो स्वस्थ विभाग के लिए नित्या खलखो, कुसुम कुमारी, आलोक प्रजापति,सरगम मुंडा, अमन कुमार सी. एल, सी. विभाग के लिए रोशन टोप्पो, एलिजाबेथ बोदरा, अर्पण खलखो, निकिता खलखो को मंत्री बनाया गया है। कॉलेज के प्रचार्या सिस्टर निर्मला ज्योति कच्छप ने कहा की इस बाल सभा का गठन का एक मात्र उद्देश्य छात्र - छात्राओं में नेतृत्व क्षमता का विकास करना है।

## 66वां वार्षिक खान सुरक्षा वार्षिक सप्ताह में अव्वल रहा एनके एरिया का सेफ्टी स्टाल



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**

66वां वार्षिक खान सुरक्षा वार्षिक सप्ताह में सीसीएल के एनके एरिया का सेफ्टी स्टाल को डीजीएमएस धनबाद के खान सुरक्षा महानिदेशक द्वारा अव्वल घोषित किया गया। तापिन साउथ के नेहरू स्टेडियम में आयोजित सीसीएल वर्ष 2022-23 का 66वां वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह में सीसीएल के अलावा, टाटा, एनटीपीसी के 36 सेफ्टी स्टालों में एनके एरिया के स्टाल को प्रथम पुरस्कार के लिए चयन किया गया। कार्यक्रम में खान सुरक्षा महानिदेशालय धनबाद के खान सुरक्षा महानिदेशक प्रभात कुमार व सीसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंधन निदेशक डा वी बीरा रेड्डी ने सभी स्टालों का अवलोकन किया। एनके एरिया के स्टाल का थीम ह्यस्मार्ट साल्यूशंस फार स्मार्ट माइंसह्ल था। इसमें उन्नत सुरक्षा सुविधाओं व सूचना प्रौद्योगिकी के पहल के साथ स्मार्ट ओपेनकास्ट माइंस की परिकल्पना को दशार्या गया था। जिसमें सेंसर लगे स्वचालित डंप ट्रक, बायोमेट्रिक सिस्टम, फोटोग्रामेट्री सिस्टम, ड्रोन से सर्वे तथा निरीक्षण, स्वचालित वे-ब्रिज सिस्टम तथा जिओफेंसिंग को दशार्या गया था। एनके एरिया के स्टाल की काफी सराहना की गई। एनके एरिया का स्टाल महाप्रबंधक सुजीत कुमार व एसओ सेफ्टी राजेन्द्र प्रसाद के कुशल निर्देशन में डिप्यूटी मैनेजर माइनिंग शशांक कुमार व हर्षित श्रीवास्तव की टीम द्वारा बनाया गया था।

## दर्जनों कार्यकर्ताओं ने थामा शिवसेना का दमन

# राज्य प्रमुख ने दिलायी सदस्यता



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

झारखंड में राजनीति की तेज हलचल के बीच मंगलवार को शिवसेना के रांची अशोक नगर स्थित प्रदेश कार्यालय में शिवसेना व बालासाहेब ठाकरे के नीति व सिद्धांतों से प्रभावित होकर सरायकेला के अनिल सोनी ने अपने दर्जनों कार्यकताओं के साथ शिवसेना का दामन थामा। इस दौरान शिवसेना में शामिल होने पर राज्य प्रमुख दीपक सिंह ने कहा कि शिवसेना पूरे राज्य में हमेशा ही भ्रष्टाचार और धर्म की लड़ाई लड़ते आ रही हैं। राज्य प्रमुख दीपक सिंह ने शिवसेना प्रदेश प्रभारी सह पूर्व मंत्री डॉ दयानंद कच्छप व राज्य उपप्रमुख संदीप मुखर्जी के साथ सरायकेला जिला प्रमुख के रूप में अनिल सोनी को शिवसेना का नियुक्ति पत्र सौंपा। इसके अलावा उन्होंने राज्य संयोजक के रूप में संतोष कुमार तिवारी, भारतीय कामगार सेना के राज्य सचिव के रूप में शंभू नाथ महतो व कोल्हान प्रमंडल महासचिव के रूप में रमेश प्रसाद सिन्हा समेत दर्जनों कार्यकर्ताओं को शिवसेना का नियुक्ति पत्र सौंपते हुए उन्हें अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। मौके पर शिवसेना के कौशिक घोष, जितेंद्र सिंह, विजय गोसाई, रणधीर सिंह, नितेश यादव, आकाश दुबे, अक्की अक्षत जैन, सम्राट उपाध्याय समेत कई लोग मौके पर मौजूद थे। यह जानकारी गढ़गांव निवासी और शिवसेना के राज्य प्रमुख दीपक सिंह ने दी है।


**कार्यालय, जिला पशुपालन पदाधिकारी, रामगढ़**
**New Collectorate Building Ground Floor, Block-c, Chhatarmandu, Ramgarh. Pin-825101.**
**G-Mail = dahoahyram@gmail.com**

**आम सूचना**

रामगढ़ जिला के सभी पशुपालकों को सूचित किया जाता है कि विभागीय राज्यादेश कि संख्या–02 रा0 (वि0) दिनांक–04.05.2023 के आलोक में जिला अन्तर्गत सभी प्रखण्डों के कुल–125 पंचायतों में दो दिवसीय पशुचिकित्सा शिविर (द्वित्तीय चरण) का आयोजन किया जाना है। पशुपालकों से अनुरोध है कि निर्धारित तिथि एवं स्थल में अपने पशुओं की चिकित्सा, बधियाकरण, टीकाकरण, गर्भजाँच, एवं स्वास्थ्य जाँच इत्यादि निशुल्क करावें एवं शिविर का लाभ उठावें।

पंचायतवार विशेष पशु चिकित्सा शिविर के लिए उत्तरदायी पशुचिकित्सकों कि विवरणी
जिला पशुपालन पदाधिकारी का नाम एवं मोबाईल नम्बरः–डा0 कमलेश कुमार पिंगले, 06553–291183

| क्र0 सं0 | ब्लॉक का नाम | पशुचिकित्सक का नाम, पदनाम और मोबाईल नम्बर | पंचायत का नाम और संस्थानवार क्रम संख्या | | आयोजन स्थल का नाम | आयोजन की तिथि | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Patratu | Dr. Pankaj Kumar TVO Bhurkunda 9835162995 | 1 | बुध बाजार दोतल्ला | पंचायत भवन | 01.02.2024 And 02.02.2024 | |
| 2 | | | 2 | बुध बाजार ईमली गाछ | पंचायत भवन | 05.02.2024 And 06.02.2024 | |
| 3 | | | 3 | बुध बाजार चीफ हाउस | पंचायत भवन | 07.02.2024 And 08.02.2024 | |
| 4 | | | 4 | चोरधरा | पंचायत भवन | 09.02.2024 And 10.02.2024 | |
| 5 | | | 5 | देवरीया | पंचायत भवन | 12.02.2024 And 13.02.2024 | |
| 6 | | | 6 | चिकोर | पंचायत भवन | 15.02.2024 And 16.02.2024 | |
| 7 | | | 7 | भुरकुण्डा | पंचायत भवन | 19.02.2024 And 20.02.2024 | |
| 8 | | | 8 | जवाहर नगर | पंचायत भवन | 21.02.2024 And 22.02.2024 | |
| 9 | | | 9 | लपंगा | पंचायत भवन | 26.02.2024 And 27.02.2024 | |
| 10 | | | 10 | पटेल नगर | पंचायत भवन | 28.02.2024 And 29.02.2024 | |
| 11 | | | 11 | सुन्दर नगर | पंचायत भवन | 04.03.2024 And 05.03.2024 | |
| 12 | | | 12 | सी.सी.एल. सौंदा | पंचायत भवन | 06.03.2024 And 07.03.2024 | |
| 13 | Patratu | Dr. Ashok Kumar - BAHO Patratu - 9431090331 | 1 | तालाटॉंड़ | पंचायत भवन | 01.02.2024 And 02.02.2024 | |
| 14 | | | 2 | हरिहरपुर | पंचायत भवन | 05.02.2024 And 06.02.2024 | |
| 15 | | | 3 | बीचा | पंचायत भवन | 07.02.2024 And 08.02.2024 | |
| 16 | | | 4 | जयनगर | पंचायत भवन | 09.02.2024 And 10.02.2024 | |
| 17 | | | 5 | बलकुंदरा | पंचायत भवन | 12.02.2024 And 13.02.2024 | |
| 18 | | | 6 | सौन्दा "डी" | पंचायत भवन | 15.02.2024 And 16.02.2024 | |
| 19 | | | 7 | ए.के. कोलयरी | पंचायत भवन | 19.02.2024 And 20.02.2024 | |
| 20 | | | 8 | के.के. कोलयरी | पंचायत भवन | 21.02.2024 And 22.02.2024 | |
| 21 | | | 9 | सयाल उत्तरी | पंचायत भवन | 26.02.2024 And 27.02.2024 | |
| 22 | | | 10 | सयाल दक्षिणी | पंचायत भवन | 28.02.2024 And 29.02.2024 | |
| 23 | Patratu | Dr. Vijay Munda - TVO Ghutwa - 7488765856 | 1 | कण्डेर | पंचायत भवन | 01.02.2024 And 02.02.2024 | |
| 24 | | | 2 | पीरी (तेलियातु) | पंचायत भवन | 05.02.2024 And 06.02.2024 | |
| 25 | | | 3 | डुड़गी | पंचायत भवन | 07.02.2024 And 08.02.2024 | |
| 26 | | | 4 | बारीडीह | पंचायत भवन | 09.02.2024 And 10.02.2024 | |
| 27 | | | 5 | सांकी | पंचायत भवन | 12.02.2024 And 13.02.2024 | |
| 28 | | | 6 | पाली | पंचायत भवन | 15.02.2024 And 16.02.2024 | |
| 29 | | | 7 | सेन्ट्रल सौंदा | पंचायत भवन | 19.02.2024 And 20.02.2024 | |
| 30 | | | 8 | लबगा | पंचायत भवन | 21.02.2024 And 22.02.2024 | |
| 31 | Patratu | Dr. Abhinav Kr - TVO Patratu - 7979848469 | 1 | कुरसे | पंचायत भवन | 01.02.2024 And 02.02.2024 | |
| 32 | | | 2 | सौन्दा बस्ती | पंचायत भवन | 05.02.2024 And 06.02.2024 | |
| 33 | | | 3 | शाह कॉलोनी | पंचायत भवन | 07.02.2024 And 08.02.2024 | |
| 34 | | | 4 | कटिया बस्ती | पंचायत भवन | 09.02.2024 And 10.02.2024 | |
| 35 | | | 5 | कोटो | पंचायत भवन | 12.02.2024 And 13.02.2024 | |
| 36 | | | 6 | पतरातु | पंचायत भवन | 15.02.2024 And 16.02.2024 | |
| 37 | | | 7 | हनुमान गड़ी | पंचायत भवन | 19.02.2024 And 20.02.2024 | |
| 38 | | | 8 | कटिया पंचमंदिर | पंचायत भवन | 21.02.2024 And 22.02.2024 | |
| 39 | | | 9 | पालु | पंचायत भवन | 26.02.2024 And 27.02.2024 | |
| 40 | | | 10 | साकुल | पंचायत भवन | 28.02.2024 And 29.02.2024 | |
| 41 | | | 11 | हफुआ | पंचायत भवन | 04.03.2024 And 05.03.2024 | |
| 42 | | | 12 | हेसला | पंचायत भवन | 06.03.2024 And 07.03.2024 | |
| 43 | Mandu | Dr. Sweta Shree - TVO West Bokaro - 9006773680 | 1 | केदला दक्षिणी | पंचायत भवन | 01.02.2024 And 02.02.2024 | |
| 44 | | | 2 | केदला उत्तरी | पंचायत भवन | 05.02.2024 And 06.02.2024 | |
| 45 | | | 3 | लईयो उत्तरी | पंचायत भवन | 07.02.2024 And 08.02.2024 | |
| 46 | | | 4 | लईयो दक्षिणी | पंचायत भवन | 09.02.2024 And 10.02.2024 | |
| 47 | | | 5 | बारुघुटू उत्तरी | पंचायत भवन | 12.02.2024 And 13.02.2024 | |
| 48 | | | 6 | बारुघुटू दक्षिणी | पंचायत भवन | 15.02.2024 And 16.02.2024 | |
| 49 | | | 7 | बारुघुटू मध्य | पंचायत भवन | 19.02.2024 And 20.02.2024 | |
| 50 | | | 8 | केदला मध्य | पंचायत भवन | 21.02.2024 And 22.02.2024 | |
| 51 | | | 9 | बारुघुटू पुरवी | पंचायत भवन | 26.02.2024 And 27.02.2024 | |
| 52 | | | 10 | सारुबेड़ा | पंचायत भवन | 28.02.2024 And 29.02.2024 | |
| 53 | Mandu | Manoj Kumar Jha TVO Mandu 9835132049 8709572714 | 1 | मांडूचट्टी | पंचायत भवन | 01.02.2024 And 02.02.2024 | |
| 54 | | | 2 | पुण्डी | पंचायत भवन | 05.02.2024 And 06.02.2024 | |
| 55 | | | 3 | मांडुडीह | पंचायत भवन | 07.02.2024 And 08.02.2024 | |
| 56 | | | 4 | हेसागढ़ा | पंचायत भवन | 09.02.2024 And 10.02.2024 | |
| 57 | | | 5 | तापीन | पंचायत भवन | 12.02.2024 And 13.02.2024 | |
| 58 | | | 6 | पिण्डरा | पंचायत भवन | 15.02.2024 And 16.02.2024 | |
| 59 | Mandu | Dr. Uday Bhushan Mehta - TVO Kuju - 9835197038 | 1 | कुजु दक्षिणी | पंचायत भवन | 01.02.2024 And 02.02.2024 | |
| 60 | | | 2 | कुजु पूरवी | पंचायत भवन | 05.02.2024 And 06.02.2024 | |
| 61 | | | 3 | कुजु पष्चिमी | पंचायत भवन | 07.02.2024 And 08.02.2024 | |
| 62 | | | 4 | तोपा | पंचायत भवन | 09.02.2024 And 10.02.2024 | |
| 63 | | | 5 | ओरला | पंचायत भवन | 12.02.2024 And 13.02.2024 | |
| 64 | | | 6 | बुमरी | पंचायत भवन | 15.02.2024 And 16.02.2024 | |
| 65 | | | 7 | बड़काचुम्बा | पंचायत भवन | 19.02.2024 And 20.02.2024 | |
| 66 | | | 8 | मंझला चुम्बा | पंचायत भवन | 21.02.2024 And 22.02.2024 | |
| 67 | | | 9 | आरा दक्षिणी | पंचायत भवन | 26.02.2024 And 27.02.2024 | |
| 68 | Mandu | Dr. Uday Kumar - TVO Bargaon - 8210937243 | 1 | डुण्डी | पंचायत भवन | 01.02.2024 And 02.02.2024 | |
| 69 | | | 2 | करमा उत्तरी | पंचायत भवन | 05.02.2024 And 06.02.2024 | |
| 70 | | | 3 | करमा दक्षिणी | पंचायत भवन | 07.02.2024 And 08.02.2024 | |
| 71 | | | 4 | सोनडीहा | पंचायत भवन | 09.02.2024 And 10.02.2024 | |
| 72 | | | 5 | बड़गॉव | पंचायत भवन | 12.02.2024 And 13.02.2024 | |
| 73 | | | 6 | नावाडीह | पंचायत भवन | 15.02.2024 And 16.02.2024 | |
| 74 | Mandu | Dr. Shailendra Tiwari – BAHO Mandu – 6200743496 | 1 | रतवे | पंचायत भवन | 01.02.2024 And 02.02.2024 | |
| 75 | | | 2 | आरा उत्तरी | पंचायत भवन | 05.02.2024 And 06.02.2024 | |
| 76 | | | 3 | बसंतपुर | पंचायत भवन | 07.02.2024 And 08.02.2024 | |
| 77 | | | 4 | इचाकडीह | पंचायत भवन | 09.02.2024 And 10.02.2024 | |
| 78 | | | 5 | किमो | पंचायत भवन | 12.02.2024 And 13.02.2024 | |
| 79 | Ramgarh And Dulmi | Dr. Leena Kumari TVO Ramgarh 8340145318 8862847750 | 1 | दोहाकातु | पंचायत भवन | 01.02.2024 And 02.02.2024 | |
| 80 | | | 2 | बारलौंग | पंचायत भवन | 05.02.2024 And 06.02.2024 | |
| 81 | | | 3 | कुन्दरु कला | पंचायत भवन | 07.02.2024 And 08.02.2024 | |
| 82 | | | 4 | जमीरा | पंचायत भवन | 09.02.2024 And 10.02.2024 | |
| 83 | | | 5 | उसरा | पंचायत भवन | 12.02.2024 And 13.02.2024 | |
| 84 | | | 6 | सोसो | पंचायत भवन | 15.02.2024 And 16.02.2024 | |
| 85 | Dulmi And Gola | Dr. Shashi Sinha BAHO RAMGARH 9431186760 | 1 | ईचातु | पंचायत भवन | 01.02.2024 And 02.02.2024 | |
| 86 | | | 2 | दुलमी | पंचायत भवन | 05.02.2024 And 06.02.2024 | |
| 87 | | | 3 | सिरु | पंचायत भवन | 07.02.2024 And 08.02.2024 | |
| 88 | | | 4 | कुल्ही | पंचायत भवन | 09.02.2024 And 10.02.2024 | |
| 89 | | | 5 | सिकनी | पंचायत भवन | 12.02.2024 And 13.02.2024 | |
| 90 | | | 6 | होन्हे | पंचायत भवन | 15.02.2024 And 16.02.2024 | |
| 91 | | | 7 | पोटमदग्गा | पंचायत भवन | 19.02.2024 And 20.02.2024 | |
| 92 | | | 8 | बरियातु | पंचायत भवन | 21.02.2024 And 22.02.2024 | |
| 93 | | | 9 | कुम्हरदग्गा | पंचायत भवन | 26.02.2024 And 27.02.2024 | |
| 94 | Gola | Dr. Rajesh Kumar - TVO Gola - 8340252479 | 1 | मगनपुर | पंचायत भवन | 01.02.2024 And 02.02.2024 | |
| 95 | | | 2 | साड़म | पंचायत भवन | 05.02.2024 And 06.02.2024 | |
| 96 | | | 3 | गोला | पंचायत भवन | 07.02.2024 And 08.02.2024 | |
| 97 | | | 4 | हुप्पु | पंचायत भवन | 09.02.2024 And 10.02.2024 | |
| 98 | | | 5 | बेतुलकला | पंचायत भवन | 12.02.2024 And 13.02.2024 | |
| 99 | | | 6 | कोराम्बे | पंचायत भवन | 15.02.2024 And 16.02.2024 | |
| 100 | | | 7 | उपरबरगा | पंचायत भवन | 19.02.2024 And 20.02.2024 | |
| 101 | | | 8 | बरलंगा | पंचायत भवन | 21.02.2024 And 22.02.2024 | |
| 102 | | | 9 | संग्रामपुर | पंचायत भवन | 26.02.2024 And 27.02.2024 | |
| 103 | | | 10 | सूतरी | पंचायत भवन | 28.02.2024 And 29.02.2024 | |
| 104 | | | 11 | रकुआ | पंचायत भवन | 04.03.2024 And 05.03.2024 | |
| 105 | | | 12 | सरगडीह | पंचायत भवन | 06.03.2024 And 07.03.2024 | |
| 106 | Gola | Dr. Vijay Munda - TVO Ghutwa - 7488765856 | 1 | हेसापोड़ा | पंचायत भवन | 26.02.2024 And 27.02.2024 | |
| 107 | | | 2 | बन्दा | पंचायत भवन | 28.02.2024 And 29.02.2024 | |
| 108 | Gola | Dr. Shailendra Tiwari – BAHO Mandu – 6200743496 | 1 | चाड़ी | पंचायत भवन | 15.02.2024 And 16.02.2024 | |
| 109 | | | 2 | सोसोकला | पंचायत भवन | 19.02.2024 And 20.02.2024 | |
| 110 | | | 3 | चौकाद | पंचायत भवन | 21.02.2024 And 22.02.2024 | |
| 111 | Gola | Manoj Kumar Jha TVO Mandu 9835132049 8709572714 | 1 | नावाडीह | पंचायत भवन | 19.02.2024 And 20.02.2024 | |
| 112 | | | 2 | पुरबडीह | पंचायत भवन | 21.02.2024 And 22.02.2024 | |
| 113 | Chitarpur | Dr. Uday Kumar - TVO Bargaon - 8210937243 | 1 | मायल | पंचायत भवन | 19.02.2024 And 20.02.2024 | |
| 114 | | | 2 | बोरोबिंग | पंचायत भवन | 21.02.2024 And 22.02.2024 | |
| 115 | | | 3 | मारंगमार्चा | पंचायत भवन | 26.02.2024 And 27.02.2024 | |
| 116 | | | 4 | भुचुंगडीह | पंचायत भवन | 28.02.2024 And 29.02.2024 | |
| 117 | | | 5 | चितरपुर पुरवी | पंचायत भवन | 04.03.2024 And 05.03.2024 | |
| 118 | | | 6 | बड़कीपोना | पंचायत भवन | 06.03.2024 And 07.03.2024 | |
| 119 | Chitarpur | Dr. Shashi Sinha BAHO RAMGARH 9431186760 | 1 | सूकरीगढ़ा | पंचायत भवन | 28.02.2024 And 29.02.2024 | |
| 120 | | | 2 | चितरपुर पश्चिमी | पंचायत भवन | 04.03.2024 And 05.03.2024 | |
| 121 | Chitarpur | Dr. Leena Kumari TVO Ramgarh 8340145318 8862847750 | 1 | लरी कला | पंचायत भवन | 19.02.2024 And 20.02.2024 | |
| 122 | | | 2 | चितरपुर उत्तरी | पंचायत भवन | 21.02.2024 And 22.02.2024 | |
| 123 | | | 3 | सेवई दक्षिणी | पंचायत भवन | 26.02.2024 And 27.02.2024 | |
| 124 | | | 4 | सेवई उत्तरी | पंचायत भवन | 28.02.2024 And 29.02.2024 | |
| 125 | | | 5 | चितरपुर दक्षिणी | पंचायत भवन | 04.03.2024 And 05.03.2024 | |

नोट :– विशेष परिस्थिति में शिविर का स्थल एवं तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

ह0/–
जिला पशुपालन पदाधिकारी,
रामगढ़

PR 317312 (Animal Husbandry)23-24*D

# चुनावी वर्ष में केंद्रीय बजट से आम लोगों को है बहुत उम्मीद

# महंगाई कम करना हो प्राथमिकता

केंद्रीय बजट एक फरवरी को संसद में पेश होना है। चुनावी वर्ष के बिलकुल करीब पेश होने वाले इस बजट से लोगों को काफी उम्मीदें हैं। आम लोगों के मन में यह बात बैठी हुई है कि चुनावी वर्ष के इस बजट में केंद्र सरकार कुछ लोक लुभावन योजनाएं शुरू कर सकती है। लोगों का मानना है कि वजह चाहे जो भी हो यह बजट आम लोगों को लाभ देने वाला सिद्ध होगा। महंगाई कम करने वाला होगा। वहीं कुछ लोगों का मानना है कि इस बजट को देश की विकास को गति देने वाला होना चाहिए। देश के विकास में ही हम सभी का कल्याण है। बजट से संबंधित अपेक्षाओं और अन्य सभी मुद्दों पर राजधानी के विभिन्न वर्ग के लोगों से *राष्ट्रीय नवीन मेल संवाददाता रवि चंद कपूर* ने बात की। प्रस्तुत है राजधानी के व्यवसायियों का नजरिया।

### गरीब लोगों को मिले लाभ : धीरज नायक



धीरज नायक मेन रोड में कपड़े की दुकान चलाते है। उनका कहना है कि बजट के बारे में ज्यादा समझ नहीं है। कहा कि बजट में गरीबों को लाभ पहुंचाने वाले योजनाओं ज्यादा शामिल किया जाना चाहिए। इससे गरीब लोगों को लाभ मिलेगा और उनका जीवन स्तर में सुधार होगा, जिससे सभी का कारोबार में भी सुधार होगा।

### देश की विकास वाला हो बजट : दिनेश साहू



रांची के व्यवसायी दिनेश साहू का कहना है कि केंद्रीय बजट आम जनता को लाभ पहुंचाने और देश की विकास से संबंधित हो। जब देश तेजी से विकास करेगा तो बहुत सी समस्याओं को निष्पादन आसानी से हो जाएगा। उन्होंने कहा कि विकास की गति बढ़ने से रोजी-रोजगार, नौकरी और व्यवसाय का विकास होगा। जिससे जनता को लाभ होगा।

### सभी क्षेत्र के विकास वाला हो बजट : मो. जमाल



सैनिक मार्केट में करीम्स रेस्टोरेंट चलाने वाले मो जमाल कहते है कि बजट से लोगों को बहुत आशा रहती है। बजट ऐसा हो कि जिसमें सभी क्षेत्रों के विकास की योजनाएं रहे। इससे हर क्षेत्र में विकास की गति बढ़ेगी। जिससे देश के हर क्षेत्र में कार्य करने वाले लोगों की रोजी रोजगार और बुनियादी सुविधाओं की समस्याएं दूर होगी।

### इलेक्ट्रॉनिक्स व्यवसाय को मिले बढ़ावा : सरफे आलम



कारोबारी सरफे आलम ने कहा कि वर्तमान समय में इलेक्ट्रोनिक व्यवसाय की स्थिति बहुत अच्छी नहीं है। ऑनलाइन मार्केटिंग से इस कारोबार को बहुत बड़ा नुकसान हुआ है। इसलिए केंद्रीय बजट में यदि इलेक्ट्रोनिक व्यवसाय के विकास के लिए कोई योजना लायी जाय तो इससे लाखों लोगों को लाभ होगा।

### महंगाई कम करने वाला बजट हो : पायल



बुटी मोड़ निवासी सामाजिक कार्यकर्ता और गृहणी पायल सोनी चाहती है कि बजट ऐसा आये, जिससे महंगाई कम हो। क्योंकि महंगाई के कारण परिवार चलाने में दिक्कत हो रही है। एक गृहणी के लिए महंगाई सबसे बड़ी समस्या है।

### महंगाई कम करने की योजना हो : मुकेश सिंह



रातू रोड निवासी मुकेश सिंह का कहना है कि वह प्राइवेट नौकरी करते है। पिछले कुछ सालों में महंगाई बढ़ने से सबसे ज्यादा परेशानी गरीब लोगों को रही है। यह चुनावी वर्ष का बजट है आशा करते है कि महंगाई पर लगाम लगेगा।

### महंगाई कम करने वाला बजट हो : जितेश मुंजाल



अल्बर्ट एक्का चौक में रेडिमेड कपड़े की दुकान चलाने वाले जितेश मुंजाल का कहना है कि बजट ऐसा बने जिससे महंगाई कम हो। पिछले कुछ सालों में महंगाई तेजी से बढ़ी है, जिससे सभी का कारोबार प्रभावित हुआ है। महंगाई के कारण बिक्री में कमी आयी है, जिससे कारोबारियों के समक्ष परेशानी आ रही है।

### बजट में महंगाई रोकने का उपाय हो : राजेश सिंह



राजेश कुमार सिंह अल्बर्ट एक्का चौक के समीप खैनी की दुकान के संचालक है। आने वाले केंद्रीय बजट पर उन्होंने कहा कि हमलोग तो कमाने और खाने वाले है। बजट से बहुत फायदा होता है यह आजतक समझ में नहीं आया। कहा कि आशा करते है कि केंद्र सरकार ऐसा बजट पेश करे, जिससे बढ़ती महंगाई पर रोक लगाया जा सके।

### युवाओं को रोजगार देने वाला हो बजट : यशित भसीन



बीआईटी में रहने वाले बीटेक पास यशित भसीन का कहना है कि बजट में युवाओं को रोजगार देने की व्यवस्था हो। क्योंकि पढ़ाई पूरा करने के बाद भी देश में करोड़ों की संख्या में युवा बेरोजगार है और नौकरी की तलाश में भटक रहे है। रोजगार देने वाला बजट हो तो करोड़ों युवाओं का भविष्य संवर सकता है।

### इलेक्ट्रॉनिक्स कारोबार को मिले मदद : नफीस अख्तर



रोशपा टॉवर में ऑक्टल कंप्यूटर के संचालक नफीस अख्तर कहते है कि ऑनलाइन बिजनेस के कारण इलेक्ट्रोनिक्स व्यवसाय में काफी गिरावट आयी है। इससे इस व्यवसाय से जुड़े कारोबारियों के समक्ष भविष्य की चिंता है। इसलिए बजट में यदि इस व्यवसाय को बढ़ावा देने वाली योजना रहेगी तो कारोबारियों को लाभ होगा।

## एक नजर

### अतिथि शिक्षकों का अनिश्चितकालीन धरना

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले अतिथि शिक्षक विवि मुख्यालय के बाहर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं। धरने पर लगभग 50 शिक्षक बैठे हैं। संघ के अध्यक्ष अरविंद प्रसाद ने कहा कि जब तक उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के संकल्प का अनुपालन नहीं किया जाता है। तब तक हम लोग इसी तरह रांची विश्वविद्यालय परिसर में धरने पर बैठे रहेंगे। संघ के उपाध्यक्ष डॉ अमित कुमार ने कहा कि रांची विश्वविद्यालय जब तक अधिसूचना जारी नहीं करता है तब तक आंदोलन चलता रहेगा। विश्वविद्यालय प्रशासन को यह ध्यान में रखना चाहिए कि संबंधित कॉलेजों और विभागों का संपूर्ण कार्य अतिथि शिक्षकों के भरोसे चलता है। अगरआंदोलन जारी रहा तो विश्वविद्यालय में अध्ययन-अध्यापन कार्य ठप हो जायेगा।

### आदिवासी एकता महारैली को लेकर बैठक

**रांची।** भाजपा आरएसएस की आदिवासी विरोधी नीतियां और आदिवासी समुदाय को आपस में लड़ाकर बांटने की षडयंत्र के खिलाफ 4 फरवरी को मोरहाबादी मैदान आदिवासी एकता महारैली की जाएगी। रैली की तैयारी को लेकर एक बैठक हुई। इस अवसर पर पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि आदिवासी एकता महारैली राज्य के विभिन्न आदिवासी व सरना समितियों और सभी आदिवासी समुदाय सवालों को उठाने, उनके हक अधिकारों को बचाने के लिए आयोजित किया गया है। आदिवासी एकता महारैली आयोजन समिति के संयोजक लक्ष्मीनारायण मुंडा ने कहा कि आदिवासी समुदाय को डीलिस्टिंग के नाम पर आपस में लड़ाने, उनके अस्तित्व और संवैधानिक अधिकारों को समाप्त करने में लगी हुई है। बैठक में प्रभाकर तिर्की, दयामनी बारला, बासवी किड़ो आदि थे।

## माध्यमिक व इंटर परीक्षा 6 फरवरी से जिले में बनाये गए हैं 157 केंद्र

### रांची में मैट्रिक के 38041 व इंटर के 43175 परीक्षार्थी, ओआरएम शीट पर नही होगी परीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा के निर्देश पर मंगलवार को जैक द्वारा आयोजित की जाने वाले वार्षिक माध्यमिक व इंटरमीडिएट परीक्षा के संचालन के लिए बैठक हुई। जैक की वार्षिक माध्यमिक व इंटरमीडिएट परीक्षा 6 फरवरी से प्रारंभ होकर 26 फरवरी तक संचालित होगी। परीक्षा एक ही टर्म में आयोजित की जायेगी। माध्यमिक परीक्षा प्रथम पाली में सुबह 9:45 बजे से दोपहर एक बजे तक संचालित होगी। जबकि वार्षिक इंटरमीडिएट परीक्षा द्वितीय पाली में दोपहर दो बजे से शाम 5:15 बजे तक संचालित होगी। ओएमआर शीट के माध्यम से परीक्षा आयोजन की प्रकिया तत्काल प्रभाव से रद्द की गयी है।



#### माध्यमिक के लिए 100 परीक्षा केंद्र

माध्यमिक परीक्षा के लिए रांची जिला में कुल 100 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। जिनमें कुल 38041 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। ये परीक्षा केन्द्र जिला मुख्यालय, अनुमण्डल मुख्यालय एवं संबंधित प्रखण्ड मुख्यालयों में निर्धारित किये गये हैं।

#### बैंकों में रखे जाएंगे प्रश्न पत्र

सैद्धांतिक परीक्षा के लिए प्रश्न पत्र-सह-उत्तर पुस्तिका के गोपनीय पैकेट्स संबंधित प्रखण्ड के राष्ट्रीयकृत बैंकों में सुरक्षित रखने की व्यवस्था की गई है। जिला मुख्यालय में अवस्थित केन्द्रों के गोपनीय पैकेट्स जिला मुख्यालय स्थित कोषागार व बजगृह में रखे जा रहे हैं।

#### 57 केंद्रों में होगी इंटरमीडिएट परीक्षा

परीक्षा के लिए रांची जिला में कुल 57 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। जिनमें कुल 43175 परीक्षार्थी भाग लेंगें। ये सभी परीक्षा केन्द्र जिला मुख्यालय एवं बुण्डू अनुमण्डल, खलारी एवं सिल्ली प्रखण्ड में बनाये गये हैं। केंद्र बनाते समय इस बात का ध्यान रखा गया है कि किसी को परेशानी न हो।

### झाछमो ने वीसी को ज्ञापन सौंप कर सर्वर ठीक कराने की मांग

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय पीजी सेमेस्टर 3 में हो रहे ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरने में सर्वर डाउन और पेमेंट में कार्ड सिस्टम से बहुत परेशानी हो रही हैं। जिससे अभ्यर्थी फॉर्म नहीं भर पा रहे है। छात्रों की समस्या को लेकर झारखंड छात्र मोर्चा का एक प्रतिनिधिमंडल रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा से मिलकर मांगपत्र सौंपा। जिसमें छात्रों की समस्याओं को देखते हुए शीघ्र सर्वर डाउन की समस्या को दूर करने और पेमेंट में यूपीआइ सिस्टम को लागू करने की मांग की गयी है। मोर्चा के प्रतिनिधियों की मांग पर कुलपति ने तुरंत परीक्षा नियंत्रक को सर्वर ठीक करने, पेमेंट में यूपीआई सिस्टम को लागू करने का आदेश दिया। ज्ञापन देने वालों में झारखंड छात्र मोर्चा रांची विश्वविद्यालय अध्यक्ष अमन तिवारी, उपाध्यक्ष भास्कर महतो, अतिकुर रहमान और अल्ताफ राजा शामिल थे।

### शहीद दिवस पर ग्रामीण विकास विभाग में शहीदों को किया गया नमन

**रांची।** शहीद दिवस के अवसर पर मंगलवार को ग्रामीण विकास विभाग सभागार में भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहूति देने वाले शहीदों को याद किया गया। शहीदों की स्मृति में विभाग के पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने 2 मिनट का मौन रखकर प्रार्थना किया। मौके पर ग्रामीण विकास विभाग सचिव चंद्रशेखर ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के मौके पर हर वर्ष शहीद दिवस मनाया जाता है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं सभी स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति हमारी कृतज्ञता तभी सार्थक होगी। जब हम सभी उनके बताये मार्ग पर चलते हुए समाज एवं राष्ट्र निर्माण में अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करेंगे।




### डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को किया गया याद


**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल में प्रार्थना सभा में महात्मा गांधी की 76 वीं पुण्य तिथि मनायी गयी। प्राचार्य एसके मिश्रा ने शिक्षकों व विद्यार्थियों के साथ महात्मा गांधी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि आज के वर्तमान परिप्रेक्ष्य में भी 'बापू' प्रासंगिक हैं। वे सत्य-अहिंसा के पुजारी थे। उन्होंने सत्य-अहिंसा के बल पर ब्रिटिश हुकूमत को हिला कर रख दिया था। गांधी जी का जीवन हम सबके लिए एक बहुत बड़ी मिसाल है। उनका मानना था कि व्यक्ति को सदैव अपने लक्ष्य और विचारों के प्रति निष्ठावान होना चाहिए। वे संकल्प को एक बहुत बड़ी शक्ति के रूप में मानते थे। महात्मा गांधी की आत्मकथा सत्य के प्रयोग हम सबको अपने आपको आंकने, मापने और अपने विकारों को दूर कर सत्य पर डटे रहने की प्रेरणा देती है। इस अवसर पर विद्यालय के संगीत शिक्षक इंद्रजीत दत्ता ने गांधी जी का सबसे प्रिय भजन वैष्णव जन तो तेने कहिए गाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया।

### डीसी ने ईवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण

**रांची।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने मंगलवार को मोरहाबादी स्थित ईवीएम वेयर हाउस का मासिक (बाह्य) निरीक्षण किया। इस दौरान रांची के उप निर्वाचन पदाधिकारी विवेक कुमार सुमन समेत अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान डीसी ने उप निर्वाचन पदाधिकारी को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बता दें कि निर्धारित समय पर ईवीएम वेयर हाउस की स्थिति का निरीक्षण कर रख-रखाव, सुरक्षा एवं तकनीकी उपकरणों की स्थिति से संबंधित रिपोर्ट राज्य निर्वाचन विभाग को देनी होती है। डीसी ने बताया कि यह रूटिन कार्य है, भारत निर्वाचन आयोग दिशा निर्देश पर निर्धारित समय में जांच कर रिपोर्ट भेजी जाती है।



### श्री श्याम मित्र मंडल का स्थापना दिवस सह रंग रंगीलो उत्सव 17 मार्च से



**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल रांची का 52 वां स्थापना दिवस सह पांच दिवसीय रंग रंगीलो श्री श्याम फागुन अमृत महोत्सव 17 मार्च से प्रारंभ होगा। हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में उत्सव का प्रथम पोस्टर का लोकार्पण किया गया। फागुन उत्सव के लिए मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू को संयोजक मंडल के कोषाध्यक्ष, पंकज गाड़िया को उप संयोजक एवं उपमंत्री आदित्य लोहिया को उप संयोजक बनाया गया है। जानकारी देते हुए गौरव अग्रवाल ने बताया कि फागुन सुदी अष्टमी 17 मार्च को सुबह 7:30 बजे गणेश पूजन व ध्वज स्थापना के साथ शुरू होगा।

## सीबीएसई आर्यभट्ट गणित चैलेंज में डीपीएस का शानदार प्रदर्शन




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची। सीबीएसई आर्यभट्ट गणित चैलेंज 2023 में दिल्ली पब्लिक स्कूल रांची के विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी उत्कृष्ट गणितीय क्षमता एवं अद्भुत मेधा शक्ति का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा आयोजित आर्यभट्ट गणित चैलेंज 2023 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया है। इस प्रतियोगिता में आदि अग्रवाल, आयुषी सिंह और समरथ राज (सभी दसवीं कक्षा से) ने सीबीएसई के पटना रीजन में टॉप 100 विद्यार्थियों की सूची में स्थान हासिल किया है। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ राम सिंह ने विद्यार्थियों की शानदार सफलता पर खुशी जताई और उन्हें हार्दिक बधाई दी। उन्होंने सफल विद्यार्थियों को अपने आगामी प्रयासों में अधिक से अधिक ऊंचाई हासिल करने के लिए प्रेरित किया।

## चाणक्य आईएएस एकेडमी में जेपीएससी के नए बैच की शुरूआत 6 फरवरी से

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

11वीं जेपीएससी की परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों के लिए चाणक्य आईएएस एकेडमी में नए बैच की शुरूआत 6 फरवरी से की जाएगी। उक्त जानकारी चाणक्य आईएएस एकेडमी के वाइस प्रेसिडेंट विनय मिश्रा ने दी। कहा कि इस बार चाणक्य आईएएस एकेडमी की ओर से ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों कक्षाएं रियायती दर पर शुरू की जा रही है। ताकि सुदूरवर्ती और आर्थिक रूप से कमजोर मेधावी छात्र भी परीक्षा की बेहतर तैयारी कर सफलता का परचम लहरा सके। श्री मिश्रा ने कहा कि 11वीं जेपीएससी के लिए आवेदन प्रक्रिया फरवरी माह से शुरू कर दी जाएगी। ऐसे में गुणवत्ता पूर्ण परीक्षा की तैयारी के लिए अभ्यर्थी चाणक्य आईएएस एकेडमी में नामांकन करा सकते हैं। संस्थान की



सबसे बड़ी विशेषता है कि यहां विषय विशेषज्ञों के माध्यम से कक्षाएं संचालित कराई जाती है। ऑनलाइन कक्षाओं में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को ऑनलाइन स्टडी मैटेरियल तथा ऑफलाइन कक्षाओं में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को भी कंप्लीट प्रिंटिंग स्टडी मैटेरियल संस्थान की ओर मुहैया कराई जाती है। नियमित टेस्ट सीरीज, स्मार्ट क्लासेज, अत्याधुनिक लाइब्रेरी, विशेष डाउट क्लासेज, अनुकूल वातावरण चाणक्य आईएएस एकेडमी में प्रदान किये जाने के साथ सक्सेस गुरू एके मिश्रा व मोटिवेशनल स्पीकर विनय मिश्रा का लगातार मार्गदर्शन अभ्यर्थियों को प्राप्त होता रहता है। जो उसके सफलता हासिल करने महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। बताते चलें कि चाणक्य आईएएस एकेडमी की शुरूआत वर्ष 1993 में हुई थी। फिलहाल चाणक्य आईएएस एकेडमी की 26 शाखाएं देश भर में संचालित है और अब 5000 से भी अधिक अभ्यर्थी सिविल सर्विसेज में सफल होकर देश सेवा में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। दसवीं जेपीएससी की परीक्षाओं में बड़ी संख्या में चाणक्य आईएएस एकेडमी के अभ्यर्थी सफलता का परचम लहरा चुके हैं। नामांकन के लिए इच्छुक अभ्यर्थी 9717679676 पर संपर्क कर अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### रोगियों के खाने पर 130 रुपये होता है खर्च पर नहीं मिलता भोजन के साथ पानी

## रिम्स में मरीज बूंद-बूंद पानी के लिए करते हैं जद्दोजहद

**अमित कुमार। रांची**

जहां 2000 मरीजो का ईलाज चलता है वहां रोजाना मरीज और उनके परिजनों को बूंद-बूंद पानी के लिए संघर्ष करना पड़ता है। चार फ्लोर में महज दो नल से ही थोड़ा थोड़ा पानी आता है। हम बात कर रहे हैं, राज्य के सबसे बड़े और विश्वसनीय सरकारी अस्पताल रिम्स की। जहां खाना तो मिलता है पर पानी नहीं मिलता। रिम्स में प्रत्येक दिन 1500 मरीज का ईलाज वार्ड के अंदर बेड पर तथा अन्य 500 मरीजो का ईलाज कमरे के बाहर गलीयारे में होता है। ऐसे में एक बोतल पानी भरने के लिए लंबी लाइन लगानी पड़ती है। पहले तल्ला पर दो एक्वा का पानी फिल्टर लगा है। जिसमें से एक पूरी तरह खराब है। दूसरा में स्टील के नल को हटा कर प्लास्टिक का नल लगा हुआ है। जिसमें से थोड़-थोड़ा कर के पानी निकलता है। यहां एक लीटर बोतल भरने में सात मिनट का समय लगता है। ग्राउंड फ्लोर पर पानी का व्यवस्था नहीं होने से वहां के भी मरीज पानी भरने यहीं आते है। ऐसे में भीड़ काफी होती है। तीसरे तल्ले पर भी दो फिल्टर लगे है जिसमें से एक पूरी तरह खराब है और दूसरे से बूंद-बूंद कर पानी निकलता है। चौथे तल्ले पर लगे दोनो फिल्टर खराब पड़ा हुआ है।



#### जलिंधर कुमार



गिरिडीह से आकर रुके हुए है। पिछले कई दिनों से पानी के लिए लोगो को जद्दोजहद करते देख रहें हैं। मरीज को पीने के लिए पानी बाहर से खरीद कर लाते हैं।

#### क्या कहते हैं मरीज के परीजन

#### शिव शंकर महतो



बोकारो से ईलाज के लिए यहां पिछले कई दिनों से है। पीने का पानी के लिए रोजाना खरीदना पड़ता है। राज्य का सबसे बड़ा अस्पताल का यह हाल है।

#### संजू देवी



कुडू से ईलाज के लिए आये है। पानी के लिए घंटो इंतजार करना पड़ता है। ऐसे में कई बार मरीज कि जिम्मेवारी किसी दुसरे मरीज के परीजनो को दे कर निकलते है।

**रिम्स के सहायक निर्देशक आरके गुप्ता से इसकी जानकारी लेने के लिए मुलाकात का प्रयास किया पर संभव नहीं हो सका। फोन किया गया पर बात नहीं हुई। मैसेज पर भी कोई कोई रिस्पांस नहीं मिला।**

**रोज 1500 मरीजों का बनता है खाना**

**रिम्स भोजनालय से रोजाना 1500 से अधिक मरीजो के लिए भोजन तैयार किया जाता है। सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार रिम्स एक मरीज पर प्रत्येक दिन 130 रुपये खर्च करती है। लेकिन भोजन के साथ पीने का पानी उपलब्ध नहीं कराया जाता है। पीने के पानी के लिए एक मात्र विकल्प बाहर से खरीदना होता है।**

### सीजीएल प्रश्नपत्र लिक मामले पर जेएसएससी का घेराव आज

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा संचालित सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक आउट होने का मामला तूल पकड़ते जा रहा है। इस मामले पर अभ्यर्थियों सहित कई छात्र संगठन सड़क पर उतर कर विरोध कर रहे है। प्रश्न पत्र लिक मामले की जांच की मांग को लेकर बुधवार को झारखंड स्टेट स्टूडेंट यूनियन द्वारा नामकुम स्थित जेएसएससी कार्यालय का घेराव किया जाएगा। घेराव की पूर्व संध्या पर मंगलवार की शाम को छात्र नेता देवेंद्रनाथ महतो के नेतृत्व में कैंडल मार्च निकाला गया। कैंडल मार्च जेल मोड़ से प्रारंभ होकर लालपुर चौक से प्लाजा चौक होते हुए अल्बर्ट एक्का चौक पहुंचा। जहॉ छात्रों ने मामले की सीबीआई से जांच की मांग को लेकर नारेबाजी और प्रदर्शन किया। अल्बर्ट एक्का चौक में छात्रों के प्रदर्शन के कारण करीब एक घंटे तक सड़क जाम की स्थिति बनी रही।

## आवश्यकता है

1994 से प्रकाशित आइपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित दैनिक **'राष्ट्रीय नवीन मेल'** को अपने रांची और डाल्टनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊर्जावान चीफ रिर्पोटर, समाचार संपादक, पेजिनेटर/सब एडिटर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिर्पोटर की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक 'राष्ट्रीय नवीन मेल', 502 बी, मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)।

## राज्यपाल ने महात्मा गांधी को पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि



राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने मंगलवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर राजभवन में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके अलावा राज्यपाल ने बापू वाटिका, मोरहाबादी, रांची में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि प्रकट की।

## पुण्यतिथि पर बापू को श्रद्धांजलि अर्पित की गई

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो और पार्टी के अन्य पदाधिकारियों ने केंद्रीय कार्यालय में उनकी छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की और उन्हें नमन किया। सुदेश कुमार महतो ने बापू को याद करते हुए कहा कि महात्मा गांधी के विचार और उनके सिद्धांत अनमोल है। यह आज भी प्रासंगिक है और हमेशा रहेंगे। महात्मा गांधी हमारे प्रेरणा स्रोत हैं। उन्होंने देश सहित पूरे विश्व को सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने का पाठ पढ़ाया था। हमें उनके दिखाए रास्ते पर संकल्पित होकर चलने की आवश्यकता है।

## सीएम ने बापू को किया नमन



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि (शहीद दिवस) पर मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बापू के दिखाए रास्ते हर युग में प्रासंगिक हैं। हम सभी को गर्व होना चाहिए कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जैसे शख्सियत हमारे देश में जन्मे और हमारा मार्गदर्शन किया। देश-दुनिया भी उनके आदर्श और विचारों का अनुसरण करती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभी बापू के विचार और संदेश को आगे बढ़ाने के लिए कृतसंकल्पित हैं। मौके पर सत्ता पक्ष के मंत्री व विधायक सहित अन्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# बाबूलाल और निशिकांत पर मानहानि का मुकदमा दर्ज कराएगी झामुमो : सुप्रियो

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि झामुमो भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ आपराधिक मुकदमा दर्ज करायेगी। भट्टाचार्य मंगलवार को हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि 29 जनवरी को ही मीडिया को बताया था कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन निजी काम से दिल्ली गये हैं। वे अब लौट भी आये हैं। इस बीच भाजपा के बाबूलाल मरांडी और निशिकांत दुबे ने मुख्यमंत्री को लेकर जिस तरह का वक्तव्य दिया है, वह शर्मनाक है। उनके खिलाफ पार्टी अब सीआरपीसी की धारा 499 (मानहानि) का केस करेगी। सीएम कोई व्यक्ति भर नहीं, अपने आप में एक संस्थान हैं। सुप्रियो ने कहा कि सीएम को मिसिंग बताते हैं और 11 हजार रुपये इनाम की बात करते हैं। बाबूलाल का संगठन सीएम को लेकर थाना तक चला जाता है। उन्होंने कहा कि जब मुख्यमंत्री ने यहां 31 जनवरी को ईडी को समय दिया हुआ है तो उनके दिल्ली आवास पर वह क्यों और कैसे पहुंच गयी। उसे यह अधिकार किसने दिया। दिल्ली आवास से 36 लाख रुपये कैश मिलने की बात कही जा रही। कौन जानता है कि बाबूलाल या ईडी ने ही इसे प्लांट कराया हो। मुख्यमंत्री के मिसिंग होने की बात करने वाले मुख्य विपक्षी दल और उनके नेता बताएं कि क्या मुख्यमंत्री भाजपा ऑफिस में बायोमेट्रिक अटेंडेंस देंगे?

एक सवाल पर कि आखिर मुख्यमंत्री रांची कैसे लौटे? सुप्रियो ने भड़कते हुए कहा कि मीडिया का ऐसा सवाल भ्रम पैदा करता है। संविधान में कहीं नहीं लिखा कि जो कोई भी जिस साधन (ट्रेन, प्लेन, बस) से कहीं जाए तो उसी से लौटे। कोरोना काल में महाराष्ट्र से हजारों लोग 2500 किमी पैदल चल कर यहां आए। मुख्यमंत्री भी आ गये, यही बहुत है। भले वे घुटने के बल चलकर आए हों। राजभवन को भी निशाने पर रखते कहा कि यह कौन सा पैनिक क्रिएट किया जा रहा, वे मुख्य सचिव, डीजीपी को अपने ही यहां रख लें। हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन का सीएम हाउस में विधायक संग बैठक में शामिल होने के सवाल पर सुप्रियो ने कहा कि दोपहर में हुई बैठक एक साथ जुटने और बापू वाटिका जाने को लेकर थी। कल्पना से राजनीति नहीं चलती। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि सीता सोरेन और रामदास सोरेन भी दिल्ली में हैं, पार्टी को मालूम है।

### रांची में आज सुबह नौ बजे से रात 10 बजे तक धारा 144 लागू

**रांची।** सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने शहर में बुधवार सुबह नौ बजे से रात दस बजे तक धारा 144 लागू किया है। एसडीओ ने संगठनों, दलों की ओर से धरना-प्रदर्शन, जुलूस, रैली किए जाने की सूचना को लेकर शहर में धारा-144 लागू करने का निर्देश दिया। एसडीओ ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से सरकारी कामकाज में बाधा उत्पन्न होती है। साथ ही साथ शहर में विधि-व्यवस्था और ट्रैफिक व्यवस्था की भी समस्या उत्पन्न होती है। साथ ही शांति भंग होने की आशंका को लेकर धारा 144 लागू किया गया है। यह राजभवन और मुख्यमंत्री आवास और ईडी ऑफिस के 100 मीटर की परिधि में लागू रहेगा।

### बैठक में शामिल नहीं हुए चार विधायक

**रांची।** इधर देर रात सत्तारूढ़ दलों के विधायको की बैठक में गठबंधन के चार विधायक नहीं पहुंचे। इनमें सीएम की भाभी विधायक सीता सोरेन, गुमला विशुनपुर के विधायक चमरा लिंडा, लोबिन हेंब्रम और बीमार चल रहे रामदास सोरेन शामिल हैं।

## हेमंत सोरेन ने मुख्यमंत्री पद की गरिमा ही खत्म कर दी : सुदेश महतो

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने मंगलवार को कहा कि हेमंत सोरेन ने मुख्यमंत्री पद की गरिमा खत्म कर दी है। साथ ही राज्य की छवि भी लगातार बिगाड़ रहे हैं। उन्हें यह बताना चाहिए कि जब दिल्ली में ईडी की टीम उनके आवास पर पहुंची तब वे कहां थे। फिर वे किस रास्ते से लौटे। उनकी गतिविधियों से संशय और भ्रम की स्थिति बनी हुई है। उन्होंने कहा कि ईडी सोरेन पूछताछ करना चाहती है।

यदि उन्होंने कोई गलती नहीं की है, तो बेहिचक इसका सामना करना चाहिए। सरकार और उनकी पार्टी शासन का दुरुपयोग कर राज्य का माहौल खराब करने में जुटी है जबकि राज्य में विधि व्यवस्था को लेकर राज्यपाल लगातार चिंता जाहिर कर रहे हैं।

### वन नेशन वन इलेक्शन नए भारत की आकांक्षा को दर्शाता है : डॉ देवशरण भगत

आजसू पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में वन नेशन-वन इलेक्शन विषय पर आयोजित बैठक में केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने कहा कि एक राष्ट्र-एक चुनाव के लक्ष्य को प्राप्त कर सकें तो आधुनिक भारत के लोकाचार प्रतिबिंबित हो सकते हैं। वन नेशन वन इलेक्शन नए भारत की आकांक्षा को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन विषय पर विस्तृत चर्चा हुई। देश को वन नेशन वन इलेक्शन की ओर बढ़ना चाहिए। इसके लागू होने से देश की प्रगति आगे बढ़ेगी और चुनाव में होने वाले खर्च में काफी कमी आएगी।

## झारखंडवासियों से माफी मांगें मरांडी : अनिता यादव

**रांची।** राजद की प्रदेश उपाध्यक्ष अनिता यादव ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की ओर से सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गुमशुदा का पोस्ट डालने पर आपत्ति जतायी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने यह पोस्ट डालकर एक आदिवासी नेता के साथ-साथ पूरे झारखंड की छवि खराब की है। इसके लिए उन्हें माफी मांगनी चाहिए। अगर आप बात के पक्के हैं, तो झारखंडवासियों के अकाउंट में 11000 भेज दें।



## क्या सड़क मार्ग से दिल्ली से रांची पहुंचे सीएम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

माना जा रहा है कि सत्तारूढ़ गंठबंधन को मुख्यमंत्री के ठिकाने की पक्की जानकारी थी। कांग्रेस की विधायक अंबा प्रसाद ने सोमवार की शाम मीडिया से कहा था कि 30 जनवरी को दोपहर दो बजे के बाद सीएम हाउस में सत्तारूढ़ गठबंधन के विधायकों की बैठक होनी है। इसमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी मौजूद रहेंगे। वहीं झामुमो प्रवक्ता सह महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने बाबूलाल मरांडी पर तंज कसते हुए कहा था कि वह सीएम से अपॉइंटमेंट के लिए आवेदन दें सीएम से मिलवा देंगे। अनुमान लगाया जा रहा है कि सीएम सड़क मार्ग से दिल्ली से रांची लौटे हैं।

### मरांडी ने 11 हजार के इनाम की घोषणा की

इधर भारतीय जनता पार्टी के नेताओं-कार्यकताओं ने सीएम लापता के बैनर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने तो सोशल मीडिया एक्स पर ऐलान किया है कि 40 घंटे से लापता सोरेन को ढूंढ़ने वाले को वह अपनी ओर से ग्यारह हजार रुपए का इनाम देंगे।

## बाबूलाल ने जेएसएससी परीक्षा में हुए भ्रष्टाचार पर हेमंत सरकार को घेरा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने जेएसएससी परीक्षा में हुए भ्रष्टाचार पर बड़ा निशाना साधा। उन्होंने कहा कि चार वर्षों से हेमंत सरकार में केवल लूट और भ्रष्टाचार हुआ है। यह सरकार कोयला, लोहा, बालू, पत्थर और जमीन की तरह युवाओं की नौकरी भी लुटवा रही। बाबूलाल मरांडी मंगलवार को प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जेएससीसी की परीक्षा अपरिहार्य कारण से नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार उजागर होने के कारण रद्द करनी पड़ी है। परीक्षा के पहले ही प्रश्न पत्र सोशल मीडिया ग्रुप में घूम रहे थे। बेरोजगार अभ्यर्थियों से 35 लाख से लेकर 50 लाख रुपये तक लेकर प्रश्न पत्र बेचे गए।

## पत्थर कारोबारी कृष्णा साहा के डिस्चार्ज पीटिशन पर सुनवाई पूरी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

ईडी के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत में मंगलवार को साहिबगंज के पत्थर कारोबारी कृष्णा कुमार साहा की ओर से दायर डिस्चार्ज पिटीशन की सुनवाई मंगलवार को ईडी कोर्ट में हुई। मामले में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी हो गई। इसके बाद अदालत ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया। मामले में कोर्ट पांच फरवरी को अपना आदेश सुनायेगी।

## झारखंडी रंग में रंगी नजर आएगी राहुल की भारत जोड़ो न्याय यात्रा : गुलाम मीर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



- कांग्रेस जनों के पास इतिहास रचने का वक्त, ऐसा मौका बार-बार नहीं मिलता
- पाकुड़ में राहुल और यात्रा में शामिल लोगों का होगा ऐतिहासिक स्वागत

भारत जोड़ो न्याय यात्रा की सफलता को लेकर कांग्रेस भवन में प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारी एवं वरिष्ठ नेताओं की बैठक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर के अध्यक्षता में संपन्न हुई' जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी गुलाम मोहम्मद मीर उपस्थित थे। बैठक में पूरे कार्यक्रम के संदर्भ में विस्तार से चर्चा की गई' यात्रा के विभिन्न चरणों एवं संभावित सभा स्थलों,जनसंपर्क अभियान आदि की समीक्षा की गई' इस अवसर पर गुलाम अहमद मीर ने कहा की झारखंड में राहुल जी की न्याय यात्रा कांग्रेस जनों के लिए परीक्षा की घड़ी है' कांग्रेस जनों के बीच न्याय यात्रा को लेकर उत्साह है' परंतु इस यात्रा के असली उद्देश्यों यानी न्याय के पांच स्तंभों को जनता के पास पहुंचना ही यात्रा की सफलता का परिचायक होगा। उन्होंने कहा कि आज झारखंड के कांग्रेस जनों के पास इतिहास रचने का वक्त है और ऐसा मौका बार-बार नहीं मिलता। झारखंड में न्याय यात्रा की ऐतिहासिक सफलता केंद्र सरकार द्वारा झारखंड की जनता के खिलाफ रचे जा रहे हैं' कुचक्रो चक्र का मुंह तोड़ जवाब होगा। उन्होंने कहा कि झारखंडी अवाम जूनून की पक्की है और उनके जज्बे को देखकर लग रह है कि यात्रा पूरे झारखंड में झारखंडी रंग में रंगी नजर आयेगी। बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस जनों के खून में ही मेहनत और संघर्ष दौड़ता है। सत्ता लोलुप केंद्र सरकार झारखंड की लोकतांत्रिक सरकार गिराना चाहती है परंतु न्याय यात्रा की सफलता से उनके नेताओं के मंसूबों की धज्जियां उड़ जाएगी। विधायक दल नेता आलमगीर आलम ने कहा कि यात्रा हमारे गृह जिले और विधानसभा क्षेत्र से झारखंड में प्रवेश करेगी पूरे पाकुड़ में राहुल और भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल लोगों का ऐतिहासिक स्वागत होगा। बैठक को अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सचिव चेतन चौहान, पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बन्धु तिर्की, मंत्री बन्ना गुप्ता, ने भी संबोधित किया। बैठक में प्रदीप तुलस्यान, अनवार अहमद अंसारी, रांजीव रंजन प्रसाद, रवीन्द्र सिंह, अमुल्य नीरज खलखो, संजय लाल पासवान, अजय नाथ शाहदेव, मदन मोहन शर्मा, राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुंजनी, विनय सिन्हा दीपू, सोनाल शांति, कमल ठाकुर, आभा सिन्हा, डॉ एम तौसीफ, जगदीश साहु, निरंजन पासवान, जेबा खान, डॉ बिरसा उरांव, खुर्शीद हसन रूमी, डॉ संजय सिंह, राजेश सिन्हा सन्नी, डॉ कुमार राजा, ईश्वर आंनद, बेलस तिर्की, चंचल चटर्जी, गजेन्द्र सिंह, गुंजन सिंह, नेली नाथन आदि शामिल थे।

## गुमशुदा बच्चों की बरामदगी के लिए राज्य सरकार ने क्या कदम उठाए : हाईकोर्ट

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**





झारखंड हाई कोर्ट में साहिबगंज में चाइल्ड ट्रैफिकिंग से जुड़े एक मामले में आरोपित कुलदेव साह की दो क्रिमिनल अपील मामले की सुनवाई मंगलवार को हुई। मामले के अनुसंधानकर्ता (आईओ) कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए। उन्होंने कोर्ट को बताया कि गुमशुदा दोनों बच्चों की तलाश जारी है। उनकी ओर से कोर्ट को यह भी बताया गया कि साहिबगंज एसपी के दिशा निर्देश पर दिल्ली गई अनुसंधान की टीम ने दिल्ली के विभिन्न इलाकों से बीते दिनों 20 लड़कियों को बरामद किया है। इनमें से 16 नाबालिग हैं जबकि चार लड़कियां बालिग हैं।

जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने अनुसंधानकर्ता से मौखिक कहा कि तलाश जारी रखें। गुमशुदा दोनों बच्चे भी मिल जाएंगे। इसके अलावा ट्रैफिकिंग के शिकार अन्य बच्चे भी बरामद हो सकेंगे। कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश देते हुए पूछा है कि गुमशुदा दोनों बच्चों की बरामदगी के लिए क्या कदम उठाए गए हैं? कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 19 फरवरी निर्धारित की है। प्रतिवादी की ओर से अधिवक्ता प्रत्यूष लाला एवं अधिवक्ता दीपक साहू ने पक्ष रखा। कुलदेव साह और वीरेंन साह के खिलाफ परिवादी एम हेंब्रम ने साहिबगंज कोर्ट में अपने बेटे की चाइल्ड ट्रैफिकिंग करने को लेकर कंप्लेंन केस संख्या 148/2022 दर्ज कराई थी। उनका बच्चा वर्ष 2018 से लापता है।

## संक्षिप्त खबरें

### अंजुमन इस्लामिया के गणित और फिजिक्स ओलंपियाड के विजेताओं को सम्मानित किया गया



**रांची।** मौलाना आजाद हॉल अंजुमन प्लाजा रांची में अंजुमन इस्लामिया रांची के मौलाना आजाद लाइब्रेरी कोचिंग सेंटर द्वारा एजुकेशन अवार्ड का कार्यक्रम आयोजन किया गया है। जिसमें मैथ्स और फिजिक्स ओलंपियाड में अच्छे प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय गान और कुरान की तिलावत के साथ शुरू हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुबोधकांत सहाय पूर्व केंद्रीय मंत्री, रामटहल चौधरी पूर्व सांसद रांची, अंजुमन इस्लामिया के सदर हाजी मुख्तार अहमद अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष कमाल खान मौजूद थे। कार्यक्रम में पिछले दिनों अंजुमन इस्लामिया मैथमेटिक्स और फिजिक्स ओलंपियाड में क्लास सिक्स के पहले तीन विजेताओं को अतिथियों ने सम्मानित किया। मैथ्स ओलिंपियाड में क्लास छह के जैनब अंसारी प्रथम, सकफिया कनितीन कैंटीन सेकंड, मोहम्मद अरमान आलम थर्ड, वर्ग 7 के नोमान अहमद प्रथम, जूबेरिया तनवीर सेकेंड, रजिया परवीन थर्ड स्थान पर रहे। वर्ग 8 में इकरा फातिमा प्रथम स्थान, मुनकद रजा सेकेंड, फतीमा नाज थर्ड, क्लास नाइन की दानिश अफरोज प्रथम, सेकेंड मोहम्मद रहीद, थर्ड तहरीमा फातिमा रही। वही अंजुमन इस्लामिया फिजिक्स ओलंपियाड में वर्ग 6 के अहिल अजहर प्रथम, अबू अनस सेकंड, जैरा अख्तर थर्ड, वर्ग 7 के असद आदिल प्रथम, आयशा तहरीन सेकंड, जुबेरिया तनवीर थर्ड, वर्ग 8 इकरा फातिमा प्रथम, अलशिफा अंजुम सेकंड, मसीरह फातिमा थर्ड, वर्ग नाइन मोहम्मद राशिद प्रथम, मोहम्मद हुजैफा सेकंड, उजमा इरम थर्ड, वर्ग 10 समायरा फातिमा प्रथम, मोहम्मद साहिल अंसारी सेकंड, आफिया फातिमा थर्ड स्थान पर रही। इन सभी लोगों को सभी अतिथियों ने सम्मानित किया। इस मौके पर बोलते हुए रामटहल चौधरी ने कहा कि बेटा हो या बेटी सबको पढ़ना चाहिए। शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है। हर अभिवावक को शिक्षा पर ध्यान देने की जरूरत है। अंजुमन इस्लामिया के द्वारा की जा रहे यह पहल सराहनीय है। इस मौके पर बोलते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने कहा कि अंजुमन इस्लामिया शिक्षा पर विशेष ध्यान दे रहा है। यह स्लम और जरूरतमंद बच्चों के बीच शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने का लगातार काम कर रहा है। अंजुमन इस्लामिया के सदर हाजी मुख्तार ने कहा इसी क्रम में अंजुमन इस्लामिया के इतिहास में पहली बार गणित और फिजिक्स का ओलंपियाड आयोजित कर छुपे हुए प्रतिभाओं को उभारने का काम रहा है अंजुमन इस्लामिया के मौलाना आजाद लाइब्रेरी एंड कोचिंग सेन्टर के अजुकाशन कन्वेनर मो लतीफ आलम ने कहा रांची की टीम को बहुत बहुत बधाई है। कार्यक्रम में मोहम्मद लतीफ आलम कन्वीनर, मौलाना आजाद लाइब्रेरी एंड कोचिंग सेंटर अंजुमन इस्लामिया रांची, मेंबर नूर आलम, साजिद उमर शाजहद बबलू, अधिवक्ता सुल्तान, सरफराज, साहब पूर्व पार्षद असलम, पूर्व पार्षद सलाउदी ऊर्फ संजू,साहब फातिमा गर्ल्स एंड बॉयज अकादमी के डायरेक्टर नसीम अनवर नदवी, डॉक्टर इकबाल हुसैन, कांके अंजुमन के सदर रहमान साहब, पुनदाग अंजुमन के सदर जाकिर अंसारी, बढ्मू अंजुमन के सदर तस्लीम अंसारी, रातु अंजुमन के अताउल्लाह अंसारी, अरशद जिया अफजल हीना निशात उजमा कौशर इम्तियाज, अबू नसर, हाफी जावेद साहब समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

### गांधी के विचार हमेशा पथ प्रदर्शक एवं प्रेरणाश्रोत रहेंगे : गुलाम अहमद मीर





**रांची।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का शहादत दिवस कांग्रेस भवन में प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर की अध्यक्षता में मनाई गयी। मौके पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के महासचिव और झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने राष्ट्रपिता की तस्वीर पर फूल माला चढ़ाकर श्रद्धासुमन अर्पित किया। मौके पर गुलाम अहमद मीर ने कहा कि महात्मा गांधी की विचारधारायें, सत्य और अहिंसा का पथ एवं सहिष्णुता का संदेश संपूर्ण विश्व के लिए हमेशा पथ प्रदर्शक एवं प्रेरणाश्रोत रहेंगे। उन्होंने कहा कि अहिंसा के पुजारी बापू की पुण्यतिथि पर स्मरणपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एक महान दार्शनिक थे, जिनके सिद्धांत न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया में लोग आत्मसात कर रहे हैं। यही वजह है कि गांधी को पूरी दुनिया में एक प्रेरणास्त्रोत के रूप में जाना जाता है। मीर ने बापू को युगांतरकारी परिवर्तन के लिए आदर्शों का सच्चा मसीहा बताया, जिन्होंने न सिर्फ भारत के स्वतंत्रता संग्राम के आंदोलन को अहिंसात्मक तरीके से अंजाम तक पहुंचाकर आजादी का गौरव दिलाया।

### आइएएस मंजूनाथ भजंत्री की याचिका पर सुनवाई 13 फरवरी को

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में देवघर के पूर्व उपायुक्त (वर्तमान में जमशेदपुर डीसी) मंजूनाथ भजंत्री के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने एवं चुनावी कार्यों से उन्हें अलग रखने के इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया (ईसीआई) के आदेश के खिलाफ दायर याचिका की सुनवाई मंगलवार को हुई। मामले में कोर्ट ने मेंटीबिलिटी पर बहस के लिए 13 फरवरी की तिथि निर्धारित की है। इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया की ओर से अधिवक्ता एके सिंह एवं शिवम कुमार ने पैरवी की। इलेक्शन कमिशन आफ इंडिया की ओर से मामले में जवाब दाखिल किया जा चुका है। इलेक्शन कमिशन आफ इंडिया की ओर से बताया गया है कि मंजूनाथ ने मधुपुर उप चुनाव के दौरान दुर्भावना व राजनीति से प्रेरित होकर सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ पांच प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसलिए इन पर विभागीय कार्रवाई की जाए और आने वाले चुनाव में इन्हें इलेक्शन ड्यूटी से मुक्त रखा जाए। मामले में राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता पीसी सिन्हा ने पैरवी की। देवघर के पूर्व उपायुक्त मंजूनाथ ने दायर याचिका में कहा है कि चुनाव आयोग, भारत सरकार ने उन पर विभागीय कार्रवाई चलाने का आदेश दिया है। साथ ही कहा है कि आने वाले किसी चुनाव से उन्हें अलग रखा जाए जबकि चुनाव आयोग को राज्य सरकार के अधिकारी के खिलाफ इस तरह के आदेश देने का कोई अधिकार नहीं है।

### राज्य के 35 हजार सरकारी स्कूलों में शहीद दिवस पर दी गयी मौन श्रद्धांजलि

**रांची।** राज्य के सभी सरकारी स्कूलों में मंगलवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और स्वतंत्रता संग्राम में शहीद होने वाले वीरो को मौन श्रद्धांजलि दी गयी। राज्य सरकार के निदेर्शानुसार राज्य के 35000 स्कूलों में आज पूर्वाह्व 11 बजे स्मृति सह मौन सभा का आयोजन किया गया। इसमें स्कूल के शिक्षक, एसएमसी सदस्य समेत सभी बच्चों ने भाग लिया। इस सभा में बच्चों को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के राष्ट्र के प्रति समर्पण और स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने वाले वीर शहीदों के जीवन से जुड़ी प्रेरक भाषण व पाठ्येत्तर गतिविधियां भी कराई गयी। बच्चों ने इस दौरान दो मिनट का मौन रखकर बापू और शहीदों को श्रद्धांजलि दी और उनके जीवन से प्रेरणा लेकर देश के प्रति सच्चा समर्पण और स्वयं को राष्ट्र सेवा में आत्मसात करने का संकल्प लिया। इस स्मृति सभा में स्कूल के आस पास रहने वाले अभिभावकों ने भी हिस्सा लिया।

## एक नजर

### समानता और स्वतंत्रता के संघर्ष की याद दिलाता है शहीद दिवस : आयुक्त

**हजारीबाग।** उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय में भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में शहीद दिवस पर पूर्वाहन 11 बजे 2 मिनट का मौन धारण किया गया। प्रमंडलीय आयुक्त सुमन कैथरीन किस्पोट्टा संग सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों ने मौन धारण कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित किया। मौके पर आयुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि यह दिन देश की आजादी के लिए किए गए बलिदान, न्याय और समानता के लिए जारी संघर्ष की याद दिलाता है। मौके पर आयुक्त के सचिव बासुदेव प्रसाद, अवर सचिव रास बिहारी प्रसाद,उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।

### भाजपा जिला अध्यक्ष को किसान मोर्चा ने दी बधाई



**हजारीबाग।** भारतीय जनता पार्टी हजारीबाग के नए जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह को हजारीबाग का जिला अध्यक्ष मनोनीत होने के बाद मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री मनमीत अकेला यादव एवं जैविक कृषि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सह हजारीबाग जिला सांसद प्रतिनिधि अनूप भाई समेत भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष आशीष कुमार मेहता ने विवेकानंद सिंह के आवास पहुंचकर माला पहनाकर एवं पुष्प गुच्छ भेटकर बधाई दिया जिस पर अनूप भाई ने बताया कि हमारे प्रदेश के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह एवं प्रदेश नेतृत्व को हजारीबाग की पूरी टीम की ओर से बधाई दिया और कहा कि कार्यकर्ता को संगठन में मान सम्मान मिला।

### 'गांव चलो अभियान' के तहत मांडू भाजपा मंडल के कार्यकर्ताओं ने की बैठक

रामगढ़ । कुजू पूर्वी पंचायत सचिवालय में भाजपा मांडू मंडल के कार्यकर्ताओं ने गांव चलो अभियान के तहत बैठक का आयोजन किया । बैठक की अध्यक्षता मांडू मंडल अध्यक्ष तोकेश सिंह व संचालन महामंत्री अशोक कुमार ने किया। धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष रतन साहू ने किया। बैठक मे मुख्य रूप से भाजपा के जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रंजीत सिन्हा, जिला महामंत्री प्रो खिरोधर प्रसाद साहू, सांसद प्रतिनिधि जगेश्वर प्रजापति, जिला मंत्री राजेंद्र उर्फ राजू कुशवाहा शामिल हुए। इस दौरान मौजूद अतिथियों ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का निर्देश दिया। अतिथियों ने क्षेत्र में कई जरूरी कार्य करने को लेकर पार्टी की ओर से दिए गए महत्वपूर्ण निर्देश को धरातल पर सफल बनाने का आग्रह किया है।

# जनता दरबार में दो दर्जन मामलों को उपायुक्त ने निष्पादित किया



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
उपायुक्त नैंसी सहाय द्वारा मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। साप्ताहिक आयोजित होने वाले जनता दरबार में जिले वासियों की समस्याओं के निवारण के लिए उपायुक्त के समक्ष लगभग दो दर्जन से अधिक मामलो के आवेदन आए। जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों के समस्याओं से निष्पादन की आस लिए आए नागरिकों के फरियाद को सुन उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को जांचोपरांत न्याय संगत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त वेश्म में आयोजित जनता दरबार में फरियादियों द्वारा आम गैर मजुरूआ रास्ता में जबरन मकान बनाने के संबंध में, एलपीसी निर्गत करने के संबंध में, पारिवारिक विवाद निपटारा के संबंध में, अधिग्रहित भूमि के मुआवजा भुगतान के संबंध में,जीविकोपार्जन के लिए रोजगार उपलब्ध कराने के संबंध में,पीएम आवास योजना में अनिमियतता के संबंध में,खतियानी जमीन हड़पने के संबंध में,भू रैयतों के मुआवजा भुगतान करने के संबंध में एवं इस दौरान रोजगार,मनरेगा,भूमि, म्यूटेशन,पेंशन,भूमिअधिग्रहण,आवास, राशन आदि समस्याओं से संबंधित आवेदन आए तथा उन आवेदनों को मार्क कर संबंधित अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन के आदेश दिए गए।

# प्रवीण मेहता पुनः बने भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
प्रवीण मेहता के भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ जिला का पुनः जिला अध्यक्ष बनने पर भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ जिला के कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई है। प्रवीण मेहता ने अपने पहले कार्यकाल में संगठन द्वारा दिए गए सभी कार्यक्रमों को सफलता पूर्वक किया तथा रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी को जीत दिलाई। उनके उपयुक्त कार्य को देखते हुए प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने उनपर भरोसा जताते हुए पुनः रामगढ़ जिला भाजपा की बागडोर उन्हें सौंपी है। प्रवीण मेहता का दुबारा जिला अध्यक्ष बनना रामगढ़ जिला के लिए एक इतिहास बना है। अभी तक रामगढ़ जिला में किसी को भी यह अवसर नहीं मिला। प्रवीण मेहता का पुनः भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ जिला का अध्यक्ष बनने पर वरिष्ठ नेता रंजीत कुमार सिन्हा, अमरेन्द्र कुमार गुप्ता, रंणजय कुमार उर्फ कुंटु बाबु, संजय सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजू चतुवेर्दी, बलराम महतो, आनंद बेदिया, स्नेहलता चौधरी, अखिलेश प्रसाद, प्रोफेसर खिरोधर साहु, रंजन फौजी, राजेन्द्र कुशवाहा, रमेश वर्मा, संजीव कुमार बावला, दिलीप सिंह, किरण देवी, बसुध तिवारी, दीनदयाल कुमार, राजीव पामदत्त, सत्यजीत चौधरी, संतोष कुमार शर्मा, संजय श्रीवास्तव, अरविन्द सिंह, तरुण साव सत्यजीत सिंह,सुरेन्द्र राय,सहित कई कार्यकर्ताओं ने भी बधाई और शुभकामनाएं दी है।

### कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में नामांकन प्रक्रिया शुरू



**बरही।** जिला शिक्षा कार्यक्रम पदाधिकारी के निदेर्शानुसार कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के लिए सत्र 2024-25 में नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है. मामले को लेकर विद्यालय में बैठक की गई जिसमे स्थानीय मुखिया मोतीलाल चौधरी, बीपीएम अरुण कुमार, वार्डेन नेहा सिन्हा सहित विभिन्न संकुल के सीआरपी मौजूद रहे. वार्डेन ने बताया कि नए सत्र में कक्षा 9 के लिए नौ और कक्षा 6 में 75 छात्राओं का नामांकन लिया जाना है. इसके लिए विद्यालय की ओर से सभी संकुल के सीआरपी को नामांकन प्रपत्र उपलब्ध करा दिया गया है. जिसे विद्यालय प्रधान अंतिम रूप से आगामी 20 फरवरी तक नामांकन पत्र भरकर जमा कर दें.

### विवेकानंद बने भाजपा जिलाध्यक्ष, कार्यकताओं ने दी बधाई

# पार्टी की मिली जिम्मेवारियों को बखूबी निभाऊंगा : विवेकानंद सिंह



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
विवेकानंद सिंह को प्रदेश नेतृत्व के द्वारा सोमवार को हजारीबाग भाजपा जिलाध्यक्ष मनोनीत होते ही भाजपाइयों ने दी बधाई। सुबह से शाम तक श्री सिंह के आवास पर सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ताओं ने बुके व माला पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया। इस मौके पर विवेकानन्द सिंह ने कहा कि पार्टी की ओर से मुझे जो भी जिम्मेवारी मिली है मैं उसे बखूबी निभाऊंगा और पार्टी के और मजबूत बनाने का प्रयास करूंगा। वहीं भाजपाइयों ने हर्ष जताते हुए कहा कि इसबार पार्टी ने जमीनी कार्यकर्ता को जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है, इससे कार्यकर्ताओं में अत्यधिक खुशी व्याप्त है। कहा गया कि श्री सिंह पार्टी के सभी बड़े छोटे कार्यकर्ताओं का मान सम्मान रखेंगे तथा संगठन को मजबूत करने में अपनी महती भूमिका निभाएंगे ऐसा आशा व विश्वास है। ज्ञातव्य है कि नवमनोनित जिलाध्यक्ष बिबेकानंद सिंह की राजनीति सफर की शुरूवात युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष से होते हुए उद्योग प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष, जिला उपाध्यक्ष ब्यापार प्रकोष्ट के प्रदेश सह संयोजक सहित वर्तमान में पार्टी के जिला महामंत्री के पद पर कार्यकर्ता थे। इतने पदों पर कार्य करते हुए जिलाध्यक्ष के पद पर आसीन हुए है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि श्री सिंह मधुरभाषी होने के साथ ही साथ कुशल संगठन कर्ता भी है। इनके जिलाध्यक्ष बनने से पार्टी और मजबूत होगी। विवेकानंद सिंह के जिलाध्यक्ष मनोनीत होने पर हर्ष ब्यक्त करनेवालों में मुख्य रूप से कोडरमा सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा, सांसद सह वित्त संबंधी स्थाई समिति के अध्यक्ष जयंत सिन्हा, सरफराज हैदर, भैया नितेश के साथ-साथ अनेकों भाजपा कार्यकर्ता द्वारा दी गई।

### डीएवी में मनाया गया शहीद दिवस, याद किए गए बापू

# बापू की शहादत ने देश को नई राह दिखाई : प्राचार्य



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
शहीद दिवस के अवसर पर डीएवी पब्लिक स्कूल बरही में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 76वें पुण्यतिथि मनाया गया. कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने बापू के तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देकर किया. कार्यक्रम ने विद्यालय के विद्यार्थी सहित कई शिक्षक मौजूद थे. विद्यार्थियों को बताते हुए प्राचार्य ने कहा कि 30 जनवरी 1948 को प्रार्थना समाज जाते समय नाथूराम गोडसे की गोलियों से बापू की हत्या हुई थी. यह तिथि भारत के इतिहास में शहीद दिवस के रूप में जाना जाता है. यह कदम गोडसे ने भारत-पाकिस्तान के विभाजन से दुखी होकर उठाई थी. उन्होंने कहा कि बापू की सोच और विचार सदैव हमें सही राह दिखाते रहेगी. बापू ने सदा ही सत्य, अहिंसा और कर्म में विश्वास किया. हम सभी को उनके बताए मार्ग पर चलने की शपथ लेते हुए उनके आर्देशों को आत्मसात करनी चाहिए. कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर बापू को श्रद्धांजलि भी दिया गया.

### राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 76वीं पुण्यतिथि मनाई गई

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत : उपायुक्त



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 76वीं पुण्यतिथि एवं शहीद दिवस के अवसर पर मंगलवार को जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने रामगढ़ शहर अंतर्गत थाना चौक स्थित मुक्तिधाम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के समाधि स्थल पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मौके पर उपायुक्त चंदन कुमार ने सभी जिले वासियों से महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर देश की आजादी में महात्मा गांधी के महत्वपूर्ण योगदान को स्मरण करने एवं उनके आदर्शों को अपने जीवन में शामिल करने के अपील की वही उपायुक्त ने सभी से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी द्वारा लिखी गई पुस्तक 'माय एक्सपेरिमेंट विद ट्रुथ' को पढ़ने एवं पुस्तक से प्रेरणा लेने की भी अपील की। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 76वीं पुण्यतिथि एवं शहीद दिवस के अवसर पर समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार, उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो सहित अन्य वरीय अधिकारियों, अधिकारियों एवं कर्मियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। वहीं, शहीद दिवस के अवसर पर देश की आजादी में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में सभी ने समाहरणालय सभाकक्ष में 2 मिनट का मौन रखा।

### राष्ट्रपिता की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

# सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने से ही विश्व का कल्याण संभव : उपायुक्त



**नवीन मेल संवाददपाता। रामगढ़**
राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 76वी पुण्यतिथि पर 30 जनवरी को शहर के गांधी घाट स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के समाधि स्थल पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीसी चंदन कुमार, विशिष्ट अतिथि डीडीसी रोबिन टोप्पो मौजूद थे । वहीं, कार्यक्रम का संचालन संस्था के कोषाध्यक्ष कमल बगड़िया ने किया। मौके पर डीसी चंदन कुमार, डीडीसी रोबिन टोप्पो सहित कार्यक्रम में शामिल सभी लोगों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के समाधि स्थल पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी एवं उन्हें नमन किया । मौके पर संस्था के कोषाध्यक्ष कमल बगड़िया ने रघुपति राघव राजा राम एवं वैष्णव जन तो तैने कहिए भजन पेश किया। इस मौके पर डीसी चंदन कुमार ने कहा की राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने विश्व को सत्य और अहिंसा का जो संदेश दिया है उसी पर चलने से विश्व का कल्याण सम्भव है । उन्होंने कहा की गांधी जी ने इसी मार्ग का अनुसरण करते हुए तत्कालीन समय में विश्व के सबसे शक्तिशाली साम्राज्य को घटने टेकने के लिए विवश कर दिया था । इसलिए सभी को गांधी जी के बताए सत्य और अहिंसा के मार्ग का अनुसरण करना चाहिए। इस अवसर पर श्रद्धांजलि सभा में श्यामसुंदर परसरामपुरिया, परशुराम साह, विजय अग्रवाल , अरूण बगड़िया, लोकेश बगड़िया , मानिक चंद जैन, मिलंद अग्रवाल, अजमल हुसैन, कमर आलम, आदित्य त्रिपाठी, मनोज मंडल, अनिल अग्रावाल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# जदयू जिला कमिटी ने नीतीश को दी बधाई



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
जनता दल यूनाइटेड की जिला इकाई की एक बैठक स्थानीय डीवीसी गेस्ट हाउस में संपन्न हुई ।अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा एवं संचालन जिला प्रवक्ता राकेश ठाकुर ने किया। बैठक में बिहार सरकार के गठन एवं नौवीं बार नीतीश कुमार के द्वारा बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण पर पूरी जिला कमेटी ने उन्हें बधाई दी।मौके पर जिलाध्यक्ष प्रभुदयाल कुशवाहा ने कहा कि राजग गठबंधन में जदयू का शामिल होना बिहार की प्रगति एवं समग्र विकास में मील का पत्थर साबित होगा। विकसित भारत के निर्माण में राजग और तेज गति से आगे बढ़ेगा। जिला के वरीय उपाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि देश एवं बिहार के विकास के लिए यह गठबंधन जरुरी था । बैठक में पूर्व चुनाव पदाधिकारी अनिल सिंह, वरिष्ठ नेता चंद्रमोहन पटेल, राकेश गुप्ता, प्रदेश सचिव सह बरकठा विधानसभा प्रभारी अर्जुन कुमार मेहता,प्रदेश सचिव मिथिलेश सिंह,प्रदेश अल्पसंख्यक महासचिव रोमी सलूजा,जिला उपाध्यक्ष भीम मेहता, अयोध्या प्रसाद मेहता,रामधनी कुशवाहा ओम प्रकाश गिरी सहित अन्य सदस्य शामिल थे।

## न्यूज बॉक्स

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोविंदपुर को मुखिया ने जिम का संसाधन उपलब्ध कराया



**रामगढ़।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोविंदपुर मांडू में 30 जनवरी को शारीरिक स्वास्थ्य और मानसिक विकास के लिए मांडू चट्टी मुखिया अनीता देवी के सौजन्य से जिम का संसाधन उपलब्ध कराया गया। जिसका विधिवत्त उद्घाटन फीता काटकर मुख्य अतिथि मांडू चट्टी मुखिया अनीता देवी, विशिष्ट अतिथि प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी मांडू विजय राम, प्रधानाध्यापक डॉ सुनील कुमार कश्यप संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। विशिष्ट अतिथि विजय राम ने कहा कि पढ़ाई लिखाई के साथ-साथ खेलकूद भी विद्यालयों में होना बहुत जरूरी है। शरीर को स्वस्थ्य और मजबूत बनाने के लिए जिम एक सशक्त साधन है। मुखिया द्वारा उपलब्ध कराये गये संसाधान निश्चित ही प्रशंसनीय पहल है। बच्चे इसका लाभ लेंगे और पूरे मनोयोग से पढ़ेंगे। मुखिया अनीता देवी ने कहा कि विद्यालय में जो यह संसाधन मेरे द्वारा उपलब्ध करा दिया गया है इसका उपयोग कर बच्चों खुद को स्वस्थ्य रखें। प्रधानाध्यापक डॉक्टर सुनील कुमार कश्यप ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि निश्चित रूप से मुखिया द्वारा विद्यालय में काफी ध्यान दिया जा रहा है। हम आशा और उम्मीद करते हैं कि आने वाले समय में विद्यालय की चहारदीवारी पूरी हो जाएगी। इस अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि समाजसेवी बालेश्वर भुईयां, विद्यालय के अध्यक्ष युगेश्वर भुईयां, बीपीओ अहिया इस्लाम, सहायक अध्यापक शारदानंद शर्मा, गौतम कुमार गुप्ता, जेठुलाल मांझी आदि उपस्थित थे।

### भाजपाइयों ने पदाधिकारियों के मनोनयन पर खुशी जाहिर की



**बरकट्ठा।** बरकट्ठा विधान सभा क्षेत्र के भाजपाईयो ने हजारीबाग और कोडरमा जिला कमेटी के पदाधिकारियों के मनोनयन पर हर्ष व्यक्त किया है। जानकारी देते हुए बरकट्ठा भाजपा मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक ने बताया कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पार्टी के जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी एवं सह प्रभारी को नियुक्त किया है, जिसमें हजारीबाग के भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, प्रभारी अभय सिंह, सह प्रभारी अशोक उपाध्याय तथा कोडरमा जिला अध्यक्ष अनुप जोशी एवं प्रभारी भैया अभिमन्यु को मनोनीत किया गया है। नव नियुक्त पदाधिकारियो के मनोनयन पर प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र भाई मोदी, जयनगर चेम्बर आफ कॉमर्स के अध्यक्ष शशिकांत प्रसाद, युवा मोर्चा के चंदन कुमार, सुनील सिंह, नीरज चन्द्रवंशी, सांसद प्रतिनिधि रघुवीर प्रसाद, बरकट्ठा मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक, बेड़ोकला मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद, देवीलाल साव, अजय मोदी, कुलदीप पांडेय, इचाक से अंजू यादव, जयनंदन मेहता, मुखलाल मेहता समेत अन्य लोग ने खुशी जाहिर की है।

### फैमिली प्लानिंग के लिए सीएचसी बरकट्ठा में किया गया किट वितरण



**बरकट्ठा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा में मंगलवार को सभी सहिया दीदी को फैमिली प्लानिंग नई पहल के तहत किट का वितरण किया गया।इस अवसर पर डॉ निशांत, बीपीएम रंजीत कुमार सिंह ,अकाउंट मैनेजर भावेश कुमार सिंह, डाटा मैनेजर सत्यनारायण कुमार की उपस्थिति में नव दंपति को नई पहल किट देकर सम्मानित किया गया।वहीं बीपीएम रंजीत कुमार ने बताया कि सभी सहिया दीदी अपने-अपने क्षेत्र में नव दंपतियों को नई पहल किट देकर परिवार नियोजन से संबंधित जानकारियां देगी एवं परिवार नियोजन का चार गांठ के बारे में समझाएंगी। बताया कि बेतहाशा जनसंख्या वृद्धि पर काबू पाने के लिए परिवार नियोजन से संबंधित जानकारी सभी दंपतियों को होना आवश्यक है ।बीटीटी प्रकाश पंडित के द्वारा सभी सहिया दीदी को मिशन विकास परिवार,परिवार कल्याण दिवस कार्यक्रम तथा परिवार नियोजन साधनो की विधि के बारे मे बताया गया। मौके पर उपस्थित विशाल कुमार सहिया साथी पुष्पा बर्णवाल, चंपा देवी, उर्मिला देवी, सुलोचना देवी, बसंती देवी, एवं सहिया दीदी बबीता देवी ,पुष्पा देवी, काजल देवी ,संगीता देवी ,गुड़िया देवी, मीना देवी, मालती देवी, पार्वती देवी समेत दर्जनो सहिया उपस्थित थी ।

### पोकलेन मशीन जलाने को लेकर थाना में दिया गया आवेदन, उचित कार्रवाई की मांग



बरही । बीते रविवार को सामंतो पेट्रोल पम्प के नजदीक स्थित राणा गैरेज में पड़े पोकलेन मशीन को जलाने को लेकर बरही थाना में आवेदन दिया गया है. आवेदनकर्ता ओबरा (सिंघरावा) निवासी दिनेश यादव ने अपने लिखित आवेदन में बताया है कि उन्होंने अपना हुंडई का पोकलेन मशीन रिपेयरिंग हेतु उक्त गैराज में लगाया था. जहां से बिहार के गया जिला अंतर्गत मोहनपुर थाना अंतर्गत धनिचक बालूघाट के लिए ठेकेदार से किराए पर मशीन भेजे जाने के बात हुई थी. इसकी सूचना वहां के परसौनी निवासी ठेकेदार सुनील कुमार यादव उर्फ डब्लू यादव को हुई. उसने मेरे पार्टनर रशीद को उक्त स्थल पर मशीन नही लगाने की बात कही. साथ ही ऐसा करने पर मशीन जला देने की भी धमकी दी गई थी. इसी का परिणाम है कि बीते रविवार की रात्रि मेरे मशीन को उक्त व्यक्ति ने आग के हवाले कर दिया. जिससे मशीन बुरी तरह जलकर खाक हो गया है. इस संबंध में भुक्तभोगी ने आवेदन के साथ सीसीटीवी का फुटेज भी उपलब्ध करवाया है. साथ ही उचित छान बीन करते हुए सुसंगत धाराओं के तहत कारवाई करते हुए न्याय दिलाने की मांग की है. मामले के संबंध में आरोपी से संपर्क करने का प्रयास किया गया परंतु संपर्क नही होने के कारण उनका बयान नही लिया जा सका है.

### सड़क दुर्घटना में महिला की मौत, सड़क जाम



**बरही ।** मंगलवार की सुबह सात बजे रसोईया धमना निवासी टहल साव की पत्नी सरोज देवी (50 वर्ष) का सड़क दुर्घटना में मौत हो गई. दुर्घटना एनएच दो स्थित यादव लाइन होटल के हुई थी. घटना से आक्रोशित लोगो ने जीटी रोड जाम कर दिया. जिससे वाहनों की लंबी कतार लग गई. सूचना मिलते ही पुलिस इंस्पेक्टर रोहित कुमार सिंह व अंचल अधिकारी राम नारायण खलखो दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर जाम हटाने का प्रयास किया. परंतु बात नही बनी. स्थानीय लोगो ने दुर्घटना का मुख्य कारण खराब सड़क और अनियंत्रित वहान चालन बताया गया. बताया गया कि प्रतिदिन की तरह महिला मॉर्निंग वॉक के लिए निकली थी इसी क्रम में अनियंत्रित ट्रक संख्या जेएच 02बी 2359 ने महिला को चपेट में ले लिया, जिससे मौके पर ही मौत हो गई. सभी सड़क निर्माण कंपनी की लापरवाही को लेकर उचित मुआवजे की मांग कर रहे थे.

## एक नजर

### साइकिल सवार दो लोगों को वाहन ने मारी टक्कर एक रिम्स रेफर

**सिमडेगा।** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत कोचेडेगा के पास सोमवार देर शाम साइकिल सवार दो लोगों को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मारी टक्कर इतनी जोरदार थी की मौके पर दोनों ही गिरकर घायल हो गए। घायलों की पहचान गरजा गांव निवासी अजित बाड़ा एवं रोशन बाड़ा के रूप में हुई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार दोनों साइकिल से अपने घर की ओर आ रहे थे ,इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रही अज्ञात वाहन के द्वारा टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी की मौके पर दोनों घायल हो गए, बताया गया कि अजीत के हाथ एवं चेहरे में चोट लगी जबकि रोशन बाड़ा के माथे में गंभीर चोट लगी जिसे सदर अस्पताल सिमडेगा में इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए राजधानी रांची रेफर कर दिया गया। वहीं अजीत की इलाज सदर अस्पताल सिमडेगा में चल रही है।

### सीओ ने वार्ड सदस्यों को विकास में उनकी भूमिका से कराया अवगत



**जलडेगा।** जलडेगा प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार कक्ष में जलडेगा, पतिअम्बा, लमडेगा एवं टिनगीना पंचायत के वार्ड सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारम्भ अंचलाधिकारी मधुश्री मिश्रा, प्रज्ञा सेवा संस्था के मनीष कुमार बड़ाईक, एमटी प्रियंका श्रीवास्तव एवं पंचायती राज पदाधिकारी की उपस्तिथि में प्रारम्भ हुई। प्रशिक्षण के शुरूआत में सीओ मधुश्री मिश्रा ने चारों पंचायतों के वार्ड सदस्यों को सम्बोधित करते हुए कहा की गांव की सरकार में वार्ड सदस्य पंचायत का महत्वपूर्ण कड़ी है जो जनता को पंचायत से जाड़ने का काम करते हैं एवं पंचायत के विकास में बहुमूल्य योगदान देते हैं। सीओ ने सभी वार्ड सदस्यों से पूर्ण रूप से प्रशिक्षण प्राप्त करने का अनुरोध किया। वहीं प्रज्ञा सेवा संस्था के रिसोर्स पर्सन मनीष कुमार एवं मास्टर ट्रेनर प्रियंका श्रीवास्तव द्वारा निर्धारित सत्र वार प्रशिक्षण दिया गया।

### माध्यमिक व इंटरमीडिएट परीक्षा को लेकर उपायुक्त ने की समीक्षा बैठक

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2024 से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने परीक्षा से संबंधित आवश्यक तैयारी को ससमय समय पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी परीक्षाओं केंद्रों में आवश्यक मूलभूत सुविधाओं एवं बेंच-डेस्क की सीट के अनुसार उपलब्धता सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। इसके अलावा उपायुक्त ने सभी परीक्षा केदो में सीसीटीवी अधिष्ठापन सुनिश्चित करने की बात कहीं। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी महेंद्र छोटन उरॉव, जिला शिक्षा पदाधिकारी मोहन झा, जिला शिक्षा अधीक्षक विनोद कुमार एवं अन्य उपस्थित थे।

### छलांग प्रोजेक्ट के तहत दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**सिमडेगा।** राजकीय मध्य विद्यालय सिमडेगा में साख फॉउंडेशन के माध्यम से छलांग प्रोजेक्ट के तहत दो दिवसीय 30-31 जनवरी को विद्यालयों में शारीरिक शिक्षा और खेल विकास हेतु शिक्षकों का क्षमता निर्माण कार्यशाला की शुरूआत हुई। पीरामल फाउंडेशन जिला स्तर पर दो गैर सरकारी संगठनों के माध्यम से पांच ब्लॉकों में छलांग प्रोजेक्ट को कार्यान्वित और सहायता प्रदान कर रहा है। ईएलएमएस स्पोर्ट्स फाउंडेशन द्वारा छलांग प्रोजेक्ट चलाई जा रही है। कार्यशाला में सिमडेगा, ठेठईटांगर और पाकरटांड प्रखंड के लगभग 50 शिक्षक इस कार्यशाला में उपस्थित थे। प्रोग्राम मैनजर मृतुन्जय चंद्रा के द्वारा प्रोजेक्ट छलांग की अवधारणा, कार्यक्रम का उद्देश्य, मापने योग्य परिणाम, शारिरिक शिक्षा और खेल के महत्व आदि पर विस्तरित रूप से झारखंड के परिपेक्ष्य में जानकारी दिया गया ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रोग्राम मैनजर मृतुन्जय चंद्रा, प्रदीप ऑल एक्का एवं काफी संख्या में शिक्षक उपस्थित थे।

---

**कुष्ठ दिवस के मौके पर स्वास्थ्य विभाग ने निकाली जागरूकता रैली**

# कुष्ठ रोगियों को कभी भी लोग घृणा की दृष्टि से न देखें : सीएस

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

राष्ट्रीय कुष्ठ दिवस पर मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग ने जागरूकता रैली निकाली। प्रशिक्षु एएनएम जागरूकता रैली में शामिल हुईं। रैली सदर अस्पताल से निकलकर शहर के झूलन सिंह चौक, प्रखंड मुख्यालय, महावीर चौक, नीचे बाजार तक गई। तत्पश्चात रैली पुनः सदर अस्पताल पहुंचकर संपन्न हुई। मौके पर एएनएम ने नारों के माध्यम से कुष्ठ से बचाव के संबंध में जानकारी दी। साथ ही, लोगों को रोगग्रस्त से छुआछूत का भाव नहीं रखने, रोगी को स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचाने आदि की बात कही। इसके पूर्व सीएस डॉ अजित खलखो एवं डॉ आनंद खाखा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मौके पर, एनएनएम के अलावा प्राचार्या व स्वास्थ्यकर्मी आदि मौजूद थे।



**कुष्ठ रोग का इलाज संभव : सिविल सर्जन :** कुष्ठ रोग के संबंध में सिविल सर्जन डॉक्टर अजीत खलखो ने जानकारी देते हुए बताया कि जागरूकता के अभाव में कुष्टरोगियों को आज भी लोग घृणा की दृष्टि से देखते हैं। इस तरह के रोगियों को कभी भी घृणा की दृष्टि से नहीं देखनी चाहिए। यह अब कोई बड़ी बीमारी नहीं रह गयी है। हालांकि कुष्ठ बीमारी का वर्तमान समय में इलाज संभव है। उन्होंने कुष्ट रोग के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि कुष्ट दो प्रकार के होते है, इसमें एमवी के रोगी को एक वर्ष तथा पीवी के रोगी को 6 माह नियमित दवा खिलाने से कुष्ट बीमारी खत्म हो जाती है। वर्तमान समय में जिले में कुष्ठ के 95 रोगी चिह्नित किए गए हैं, जिनमें 65 एमवी एवं 30 पीवी है जिसका इलाज किया जा रहा है। उन्होंने लोगों को जागरूक करने और कुष्ट रोगियों के प्रति नजारिया बदलने में सभी के सहयोग करने की बात कही। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में इस तरह के रोगियों की संख्या में कमी आई है। राज्य सरकार से लेकर कन्द्र सरकार ने इस पर काफी मेहनत की है जिससे कमी आई है।

---

**सिमडेगा से उड़ीसा जायेगी राहुल की भारत जोड़ों यात्र**

# संचालन समिति के सदस्य पहुंचे कोलेबिरा, लिया जायजा



**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा**

राहुल गांधी द्वारा देश में भारत जोड़ो नया यात्रा शुरू की है जिसके तहत नया यात्रा सिमडेगा भी आएगी वहीं कार्यक्रम के तैयारी को लेकर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी सदस्य सह न्याय यात्रा संचालन समिति के सदस्य सुशांत मिश्रा मंगलवार को कोलेबिरा पहुंचे, जहां पर उन्होंने जिला कांग्रेस कमेटी तथा कोलेबिरा प्रखंड कमेटी के साथ बैठक करते हुए तैयारी को लेकर दिशा निर्देश दिए एवं कई बिंदुओं पर चर्चा की। ओके पर बताया गया कि राहुल गांधी की नया यात्रा कोलेबिरा, बीरू सिमडेगा, ठेठईटांगर, जोराम, जामपानी होते हुए उड़ीसा की ओर जाएंगे। मौके पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की उपाध्यक्ष मानस सिन्हा, प्रदेश सचिव रोशन बरवा, प्रदेश सदस्य वेद प्रकाश मिश्रा , कालीचरण मुंडा, जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की, उपाध्यक्ष शिशिर मिंज, खूंटी अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष बिल्शन तोपनो, कोलेबिरा विधायक प्रतिनिधि शमी आलम, राजसभा सांसद प्रतिनिधि जोनसन मिंज, सुनील खडिया सहित अन्य मौजूद रहे।

---

## न्यूज बॉक्स

### 76वीं पुण्यतिथि के मौके पर याद किए गए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी



**सिमडेगा।** 76वें पुण्यतिथि के मौके पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को सिमडेगा नगर परिषद की ओर से मंगलवार की सुबह गांधी मैदान स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस मौके पर नगर परिषद की प्रशासक सुमित कुमार महतो, सिटी मैनेजर आकाश डेविड सिंह, कनीय अभियंता,लेखापाल सहित नगर परिषद के कर्मियों के द्वारा माल्यार्पण करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मौके पर सभी लोगों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बताए मार्ग पर चलकर लोगों की सेवा करने को लेकर प्रण लिया। वहीं सरकार के निर्देश पर 11:00 बजे शहीद दिवस मनाते हुए देश के सभी शहीदों को याद करते हुए 2 मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना की गई।

### कुरडेग थाने में मनाया गया शहीद दिवस



**कुरडेग।** कुरडेग थाना परिसर में मंगलवार को 11:00 बजे एसआई नरेश मराण्डी के नेतृत्व में थाना के जवानो ने शहीद दिवस मनाया ।इस मौके पर शहीदों के नाम पर दो मिनट का मौन रख कर प्रार्थना की गई ।मौके पर मराण्डी ने कहा कि भारत के इतिहास में 30 जनवरी के दिन को बहुत ही दुःखद माना जाता है आज ही के दिन यानी 30 जनवरी को पूरे भारत में शहीद दिवस मनाया जाता है दरअसल महात्मा गांधी की पुण्यतिथि को ही देश शहीद दिवस के तौर पर मनाता है ।आज के दिन हमारे देश के कई जवान शहीद हुए थे । मौके पर थाना के पदाधिकारी एवं जवान मौजूद रहे।

### कन्या भ्रूण हत्या को लेकर निकली जागरूकता रैली



**बानो।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बानो के स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा मंगलवार को कन्या भ्रूण हत्या को लेकर लेकर जागरुकता रैली निकाली गई ।जागरुकता अभियान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से निकल कर मुख्य मार्ग होते हुए बिरसा मुंडा चौक तक जा कर पुनः सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक बैठक में परिवर्तित हो गई। डॉ संजय कुमार ने कहा पीसीएन डीटी एक्ट के तहत भ्रूण हत्या को रोकने के लिये लोगों को आगे आने की अपील किये। गांधी पुण्य तिथि के अवसर पर महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिये ।मौके पर बी पी एम अशोक उरांव ,मंजुला सोरेंग, सपना कुमारी, नीता कुमारी, नागेंद्र कुमार, आदि लोग उपस्थित थे।

### खाना बनाने के क्रम में आग से झुलसकर महिला हुई घायल, सदर अस्पताल रेफर



**सिमडेगा।** पाकरटांड थाना क्षेत्र अंतर्गत कुरुसकेला गांव में मंगलवार की सुबह खाना बनाने के क्रम में गांव की 35 वर्षीय पुष्पा देवी नामक महिला आग से झुलस कर घायल हो गई। घायल महिला को इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल लाया गया जहां उसकी उपचार चल रही है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पुष्पा देवी नामक महिला अपने घर में चूल्हे में खाना बना रही थी, इसी दौरान अचानक आग उसकी साड़ी पर पकड़ा और आग की लपेटे उठने लगी बाद में उसके द्वारा हाथ से आग को बुझाने का प्रयास किया, इस दौरान उसका हाथ का हिस्सा पूरी तरह से झुलस गया और वह घायल हो गई। इधर बाद में परिवार वालों को पता चला तो उन्होंने तत्काल उक्त घायल महिला को इलाज के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा लाया जहां पर चिकित्सकों के निगरानी में उक्त महिला का इलाज चल रहा है बताया गया कि दाहिना हाथ पूरी तरह से झुलस गया है, हालांकि फिलहाल महिला खतरे से बाहर है।

### पुण्यतिथि पर केरसई में याद किये गए राष्ट्रपिता कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि



**केरसई।** प्रखण्ड कांग्रेस कमिटी ने महात्मा गांधी की पुण्यतिथि कार्यक्रम मनाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखण्ड अध्यक्ष जेफ्रेंन केरकेट्टा ने की। इस अवसर पर सर्वप्रथम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यर्पण किया गया तथा क्रमानुसार सभी कार्यकताओं ने चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की ।प्रखण्ड अध्यक्ष जेफ्रेंन केरकेट्टा ने कहा कि बापू ने देश की आजादी के लिए नमक, असहयोग, अवज्ञा और भारत छोड़ो आंदोलन चलाया। उनकी दांडी यात्रा तो आज भी मिसाल की तरह पेश की जाती है ।मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि अपने सभी आंदोलनों में महात्मा गांधी ने अहिंसा का परिचय दिया। अहिंसा को अपना सबसे बड़ा हथियार बनाकर अंग्रेजों को देश से बाहर का रास्ता दिखाने वाले महात्मा गांधी खुद हिंसा का शिकार हुए, गांधी के आदर्श, अहिंसा की प्रेरणा, सत्य की ताकत के सामने अंग्रेजो को भी नतमस्तक होना पड़ा था। मौके पर जिप सदस्य प्रेमा बाड़ा, प्रखण्ड 20 सूत्री अध्यक्ष जॉर्ज वाल्टर सोरेंग, विधायक प्रतिनिधि शशि प्रसाद व सुरेन्द्र कुमार, 20 सूत्री सदस्य मनोहर प्रसाद, बसारत अंसारी, सुशील मिंज, फिलमोन तिर्की, समीर तिर्की, धनेश्वर प्रसाद, असरानी एक्का, समीम अंसारी, ग्यास अंसारी, अलकसीयूस तिर्की आदि मौजूद थे।

---

### आरसी बालक मवि रेंगारीह में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

**ठेठईटांगर।** प्रखंड के आरसी बालक मध्य विद्यालय रेंगारीह में मंगलवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में संपन्न किया गया ,जिसमें मुख्य अतिथि रूप में प्रदेश अध्यक्ष मजदूर यूनियन सीसीएल माइंस हजारीबाग राजेश कुमार सिंह उपस्थित थे। इस मौके पर उनका स्वागत स्वागत किया गया, साथ ही विद्यालय के प्रधानाध्यापक फादर अंश्रेषित मिंज द्वारा गुलदस्ता एवं बैच लगाकर सम्मानित किया ।मौके पर राजेश कुमार सिंह ने कहा कि बच्चों को खेल के प्रति एवं अन्य सभी क्षेत्रों में ईमानदारी पूर्वक भाग लेकर सफलता हासिल करनी चाहिए। लड़का के बच्चे खेल के क्षेत्र में बेहतर कार्य करते हुए भारत का नाम ऊंचा करें और शिक्षा के क्षेत्र में भी बेहतर तालीम हासिल कर इंजीनियर, डॉक्टर, शिक्षक ,सैनिक बन देश में अपना योगदान दे मौके पर प्रथम स्थान गांधी दल, द्वितीय दल नेहरू दल, तृतीय स्थान में राजेंद्र दल एवं चतुर्थ स्थान में सुभाष दल हुआ जिसे पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

---

**डीएवी पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेलकूद का हुआ आयोजन**

# पढ़ाई के साथ-साथ बच्चे खेलकूद पर भी दें विशेष ध्यान : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

सिमडेगा के डीएवी पब्लिक स्कूल में मंगलवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 2024 का आयोजन किया गया। वार्षिक खेलकूद का उद्?घाटन मुख्य अतिथि जिला के उपायुक्त अजय कुमार सिमडेगा के द्वारा बैलून और कबूतर उड़ाकर वार्षिक खेलकूद - 2024 का उद्?घाटन किया। उनके स्वागत के लिए पूरा विद्यालय परिवार उपस्थित था। विशिष्ट अतिथि के रूप में झारखंड जोन-आई (1) के एआरओ. जीएन खान उपस्थित थे। उनको भी मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के सामने 500 मीटर एवं बच्चों का जलेबी रेस प्रस्तुत किया गया। इन प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को मेडल देकर अतिथियों ने पुरस्कृत किया ।जिला के उपायुक्त ने विश्वविद्यालय परिवार को संबोधित करते हुए कहा कि खेलकूद का होना मानव जीवन के लिए अति आवश्यक है। बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद पर विशेष फोकस करने की आवश्यकता है क्योंकि आजकल खेल के क्षेत्र में रोजगार के साधन के साथ-साथ मां चंचल रहता है और पढ़ाई में भी मन लगता है ।बच्चे खेल के क्षेत्र में भी अपना करियर बना सकते हैं उन्होंने सभी लोगों को लगन के साथ पढ़ाई करते हुए विद्यालय के साथ-साथ जिले का भी नाम रोशन करने को लेकर शुभकामनाएं दी। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक मौजूद रहे। अंत में जिला शिक्षा पदाधिकारी ने वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 2024 के मशाल को बुझाकर समारोह के समाप्ति को घोषणा को। मौके पर एलएमसी के उपाध्यक्ष शंकर लाल अग्रवाल, सदस्य लीलूराम अग्रवाल एवं काफी संख्या में अभिभावक उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विद्ययालय परिवार का योगदान रहा।



---

**शक्ति वंदन कार्यक्रम के निमित जिला कार्यालय में हुई बैठक**

# महिला कार्यकर्ता भाजपा संगठन की ताकत है : विमला प्रधान

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

भारतीय जनता पार्टी जिला सिमडेगा की शक्ति वंदन कार्यक्रम के निमित्त बैठक जिला कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला उपाध्यक्ष मनोज साय ने कहा कि प्रदेश संगठन के निदेर्शानुसार मंडल शक्तिकेन्द्र एव बूथ स्तर तक जाकर महिलाओं को मोदी जी की कार्यों को जन-जन तक बताना है इस कार्य मे कार्यकर्ता लग जाएं।बैठक में मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व मंत्री विमला प्रधान ने संबोधित करते हुए कहा की महिला मोर्चा के कार्यकर्ता भाजपा संगठन की रीढ़ हैं, मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार महिलाओं के लिए संसद में शक्ति वंदन बिल पास कर महिलाओं को 33% आरक्षण देने का बिल पास किया है जो 2029 से लागू होगी। ऐसे ही अनेक कार्य हैं जिन्हें हम लोगों को गांव स्तर तक जाकर लोगों को केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचना है भारतीय जनता पार्टी आने वाले लोकसभा चुनाव में 400 सीटों का लक्ष्य रखी है यह महिला कार्यकताओं के बदौलत ही संभव है। जिला उपाध्यक्ष प्रणव कुमार ने कहा कि शक्ति वंदन कार्यक्रम के निमित सभी मंडलो में 15 सदस्यीय टोली का निर्माण करना है एवं लोगों के बीच अपनी बात पहुंचानी है । मंच संचालन एवं विस्तार पूर्वक जानकारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के जिला प्रभारी सह महामंत्री दीपक पुरी ने किया।बैठक में लोकसभा विस्तारक सत्यजीत चौधरी ने कार्यकताओं को नमो ऐप डाउनलोड करने और ब्रांड एंबेसडर बनाने के तरीके बताएं और अधिक से अधिक नमो ऐप डाउनलोड करने की अपील की।मौके पर महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सावित्री देवी ,पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष फुल सुंदरी देवी, रवि गुप्ता, श्रीलाल साहू, कृष्णकांत सिंह, घनश्याम सिंह, कामेश्वर सिंह, कंचन सिंह मौजूद थे।




---

# कोडरमा जिले के व्यापारियों संग झारखंड चैंबर की वार्ता



**नवीन मेल संवाददाता। कोडरमा**

जिला चैंबर ऑफ कॉमर्स के स्थापना दिवस समारोह के आयोजन में मंगलवार को झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष किशोर मंत्री और उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा शामिल हुए। इस दौरान कोडरमा चैंबर के अध्यक्ष प्रदीप केडिया, महासचिव रामरतन महर्षि और अन्य पदाधिकारी व कार्यकारिणी के सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को चैंबर अध्यक्ष ने फेडरेशन का पिन लगाकर पदग्रहण समारोह की शुरूआत की। अपने संबोधन के दौरान चैंबर उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा ने फेडरेशन द्वारा वर्तमान में किये जा रहे प्रयासों से सभा को अवगत कराया और जिले के व्यापारियों से फेडरेशन द्वारा गठित 82 उप समितियों के चेयरमेन से सहयोग लेने की अपील की। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कोडरमा जिले के व्यापारियों को अधिकाधिक संख्या में फेडरेशन चैंबर की सदस्यता लेने के लिए प्रेरित किया। यह भी कहा कि जिले के व्यापारी जब भी रांची आयें, चैंबर भवन में जरूर आयें। अपने संबोधन के दौरान उन्होंने झारखण्ड चैंबर के द्वारा की जा रही वर्तमान कार्यों के प्रगति की भी जानकारी दी। यह भी कहा कि भवन नियमितीकरण योजना का प्रारूप तैयार होना, होल्डिंग टैक्स की दरों में संतोषजनक कमी होना और राइस मिलर्स के इंसेंटिव दर में वृद्धि, चैंबर और राज्य सरकार के आपसी समन्वय का ही प्रतिफल है।

---

**उपभोक्ता की समस्याओं को लेकर बैंक ऑफ इंडिया में लगी कतार**

# भीड़ से दिव्यांगों व वृद्धों की बढ़ी परेशानी

**नवीन मेल संवाददाता। बानो**

बानो प्रखण्ड मुख्यालय स्थित बैंक ऑफ इंडिया शाखा बानो में इन दिनों काफी भीड़भाड़ देखने को मिल रही है। लोग अपने विभिन्न प्रकार की छोटी बड़ी समस्याओं को लेकर बैंक पहुंच रहे हैं। ऐसे में लंबी लाइन की वजह से सड़क तक लंबी लाइन लग रही है। ऐसे में बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता है। बताया गया कि बैंक खोलने से पूर्व सुबह 7:00 बजे से ही लोग अपने काम के लिए लाइन लगाकर खड़े हो जाते हैं ताकि समय पर उनका काम हो सके। बताया गया कि लम्बी लाइन एक ओर महिला जिसका लाइन डाकघर तक थी तो दूसरी ओर पुरूषों का लाइन मध्य विद्यालय बानो तक थी वह भी सड़क के किनारे सुरक्षा की कोई व्यवस्था नही थी। ऐसे में सड़क हादसे होने का खतरा ज्यादा हो गया है। बताया गया कि दिन भर भारी वाहनों का आना जाना होता रहता है। अपनी समस्याओं को लेकर लाइन में खड़ वृद्ध व दिव्यांग रहते हैं। भीड़ को लेकर इनलोगों की परेशानी काफी बढ़ गयी है। यह ज्यादा देर लाइन खड़े नहीं हो सकते हैं। वही ग्राम कोनसोदे के वृद्ध छोटू मुंडा अपने बैठने के साधन के साथ बैंक आया था। बैक तीन घंटा तक घर से लाये मचिया में बैठकर भीड़ कम होने का इंतजार करता रहा पर बैंक का काम नहीं हो सका तो घर चला गया। इसी तरह छोटू मुंडा अकेले नहीं था कई ऐसे ग्राहक काम नहीं होने पर घर चले गये। ओड़गा कि एक महिला घर से पांच बजे सुबह निकली थी उसने समझा कि आज बैंक का काम हो जाएगा परन्तु काम नहीं होने से ट्रेन टाइम होने पर घर लौट गई। पूछने पर नाम नहीं बताई इसी तरह केवाईसी कराने के लिये कई लोग घटों लाइन लगाकर खड़े रहे पर कई लोगों का काम नहीं होने पर घर चले गए। मौके पर उपस्थित कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अजित कंडुलना ने कहा प्रखण्ड में सोलह पंचायत हैं। अलग अलग दिनों में ग्रामीणों को बुलाना चाहिए ताकि लोगों का काम होने में किसी प्रकार की कोई भी परेशानी उत्पन्न न हो।



---

### कांग्रेस कार्यालय में राष्ट्रपिता को पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

**सिमडेगा।** जिला कांग्रेस कमेटी सिमडेगा के अध्यक्ष डेविड तिर्की की अध्यक्षता में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि जिला कार्यलय में मनाई गई ।मौके पर बापू की तस्वीर पर माल्यर्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया।जिला अध्यक्ष ने कहा कि आज ही के दिन नफरत और हिंसा की विचारधारा ने देश से उनके पूज्य बापू को छीना था और आज वही सोच उनके सिद्धांतों और आदर्शों को भी हमसे छीन लेना चाहती है पर नफरत की इस आंधी में, सत्य और सद्भाव की लौ को बुझने नहीं देंगे 30 जनवरी 1948 को गोली मारने के बाद गाँधी को कभी मारा नहीं जा सकेगा गाँधी को खत्म करने के लिए वे रोज तिकड़म बनाते हैं ध्वस्त हो जाते हैं।आरएसएस विचारधारा ने आज देश में नफरत का जहर घोल रही हैं वर्तमान समय में गांधी जी के विचार और अधिक प्रासंगिक हो जाते हैं।गांधी जी के विचारों से आप दुनिया जीत सकते हैं, लेकिन संघ के विचार संकीर्णता की चादर ओढ़े इज्जत तलाशते फिर रहे हैं।

## बेलवाना मोड़ से मनसाडीह तक जाने वाली सड़क का होगा कायाकल्प

### ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा मिली प्रशासनिक स्वीकृति

**सड़क को लेकर बाबूलाल मरांडी ने किया था प्रयास**

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** लंबे समय के बाद तिसरी प्रखंड अंतर्गत बेलवाना मोड़ से मनसाडीह जाने वाली मुख्य सड़क की बदहाली सुधरने की उम्मीद जगी है। ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा इस सड़क के सुहृढ़ीकरण की प्रशासनिक स्वीकृति मिलने का पत्र जारी किया गया है। जिसके अनुसार कार्य प्रमंडल गिरिडीह के अधीन बेलवाना- कोदईबांक मोड़ से मनसाडीह तक लगभग 8 किलोमीटर लंबी सड़क का 4 करोड़ 46 लाख 32 हजार दो सौ रुपए की लागत से सुहृढ़ीकरण करने की बात लिखी गई है। जिससे गोलगो, मनसाडीह समेत प्रखंड के लोगों में जल्द ही एक जर्जर सड़क से निजात मिलने की उम्मीद है।

वहां रहने वाले लोगों का कहना है कि यह सड़क आज से लगभग 16 वर्ष पहले बनी थी परंतु आज इस सड़क की स्थिति इतनी जर्जर है कि मनसाडीह पंचायत से आने या उस ओर जाने वाले लोग अपनी जान जोखिम में डालकर इस सड़क पर चलते हैं। इस सड़क पर अब तक दर्जनों हादसे हो चुके हैं। जिनमें कई लोग अपनी जान गंवा चुके हैं और कितने लोगों का का आज तक इलाज चल रहा है। इस समस्या को लेकर मनसाडीह के ग्रामीण कई बार जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के पास अर्जी लगा चुके हैं।

**सड़क के सुदृढ़ीकरण को लेकर बाबूलाल मरांडी ने किया था प्रयास :** ग्रामीणों की शिकायत पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह धनवार विधायक बाबूलाल मरांडी कई बार सड़क सुदृढ़ीकरण के लिए विभाग को पत्र लिख चुके हैं हालांकि देर से ही सही लेकिन आखिरकार विभाग ने इस समस्या की ओर ध्यान आकृष्ट किया है। जिससे स्थानीय लोगों के बीच इस समस्या से जल्द निजात पाने की उम्मीद जगी है।

# बगोदर के नावाडीह से चार साइबर अपराधी गिरफ्तार

### साइबर अपराधियों के पास से पुलिस ने 21 मोबाइल फोन, 65 सिम कार्ड, 9 एटीएम कार्ड, 5 पासबुक, 1 लैपटॉप, 1 बाइक, 2 आधार कार्ड और 2 पैन कार्ड किया बरामद



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** साइबर अपराध के खिलाफ गिरिडीह पुलिस लगातार अभियान चलाकर अपराधियों को गिरफ्तार कर रही है। इसी क्रम में पुलिस ने एक बार फिर से सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस बार बगोदर थाना क्षेत्र के नावाडीह में छापेमारी कर चार साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार साइबर अपराधियों में कोडरमा थाना क्षेत्र के बोकोबार निवासी अजीत कुमार दास, अनुज पंडित, हजारीबाग जिला के चलकुशा के शिवा साव और बरकट्ठा के सूरज कुमार साव को गिरफ्तार किया है। इन गिरफ्तार साइबर अपराधियों के पास से पुलिस ने 21 मोबाइल फोन, 65 सिम कार्ड, 9 एटीएम कार्ड, 5 पासबुक, 1 लैपटॉप, 1 बाइक, 2 आधार कार्ड और 2 पैन कार्ड बरामद किए हैं। उक्त आशय की जानकारी गिरिडीह एसपी दीपक कुमार शर्मा ने प्रेस वार्ता कर दी है।

उन्होंने बताया कि प्रतिबिंब पोर्टल के माध्यम से पुलिस को सूचना मिली कि कुछ साइबर अपराधी गिरिडीह जिले के बगोदर थाना क्षेत्र के नावाडीह में फर्जी सिम का उपयोग करते हुए लोगों को ठगी करने का काम कर रहे हैं। इसी सूचना के बाद साइबर डीएसपी संदीप सुमन समदर्शी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया।

टीम में पुलिस निरीक्षक सह साइबर थाना प्रभारी साइबर अजय कुमार, पुअनि सावन कुमार साहू, गौरव कुमार, सअनि संजय मुखियार, गजेंद्र कुमार, साकेत वर्मा, सौरभ सुमन और आशुतोष रंजन को शामिल किया गया।

टीम जब बगोदर के नावाडीह में छापेमारी करने पहुंची तो सभी साइबर अपराधी पुलिस को देखकर भागने लगे। जिसके बाद पुलिस ने चारों साइबर अपराधियों को खदेड़ कर गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के क्रम में इन साइबर अपराधियों ने बताया कि ये लोग ईस्कॉर्ट सर्विस के नाम पर लोगों को झांसा में लेकर ठगी करते थे। इसके अलावे ईस्कॉर्ट पेशन क्लब के माध्यम से लोगों को सर्विस उपलब्ध कराने का झांसा भी देते थे और लड़कियों से न्यूड वीडियो कॉलिंग का रिकॉर्डिंग कर उसका वीडियो लोगों के मोबाइल पर भेज कर ब्लैकमेलिंग करते हुए पैसे की ठगी करते थे।

## 22 जनवरी की घटना पर लोगों ने प्रशासन के खिलाफ जताया असंतोष

### पूर्व विधायक ने किया क्षेत्र का दौरा



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** गिरिडीह विधानसभा के निवर्तमान विधायक निर्भय शाहाबादी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पूरनानगर व चूंजका पंचायत क्षेत्र का दौरा किया।

इस क्रम में स्थानीय ग्रामीणों से मुलाकात के दौरान लोगों ने बताया की बीते 22 जनवरी को क्षेत्र में धार्मिक आयोजन के दौरान कुछ धर्म विशेष से आसामाजिक तत्वों द्वारा दलित बस्ती पर पथराव किया गया। जिसमे कई लोग घायल हुए और कुछ अभी भी इलाजरत है। लोगों ने आरोप लगाया की इसके बावजूद पीड़ित पक्ष से ही लोगों का नाम त्रक्षक्र में डाल दिया गया है।

लोगों के अनुसार वैसे लोग जो घटना के समय बाहर ड्यूटी कर रहे थे उनका भी नाम साथ ही जो नेत्र से दिव्यांग है वैसे लोगों पर भी एफआइआर दर्ज किया गया है।

**ग्रामीणों ने पूर्व विधायक से न्याय दिलाने की लगायी गुहार :** पूर्व विधायक ने ग्रामीणों की बातों को बड़ी ही गंभीरता से सुना। मामले की तह तक जाने के लिए उन्होंने क्षेत्र में कई जगह बैठक के दौरान लोगों से घटना की वास्तविक जानकारी लेने का प्रयास किया।

इस संबध में पूर्व विधायक ने कहा की 22 जनवरी को जहां एक ओर पूरा देश राममय था। जाति धर्म से ऊपर उठ कर सबों ने रामलला का स्वागत किया। बावजूद इसके असामाजिक तत्व बार बार लगातार ऐसे शुभ कार्य पर कुछ न कुछ विघ्न उत्पन्न करने का प्रयास करते है जिन पर लगाम लगाना पुलिस प्रशासन का काम है लेकिन यहां ऐसे मामलों में भी सत्ता का प्रभाव हावी हो जाता है। उन्होंने आरोप लगाया की जो मामले में जो जानकारी सामने आ रही है, दलित परिवार को इंसाफ दिलाने के बजाय इस प्रकार की एकतरफा कार्रवाई यह स्पष्ट दर्शाती है की कुछ लोगों द्वारा सत्ता की हनक दिखा कर प्रशासन पर दबाव बनाने का काम किया जा रहा है।

उन्होंने कहा की हम सभी कानून को मानने वाले और संविधान में विश्वास करने वाले लोग हैं। कानून से ऊपर कोई नहीं है। उन्होंने कहा की गिरिडीह पुलिस अधीक्षक से एक प्रतिनिधि मंडल हमारे नेतृत्व में मिलकर वार्ता करेगी और निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की जायेगी।

हमारा मानना है कोई निर्दोष फंसे नहीं और कोई दोषी बचे नहीं। सत्ता आनी-जानी है। सत्ता के दवाब में कोई भी एकतरफा कार्रवाई उचित नहीं है। ऐसे में ही असामाजिक तत्वों को सह मिलता है और उनका मनोबल बढ़ता है। जिसकी परिणीति की रूप में ऐसी घटनाएं सामने आती हैं। दूसरी ओर घटना को लेकर एवं प्रशासन की अब तक की कार्रवाई पर स्थानीय ग्रामीणों में भयंकर रोष है।

इस दौरान मौके पर भाजपा नेता अनूप सिन्हा, अशोक सिंह,ओम प्रकाश गुप्ता, सीताराम वर्मा, राजेश गुप्ता, प्रकाश दास, किशोर साव, सुनील साव, अरुण साव, तुलो राणा, अजीत राय, प्रदीप राय, मनोहर तिवारी, अरुण शर्मा, रितेश विश्वकर्मा, पप्पू यादव समेत स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

## पीएम के कार्यक्रम को लेकर चंदौरी और तिसरी मंडल की संयुक्त बैठक संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** आगामी 4 फरवरी को धनबाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर भारतीय जनता पार्टी तैयारियों में जुटी हुई है। इसी क्रम में मंगलवार को तिसरी के बर्णवाल धर्मशाला में भाजपा के चंदौरी और तिसरी मंडल की संयुक्त बैठक संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता रविंद्र पंडित किया और संचालन सुनील शर्मा ने किया।

बैठक में प्रधानमंत्री मोदी के आगमन और गांव चलें अभियान की तैयारीयों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही संगठन की मजबूती पर बल दिया गया।

जिसमे दोनों मंडल के सभी मंच मोर्चा के अध्यक्ष, पदाधिकारी, ज्येष्ठ श्रेष्ठ नेता, जिला कार्यसमीति सदस्य, सांसद-विधायक प्रतिनिधि, पंचायत के संयोजक, बूथ के अध्यक्ष, दोनों मंडल के भाजपा कार्यकर्ता सहित भाजपा नेता रामचंद्र यादव, सुनील सेठ, मनोज यादव, सिमरन, लक्ष्मण मोदी, वीरेंद्र मोदी, कुणाल सिंह, अनिल शर्मा, सोनू निगम, हरीश शाह, संत कुमार, मदन यादव, पूर्ण चंदगुप्ता आदि मौजूद थे।

## उसरी बचाओ अभियान के सदस्यों ने स्वर्गीय भूपेंद्र प्रसाद सिन्हा को दी श्रद्धांजलि



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** उसरी बचाओ अभियान की कोर कमिटी की सदस्य व सामाजिक कार्यकर्ता कुसुम सिन्हा के दिवंगत पति स्वर्गीय भूपेंद्र प्रसाद सिन्हा के जन्म जयंती के उपलक्ष में विभिन्न सरकारी विद्यालयों के लगभग 400 बच्चों के बीच स्टेशनरी का वितरण किया गया। इन बच्चों के बीच उसरी नदी के महत्व पर चर्चा की गई।

सर्वप्रथम इस अभियान की शुरूआत प्राथमिक विद्यालय बरमसिया से की गई यहां लगभग 60 बच्चों के बीच कॉपी, कलम, चॉकलेट, बिस्कुट आदि का वितरण किया गया। इस विद्यालय के बाद प्राथमिक विद्यालय अरगाघाट के 60 बच्चों के बीच उपरोक्त स्टेशनरी का वितरण किया गया। तृतीय चरण में रविदास टोला शीतलपुर के उत्क्रमित मध्य विद्यालय में लगभग 250 बच्चों के बीच स्टेशनरी का वितरण किया गया। मौके पर भाजपा नेता सह झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के अनूज नुनूलाल मरांडी ने स्व भूपेंद्र प्रसाद सिंह को याद कर उन्हे श्रद्धांजलि दी एवं बताया कि आज के दिन उनके परिवार द्वारा बच्चों के बीच उसरी नदी को बचाने को लेकर किया जा रहा जागरूकता अभियान एवं स्टेशनरी वितरण काफी सराहनीय है।

इस अवसर पर कुसुम सिन्हा, उनके पुत्र कुमार राजीव, पुत्रवधू कुमारी रितिका, उसरी बचाओ अभियान के राजेश सिन्हा, प्रभाकर कुमार, सोमनाथ केसरी, रामजी प्रसाद यादव, कृष्ण मुरारी शर्मा, मिथुन चंद्रवंशी, लखन गुप्ता आदि उपस्थित थे। समाजसेवी कुसुम सिन्हा ने नुनुलाल मरांडी, राजेश सिन्हा, राम यादव, रोकी नवल, मिथुन चंद्रवंशी, चंदन पांडे के अलावा दर्जनों को पति के याद में उपहार भी गिफ्ट किया।

इस मौके पर बेटा गोलू और बहू भी मौजूद थे। उसरी बचाओ अभिया के दर्जन भर मेंबर मौजूद थे। कृष्ण मुरारी शर्मा, राजेश सिन्हा और राम जी यादव, प्रभाकर कुमार और सोमनाथ कुमार ने अभियान के तहत ऐसे कार्यकर्म करवाने के कुसुम सिन्हा और इनके परिवार को धन्यवाद दिया। समाजसेवी भूपेंद्र प्रसाद सिन्हा की आत्मा के शांति के लिए प्रार्थना की है।

## इंडियन बैंक मालडा में पैसे निकालने के लिए गये लोगों ने किया हो-हल्ला

### मामला बढ़ने पर मौके पर पहुंची पुलिस



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** मालडा इंडियन बैंक में निकासी करने गये ग्राहकों को रुपए नहीं दिए जाने पर लोगों ने विरोध जताते हुए हो-हल्ला किया। सभी ग्रामीण द्वारा इसकी शिकायत माल्डा पंसस अजीत तिवारी से की गई। इस पर अजीत तिवारी बैंक पहुंचकर कर शाखा प्रबंधक से इस संबंध में जानकारी लेने लगे। जानकारी लेने के क्रम में कहासुनी होने लगी। वहां उपस्थित ग्राहक भी हो-हल्ला करने लगे। सूचना पर गावां थाना पुलिस बैंक परिसर पहुंची और आक्रोशित लोगों को समझाबुझाकर शांत करवाया गया। मौके पर उपस्थित पंसस अजीत तिवारी समेत अन्य ग्राहकों ने कहा कि अक्सर बैंक कर्मी जमा पैसे की निकासी के लिए आने पर कहते हैं कि बैंक में पैसा अभी नहीं है।

बैंक के द्वारा रुपये नहीं दिए जाने से काफी परेशानी होती है। यहां तक खाता इंट्री में काफी टालमटोल किया जाता है। जिससे लोगों को काफी दिक्कत होती है। इसपर सवाल पूछे जाने पर बैंक कर्मी आक्रोशित हो जाते हैं। ग्रामीणों का कहना था कि वे बैंक में पैसा इसलिए जमा करते हैं कि आवश्यकता पड़ने पर उसकी निवासी कर आवश्यक कार्य का निपटारा किया जा सके। लेकिन जब बैंक में समय पर पैसा ही नहीं दिया जायेगा तो जमा करने से क्या लाभ होगा।

ग्रामीणों का यह भी कहना था कि इस दिशा में वरीय अधिकारियों को मामले को संज्ञान में लेकर बैंक की व्यवस्था में सुधार लाना चाहिए।

इधर शाखा प्रबंधक नीलेश कुमार ने कहा कि इस समय पैसा नहीं आने से थोड़ी परेशानी हो रही है। फिर भी वे अपने स्तर से इसे दूर करने में लगे हैं। पंसस के द्वारा बैंक परिसर में मोबाइल से वीडियोग्राफी की जा रही थी जो बैंक के नियम विरुद्ध है। यहां कर्मियों की कमी के कारण परेशानी हो रही है।

# भाकपा माले का एकदिवसीय उपवास कार्यक्रम संपन्न

### बगोदर विधायक विनोद सिंह समेत सैकड़ों लोगों ने लिया हिस्सा



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** देश की आजादी की लड़ाई के महानायक व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहादत दिवस के अवसर पर भाकपा माले ने बगोदर-सरिया अनुमंडल परिसर में मंगलवार को एकदिवसीय उपवास कार्यक्रम संगठित किया जिसमें बगोदर विधायक विनोद कुमार सिंह समेत सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता इनौस प्रदेश अध्यक्ष संदीप जायसवाल व संचालन माले नेता लक्ष्मण मंडल ने किया।

अपने संबोधन में भाकपा माले विधायक विनोद कुमार सिंह ने कहा कि हमारे देश की आजादी के 75 साल पूरे हो गये हैं। हमलोग राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का शहादत दिवस ऐसे वक्त में मना रहे है जब देश की आजादी, लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता और संविधान को सबसे ज्यादा खतरे है। 15 अगस्त 1947 को देश को आजादी मिली और उसके तुरंत बाद 30 जनवरी 1948 को हिन्दू महासभा से संबद्ध आतंकवादी नाथूराम गोडसे ने उसकी हत्या कर दी। आजाद भारत की यह पहली आतंकवादी घटना थी। आज हमें महात्मा गांधी के विचारों पर चलते हुए अनगिनत बलिदानों व कुर्बानियों से मिली आजादी, लोकतंत्र और संविधान को और भी बुलंद करने व मजबूत करने का संकल्प लेना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। जननायक कर्पूरी ठाकुर ने पिछड़ों और वंचितों को आरक्षण का लाभ दिया पर आज झारखंड में भाजपा राज्यपाल के बहाने आरक्षण के बढ़ाये जाने की राज्य सरकार के फैसले को लागू नही होने दे रही है और कपूर्री ठाकुर का जयंती मनाकर व भारत रत्न देकर लोगों को भाजपा सरकार दिग्भर्मित करने की कोशिश कर रही है।जनता लोकतांत्रिक तरीकों से सरकारें चुनती हैं पर बिहार, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश से लेकर अब झारखंड में येन-केन प्रकारेण जनता की चुनी सरकारों को केंद्र की भाजपा सरकार गिरा रही है और सत्ता हड़प रही है। ईडी, सीबीआई, कोर्ट का सहारा लेकर विपक्ष को परेशान कर रही है।

झारखंड में मनरेगा घोटाला, खनन घोटाला के आरोपियों को छोड़ दिया जाता है। उन्होंने उपस्थित लोगों से नफरत व सांप्रदायिकता के खिलाफ लोकतंत्र और संविधान को मजबूत करने के लिए आम-आवाम को गोलबंद करने का आह्वान किया। उन्होंने आगामी 17-18 अप्रैल को जमुआ के मिर्जागंज में आयोजित भाकपा माले की गिरीडीह जिला सम्मेलन को सफल करने की अपील की।

मौके पर माले नेता पुरन महतो, सीताराम सिंह, पवन महती, मुस्तककीम अंसारी, आरवाईए जिला अध्यक्ष सोनू पांडेय, रेणु रवानी, केदार मंडल, महेंद्र पंडित, मुमताज अंसारी, सीताराम पासवान, सहदेव यादव, सूर्यदेव तुरी, शुभम मिश्रा, अमन पांडेय समेत कई की संख्या में माले कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### भाकपा माले ने महात्मा गांधी को दी श्रद्धांजलि



**गिरिडीह।** भाकपा माले गिरिडीह विधानसभा प्रभारी राजेश सिन्हा और महिला नेत्री प्रीति भास्कर के नेतृत्व में आज झंडा मैदान में माले के तरफ से शहीद महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी गई। महात्मा गांधी के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। श्री सिन्हा ने बताया कि भाजपा ऐसी पहली पार्टी है जो जिनको मारा गया गांधी जी और जिन्होंने मारा है नाथू राम गोडसे, दोनों का माल्यार्पण करता है। इसी बात से समझा जा सकता है कि इस भाजपा की सोच कितनी क्रूर है। क्या कृष्ण और कंस,राम और रावण आदि को एक साथ पूजा होती है क्या? वही माले नेत्री प्रीति भास्कर ने कहा कि भाजपा ने गांधी सोच वाले को अब ईडी, सीबीआई आदि का डर दिखा कर छापा मरवा रहा है जो बेहद ही गलत तरीका है। इस श्रद्धांजलि कार्यकम को किसान जनता पार्टी के केंद्रीय कमिटी के अवधेश कुमार सिंह ने भी समर्थन किया है,उन्होंने तिरंगे झंडे के साथ गांधी जी की सराहना की है। उनके कई कार्यकर्ता और लीडर ने गांधी जी का नारा लगाया। सिन्हा ने कहा कि पार्टी के स्तर से नहीं बल्कि गांधी की के नाम से उन्होंने इस कार्य की सराहना की है। कहा कि ऐसे कार्यों में हमेशा हम साथ हैं। इधर माले नेताओं के साथ टोटो यूनियन के भीम नाथ, गुप्ता जी, पिंटू, फरीद मेहताब चंदन गुप्ता, नवाब, कलाम, रोशन, कलाम आदि भी मौजूद थे।

### मुखिया ने विजेता को मेडल देकर किया सम्मानित




**गिरिडीह।** बिरनी प्रखंड के प्लस टू उच्च विद्यालय पेशम में पेशम मुखिया रागिनी सिन्हा के द्वारा खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजित किया गया था। जिसमें इस प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्राओं मुखिया रागिनी सिंह ने गोल्ड मेडल सिल्वर मेडल तथा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।इस मौके पर मुख्य रागिनी सिंह ने कहा की समय-समय पर बच्चों के प्रति खेलकूद को प्रतियोगिता का आयोजन करवाना चाहिए। इससे इनका मानसिक विकास होता है।

### बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत गिरिडीह में महिला स्वास्थकर्मियों ने निकाली रैली



**गिरिडीह।** गर्भ में पल रही बिटिया करे पुकार, जीने का दो हमे भी अधिकार, मंगलवार को गिरिडीह में महिला स्वास्थ कर्मियों ने रैली निकाला। इस दौरान रैली को सिविल सर्जन डा. शिव प्रसाद मिश्रा और समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हेम्ब्रम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जबकि रैली में सहिया, एएनएम शामिल हुई। सदर अस्पताल से निकल रैली इस दौरान शहर के कई हिस्सों का भ्रमण की। वहीं रैली में शामिल महिला स्वास्थ कर्मियों द्वारा लोगों के जागरुकता को लेकर कई नारे भी लगाएं जा रहे थे। भ्रुण हत्या बंद करो, गर्भ में बिटिया करे पुकार, मत छीनो मुझसे जीने का अधिकार समेत कई नारे शामिल थे। शहर भ्रमण के बाद रैली वापस सदर अस्पताल पहुंच कर समाप्त हुआ। वहीं बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ अभियान के तहत पचंबा स्थित हाई स्कूल में भी छात्राओं के लिए स्वास्थ जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं का हीमोग्लोबिन और एनीमिया का जांच किया गया। इस दौरान स्वास्थ विभाग के कई पदाधिकारी और स्वास्थ कर्मी मौजूद थे।

### डुमरी व निमियाघाट थाना में बापू को दी गई श्रद्धांजलि



**गिरिडीह।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहीद दिवस पर आज डुमरी तथा निमियाघाट थाना में बापू को श्रद्धापूर्वक श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर थाना प्रभारी सहित थाना के पुलिस अधिकारियों पुलिस के जवानों आदि ने दो मिनट का मौन रखकर राष्ट्रपिता को दी श्रद्धांजलि दी। पुलिस अधिकारियों ने महात्मा गांधी को सत्य, अहिंसा व शांति का पुजारी बताते हुए उनके आदर्शों पर चलने की बात कही। मौके पर इंस्पेटर मनोज कुमार, डुमरी थाना प्रभारी पवन कुमार सहित थाना कर्मियों तथा एएसआई, एसआई, पुलिस बल के जवान आदि मौजूद रहे।इधर निमियाघाट थाना में भी महात्मा गांधी को दो मिनट का मौन रखकर बापू को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। निमियाघाट थाना प्रभारी साधन कुमार, एसआई असीम कुजूर, एएसआई निकोलस सोरेन, एसआई चांद किस्कू, एएसआई इग्नाइस तिग्गा आदि सहित अन्य जवान शामिल थे।

### बिरनी : थाना प्रभारी ने जेवर दुकानदारों और स्वर्णकारों के साथ की बैठक



**गिरीडीह।** बिरनी थाना परिसर में मंगलवार को बिरनी थाना प्रभारी मृत्युंजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में थाना क्षेत्र के जेवर दुकानदार और स्वर्णकारों की एक बैठक संपन्न हुई। बताया जाता है कि बीते दिनों धनवार थाना क्षेत्र में घटी घटना को लेकर बिरनी थाना प्रभारी मृत्युंजय कुमार सिंह ने बैठक बुलाई और कड़ा निर्देश देते हुए कहा कि अपने अपने दुकानों में सीसीटीवी कैमरा लगाकर और लगे कोई संधि अवस्था में कोई भी युवक महिलाएं अनजान आदमी मिले तो वह तुरंत पुलिस को सूचना दें ताकि हमारे क्षेत्र में किसी प्रकार की घटना ना घटे।

### भारत को गोडसे का आतंकवादी राज नहीं धर्मनिरपेक्ष गणतंत्र की जरूरत : माले

**गिरिडीह।** आज भाकपा माले की ओर से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की शहादत दिवस पर जगह-जगह उपवास कार्यक्रम आयोजित किए गये और देश के आजादी में उनके योगदान को याद किया गया। साथ ही, भारत के धर्मनिरपेक्ष गणतंत्र को मजबूत करने के लिए भी संकल्प लिया गया। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से संजय चौधरी, लोगन सोरेन, मनोज यादव, रामलाल मुर्मू, शिवनंदन यादव, संतोष राय, फोदार सिंह, पांचू भोगता, शिवशंकर पुजहर, कुमार सिंह, कन्हैया सिंह, महेश वर्मा, चांदोलाल हांसदा, संदीप हांसदा, मोलो हांसदा, सोखा मुर्मू, सुखदेव गोस्वामी, संजय यादव, तुलो दास, राजेश टुडू, महावीर महतो, विमल वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

# आपके अखबार का स्वर्णिम पन्ना

14 अक्टूबर 1994 को आज के झारखंड और तब के दक्षिण बिहार के इतिहास में एक पन्ना जुड़ रहा था जो समाचार पत्र उद्योग के लिए आज भी महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत के सबसे पिछड़े जिले में से एक पलामू के मुख्यालय डाल्टनगंज से आज ही एक दिन सूचना,शिक्षा और मनोरंजन को ध्यान में रखकर दैनिक राष्ट्रीय नवीन मेल समाचार पत्र का उदय हो रहा था, जहां से आज भी आर्थिक कारणों से दैनिक समाचार पत्र निकालने का साहस कोई नहीं कर पाता । उत्साह से भरी पत्रकारों की टीम के सामने एक चुनौती यह भी थी कि पता नहीं इस पिछड़े क्षेत्र में पाठक मिलेंगे भी या नहीं, पर पाठकों के उत्साह में भी कोई कमी नहीं थी और पलामू ही नहीं तत्कालीन बिहार की राजधानी पटना तक यूपी के सीमावर्ती भभुवा तक लोगों ने इसे हाथों हाथ लिया और नवीन मेल वर्षों तक सबसे चहेता अखबार बना रहा जिसे पढे बिना लोगों को अधूरेपन का अहसास होता था । इस सफलता से उत्साहित होकर आज ही के दिन 31 जनवरी 1999 को रांची संस्करण की शुरूआत हुई। तब झारखंड/ वनांचल अलग प्रांत का आंदोलन चरम पर था और लगता था किसी दिन जल्दी ही चमत्कार हो जाएगा पर वर्तमान झारखंड तत्कालीन दक्षिण बिहार का उपनिवेश की तरह इसतेमाल करने वाले शक्तिशाली तंत्र भी था जो इसे हर हाल दबाना चाह रहा था जिनका दबाव समाचार पत्रों पर भी था, पर राष्ट्रीय नवीन मेल पलामू के अलावा पूरे झारखंड के कोने-कोने के लोगों के दुख दर्द और भ्रष्टाचार को प्रमुखता से उजागर करता रहा जिस कारण दर्जन भर मामले विभिन्न न्यायालयों में चले पर अंततः सत्य की ही विजय हुई और वर्तमान प्रधान संपादक सुरेश बजाज सहित पूरी टीम को न्यायालयों ने निर्दोष बताया। भारतीय मूल्यों के संवाहक होने के साथ आपका इस प्रिय अखबार ने पत्रकारिता के उच्च आदर्शों का भी पालन किया और शालीनता के साथ जनहित या राज्यहित को ही सर्वोपरि रखा । आज की पत्रकारिता इंटरनेट के आने से जितनी सहज हुई है उतनी ही कठिन भी क्योंकि जिसके हाथ में स्मार्ट फोन है वही पत्रकार है । सोशल मीडिया में पल भर में लाइव और जाने क्या क्या करने वाले युवा अति उत्साह में सबसे पहले खबर पहुंचाने की दौड़ में अनर्थ कर रहे हैं क्योंकि भेड़िया आया की शैली में बार बार बढ़ा चढ़ा कर सनसनी से दर्शक बटोरने में बड़े चैनल भी शामिल हो गए हैं और प्रिंट मीडिया की परखी हुई सच्ची खबरें भले उन्हें बासी लगें पर आज भी भरोसा छपी हुई खबरों पर ज्यादा है। आप सभी के स्नेह से हम एक संतुलित और सभी के लिए अखबार अनवरत निकालते रहे हैं जिसमें आप पाठकों की भूमिका सर्वोपरि है।

**आज ही के दिन 31 जनवरी 1999 को रांची संस्करण की शुरूआत हुई। तब झारखंड/ वनांचल अलग प्रांत का आंदोलन चरम पर था और लगता था किसी दिन जल्दी ही चमत्कार हो जाएगा पर वर्तमान झारखंड तत्कालीन दक्षिण बिहार का उपनिवेश की तरह इसतेमाल करने वाले शक्तिशाली तंत्र भी था जो इसे हर हाल दबाना चाह रहा था जिनका दबाव समाचार पत्रों पर भी था, पर राष्ट्रीय नवीन मेल पलामू के अलावा पूरे झारखंड के कोने-कोने के लोगों के दुख दर्द और भ्रष्टाचार को प्रमुखता से उजागर करता रहा जिस कारण दर्जन भर मामले विभिन्न न्यायालयों में चले पर अंततः सत्य की ही विजय हुई और वर्तमान प्रधान संपादक सुरेश बजाज सहित पूरी टीम को न्यायालयों ने निर्दोष बताया। भारतीय मूल्यों के संवाहक होने के साथ आपका इस प्रिय अखबार ने पत्रकारिता के उच्च आदर्शों का भी पालन किया और शालीनता के साथ जनहित या राज्यहित को ही सर्वोपरि रखा।**

इन दिनों

# मेडटेक मित्र: भारत निर्मित मेडटेक उत्पादों का हाईवे



विनोद के पॉल

**केंद्र** सरकार ने मेडटेक मित्र नाम से इनोवेटर्स की मदद के लिए एक पहल शुरू की है जिसका लक्ष्य क्लिनिकल मूल्यांकन, विनियामक सुविधा और नए मेडटेक उत्पादों को बढ़ावा देना है। नये मेडटेक उत्पाद (जैसे चिकित्सा उपकरण या डायग्नोस्टिक) की यात्रा एक आविष्कारक के विचार से शुरू होती है जो एक प्रयोगशाला में इसकी प्रमाण अवधारणा (पीओसी) का प्रदर्शन करता है। फिर आविष्कारक को आगे के परीक्षण के लिए प्रोटोटाइप के निर्माण हेतु एक भागीदार की आवश्यकता भी होती है। उत्पाद के लिए पशु अध्ययन की आवश्यकता और आखिर में मानव अध्ययन को सख्त नियामक और नैतिक दिशा निर्देशों का पालन करते हुए और मजबूत अनुसंधान विधियों को नियोजित करने की आवश्यकता भी होती है। एक अनुमोदित और लाइसेंस प्राप्त उत्पाद बड़े पैमाने पर उत्पादन और बाजार में प्रवेश के अवसर की प्रतीक्षा करता है। इनोवेटर्स और स्टार्टअप अपने तकनीकी काम में बहुत अच्छे हो सकते हैं, लेकिन विचार-विमर्श से लेकर क्लिनिकल सेटिंग में उपयोग के लिए तैयार उत्पाद तक की जटिल यात्रा को पूरा करना उनके लिए कठिन होता है; और अक्सर समय पर व्यापक मार्गदर्शन और सुविधा नहीं मिल पाती है। ज्यादातर इनोवेटर्स विनियामक आवश्यकताओं, परीक्षण और सत्यापन, उद्योग ग्रेड उत्पादन, पशु अध्ययन, मूल्यांकन/ परीक्षण, प्रौद्योगिकी मूल्यांकन अनिवार्यताओं, आदि के बारे में समझ और अवसरों की कमी से संबंधित कठिनाइयाँ का सामना करते हैं। परिणामस्वरूप, बड़ी संख्या में संभावित प्रभावी मेडटेक उत्पाद विकास पाइपलाइन के विभिन्न चरणों में अटके रहते हैं, और कभी भी मुख्यधारा में नहीं आ पाते हैं। निराशा हाथ लगती है और कई इनोवेटर्स हार मान जाते हैं। यह अस्वीकार्य स्थिति युवाओं की नवीन और उद्यमशीलता की भावना और प्रतिभा को दबा देती है; और देश के नवोन्मेषी, आर्थिक और स्वास्थ्य सेवा से जुड़े हितों को कमजोर करती है। केंद्र सरकार ने वैज्ञानिकों, इनोवेटर्स और स्टार्टअप्स के सामने आने वाली इन समस्याओं का समाधान करने के लिए मेडटेक उत्पाद विकास की यात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए एक हैंडहोल्डिंग हाईवे बनाया है। सुशासन दिवस के अवसर पर (25 दिसंबर 2023), भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने नीति आयोग और स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के केंद्रीय औषधि मानक और नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) के साथ साझेदारी में मेडटेक मित्र पहल शुरू की। आईसीएमआर के मेडिकल डिवाइस एंड डायग्नोस्टिक्स मिशन सचिवालय द्वारा आईसीएमआर वेबसाइट पर एक पोर्टल((https://medtechmitra.icmr.org.in/) चालू किया गया है। इसपर एक आवेदक इनोवेटर/ स्टार्टअप उत्पाद और उसके विकास के चरण का ऑनलाइन विवरण भरकर मार्गदर्शन का अनुरोध करता है। आईसीएमआर-सीडीएससीओ टीम मामले की जांच करती है और आवश्यक मदद के लिए कठिनाई की पहचान कर व्यक्तिगत बातचीत करती है और विशिष्ट सुविधात्मक कदमों के लिए आवेदक की मदद करती है। प्री-क्लिनिकल और क्लिनिकल अध्ययन एक बड़ी चुनौती हैं इसमें सहयोगी टीम और फंड की आवश्यकता होती है। मेडटेक मित्र टीम इनोवेटर्स को आईसीएमआर के प्री-क्लिनिकल और क्लिनिकल ट्रायल नेटवर्क और अन्य शोध संस्थानों के शोधकर्ताओं से जोड़ेगी। वैज्ञानिक समीक्षा प्रक्रिया द्वारा चयनित नवीन चिकित्सा प्रौद्योगिकियों पर प्री-क्लिनिकल और क्लिनिकल अध्ययन करने वाले संस्थानों को फंडिंग की पेशकश की जायेगी। भारत में निर्मित मेडटेक उत्पादों के विकास, सत्यापन, प्राधिकरण के इस राजमार्ग में अटल इनोवेशन मिशन (एआईएम), फार्मास्यूटिकल्स विभाग, अनुसंधान संस्थानों का इंटेंट नेटवर्क और कलाम इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ टेक्नोलॉजी और स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग के दो कार्यक्रम (भारत में स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी मूल्यांकन और दिशानिर्देश केंद्र) के मुख्य भागीदार हैं। इस पहल के लॉन्च के कुछ ही दिनों के अंदर, 80 से अधिक इन्नोवेटर्स मेडटेक मित्र से जुड़े हैं जो इस तरह की हैंडहोल्डिंग प्रणाली की आवश्यकता को दर्शाता है। भविष्य में इस प्रणाली की संभावनाएँ बहुत अधिक हैं। मेडटेक उद्योग एक उभरता हुआ क्षेत्र है, जिसका मूल्य वर्तमान में 11 बिलियन अमेरिकी डॉलर है, और 2030 तक 50 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की ओर अग्रसर है। भारत का नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र तेजी से चमक रहा है। देश में 1 लाख (कुछ साल पहले के 500 की तुलना में) से अधिक स्टार्टअप हैं जिनमें से एक महत्वपूर्ण अनुपात चिकित्सा प्रौद्योगिकियों पर केंद्रित है। भारत में डायग्नोस्टिक्स जैसे चिकित्सा उपकरणों की भारी मांग है, लेकिन हम उनमें से 80% आयात करते हैं। स्वदेशी मेडटेक उत्पाद अक्सर निम्न स्तर की तकनीक वाले होते हैं। देश की वर्तमान और भविष्य की जरूरतों और वैश्विक मांग को पूरा करने के लिए भी हमे इसे बदलना होगा। चिकित्सा प्रौद्योगिकियों का सुपर हब बनना भारत की नियति है। इसके लिए हमारे नवाचार और अनुसंधान एवं विकास प्रणाली को उत्कृष्टता हासिल करनी होगी। और हमारे उद्योग को खुद को दुनिया भर में उच्च-स्तरीय और नवीन मेडटेक उत्पादों के आपूर्तिकर्ता के रूप में बदलना होगा। सरकार ने हाल ही में मेडटेक सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाये हैं। चिकित्सा उपकरण पार्क विकसित किये जा रहे हैं। राष्ट्रीय चिकित्सा उपकरण नीति लॉन्च की गई है। फार्मा-मेडटेक क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास और नवाचार पर एक राष्ट्रीय नीति जारी की गई। फार्मा-मेडटेक क्षेत्र में अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एक योजना (पीआरआईपी) भी हाल ही में शुरू की गई है ताकि फार्मा-मेडटेक उद्योग में वृद्धिशील नवाचार के पारंपरिक दृष्टिकोण से विघटनकारी नवाचार तक एक आदर्श बदलाव प्रदान किया जा सके। मेडटेक मित्र पहल को प्रधानमंत्री के 'जय विज्ञान, जय अनुसंधान' और मेक-इन-इंडिया के आह्वान को मूर्त रूप देते हुए मेडटेक क्षेत्र के लिए नवाचार और अनुसंधान एवं विकास परिवेश को प्रेरित करने के उपरोक्त प्रयासों की निरंतरता के रूप में देखा जाना चाहिए। विकसित भारत की प्रगति में मेडटेक उत्पाद हमारे औद्योगिक पोर्टफोलियो का एक प्रमुख हिस्सा बनकर उभरेंगे। मेडटेक मित्र एक पोर्टल नहीं है, बल्कि विशेषज्ञ सहायता, सुविधा, तकनीकी सहायता और नियामक मार्गदर्शन की एक पूरी प्रणाली है। सरकार मेडटेक मित्र विंडो तक पहुंचने के लिए वैज्ञानिकों, इन्नोवेटर्स, स्टार्टअप और स्थापित कंपनियों को आमंत्रित करती है। हम इनोवेटर्स इनेबलर के मित्र को लगातार सीखने और सुधारने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मेडटेक मित्र में भारत के मेडटेक इनोवेशन इकोसिस्टम और मेक-इन-इंडिया मिशन के लिए गेम-चेंजर बनने की क्षमता है। यह मंच किफायती, स्वदेशी, उच्च गुणवत्ता वाले चिकित्सा उपकरणों और निदान के माध्यम से सार्वभौमिक स्वास्थ्य सेवा प्राप्त करने के भारत के प्रयासों को भी मजबूत करेगा।

**डॉ. विनोद पॉल नीति आयोग के सदस्य हैं।**

**ज्यादातर इनोवेटर्स विनियामक आवश्यकताओं, परीक्षण और सत्यापन, उद्योग ग्रेड उत्पादन, पशु अध्ययन, मूल्यांकन/ परीक्षण, प्रौद्योगिकी मूल्यांकन अनिवार्यताओं, आदि के बारे में समझ और अवसरों की कमी से संबंधित कठिनाइयाँ का सामना करते हैं। परिणामस्वरूप, बड़ी संख्या में संभावित प्रभावी मेडटेक उत्पाद विकास पाइपलाइन के विभिन्न चरणों में अटके रहते हैं, और कभी भी मुख्यधारा में नहीं आ पाते हैं। निराशा हाथ लगती है और कई इनोवेटर्स हार मान जाते हैं। यह अस्वीकार्य स्थिति युवाओं की नवीन और उद्यमशीलता की भावना और प्रतिभा को दबा देती है; और देश के नवोन्मेषी, आर्थिक और स्वास्थ्य सेवा से जुड़े हितों को कमजोर करती है। केंद्र सरकार ने वैज्ञानिकों, इनोवेटर्स और स्टार्टअप्स के सामने आने वाली इन समस्याओं का समाधान करने के लिए मेडटेक उत्पाद विकास की यात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए एक हैंडहोल्डिंग हाईवे बनाया है।**

## आपकी बात

### नवीन मेल के संपादक को लिखने नहीं आता

आज से तीन महीने पहले आपके दैनिक अखबार राष्ट्रीय नवीन मेल लेता था अब अखबार लेना छोड़ दिया कारण शीर्षकों में गलतियों का अंबार हमें मिलता है,अर्थ का अनर्थ शब्द मिलता है और एक खबर मैंने पढ़ा की अयोध्या मंदिर में २२ जनवरी को महोत्सव होने वाला ११ जनवरी को ही मनाया गया,ये शीर्षक मिला मैं आपका अखबार पढ़ना छोड़ रहा हूं कृपया प्रधान संपादक अपने अखबारों में सुधार लायें जरूरत से ज्यादा खबरें दोबारा छपी मिलती है, ध्यान दिया जाय मुख्य पृष्ठ पर मैं देख रहा हूं संपादक की कलम से लिखा खबर मुझे आज तक समझ नही आया ना ही स्टोरी समझ आती है न ही शीर्षक समझ आता है, खबरों को जांच कर दिया जाय!

**– आपका शुभचिंतक प्रफुल्ल मिश्रा**

### फुटपाथ की दुकानें स्थाई हो

शहर में कई जगहों पर विशेष नाम से पहचान है। यहां पर स्थायी दुकानें नहीं,बल्कि फुटपाथ पर ही दुकानें लगती है। जैसे। घासपट्टी, घड़ा पट्टी, लोहा पट्टी, दौरी पट्टी, गुड़ पट्टी, बताशा पट्टी इत्यादि इन सब की दुकानें एक आध को छोड़ दें, तो सभी सड़क पर ही लगती है। इन दुकानों को एक जगह अगर व्यव्यस्थित तरीके से लगाने की व्यवस्था अगर नगर निगम करें,तो बरसात व अन्य मौसम में इन्हें सामग्री बेचने में सुविधा होगी। साथ ही इनके खरीदार भी आसानी से यहां पहुंचकर अपनी पंसद की सामग्री खरीद सकते हैं। इन सभी की दुकानें बरसात के समय में हटा ली जाती है। वहीं अभी अतिक्रमण के द्वारा सब्जी विकेताओं को रोड से हटा दिया गया। जिससे सब्जी विक्रेताओं की बिक्री प्रभावित हुई है। कोरोना काल में भी सब्जी विक्रेताओं को शिवजी मैंदान में रखा गया था। लेकिन शहर से दूर होने के कारण लोगों को सब्जी खरीदने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा था। मै लोकप्रिय हिंदी दैनिक समाचार राष्ट्रीय नवीन मेल के माध्यम से नगर निगम का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूँ कि इन सब्जी विक्रेताओं के लिए स्थायी समाधान निकाला जाय और इन्हे स्थायी रूप से दुकान दिया जाय। ताकि शहर का विकास हो सब्जी बाजार को दुसरे जगहों पर शिफ्ट होने से शहर का विकास होगा। इस तरह दुकानों को एक जगह स्थायीरूप दुकान दिया जाये, जिससे की वे हर मौसम में अपनी सामग्री बेच सकें और इससे ग्राहकों को भी सुविधा होगी।

**– मोहन प्रसाद, डालटनगंज**

अपराध-जगत

# 'सूचना' जैसी निर्दयी मां कब तक रहेगी समाज में...!



ऋतुपर्ण दवे

***कोई*** मां भला कैसे निर्दयी हो सकती है? क्रूर हो सकती है? कैसे अपने जिगर के टुकड़े को बैग में पैक कर सड़क रास्ते लंबे सफर पर बेखौफ निकल सकती है? इसके जवाब मनोचिकित्सकों के पास अपने-अपने ढंग के और अलग भी हो सकते हैं। लेकिन गोवा में एक आम नहीं बल्कि बेहद खास वो मां जिसने देश-दुनिया को अपनी सफलता से आकर्षित किया और निर्दयता और क्रूरता की सारी हदें पार कर जाये तो हैरानी होती है। गोवा में जघन्य हत्याकांड ने जहां हर किसी को झकझोरा, वहीं कई सवाल भी खड़े कर दिये। बेहद पढ़ी-लिखी मां जिसे दुनिया आदर्श समझती थी, वही अपराधी निकले? सवाल यकीनन कचोटने वाला है। लेकिन जवाब आसान भी नहीं है। लेकिन ऐसा भी क्या नफरत जो इसकी बलि वेदी पर खुद का मासूम चढ़ा दिया जाए? निश्चित रूप से बेकाबू गुस्सा, सोचने, समझने की शक्ति पर नियंत्रण खोना इंसान को कितना हैवान बना देता है। लेकिन सूचना सेठ ने जिस शातिर अंदाज में अपनी इकलौती संतान को मौत की नींद सुलाया वह बेहद अलग और चिंतनीय है। जैसा कि खुलासों से पता चला है कि बच्चे को अत्यधिक कफ सिरप पिलाकर बेसुध कर उसका दम घोंट मौत की नींद सुला दिया गया। लाश बैग में भर आधी रात को बड़े बेखौफ अंदाज में बेधड़क होटल के रिशेप्शन पर कैब ड्राइवर को पकड़ाना और सड़क रास्ते गोवा से बेंगलुरु के लंबे सफर पर निकलना किसी हॉरर स्टोरी से कम नहीं है। रास्ते भर चुप्पी और सामान्य हाव-भाव बनाये रखना। बारह घंटे लाश के साथ सफर करना यकीनन बेदिल कातिल का ऐसा अंदाज था जैसे वह इंसान नहीं एआई (आर्टिफीसियल इंटेलीजेंस) हो। इस मां की सारी करतूत बेहद हैरतअंगेज है। गनीमत रही कि जहां होटल स्टाफ को संदेह हुआ, वहीं कैब ड्राइवर भी परेशान था कि हवाई यात्रा के मुकाबले बेहद लंबे सफर पर निकली महिला इतनी शांत और सहज कैसे है? शक और कमरे में मिले सबूतों के आधार पर होटल वाले पुलिस को इत्तला करते हैं। पुलिस कैब वाले से कोऑर्डिनेट करती है। कैब ठिकाने के बजाय सीधा थाने पहुंच जाती है। वहां बैग में कपड़ों के बीच छुपा चार साल के मासूम का शव मिलता है।

**लाश बैग में भर आधी रात को बड़े बेखौफ अंदाज में बेधड़क होटल के रिशेप्शन पर कैब ड्राइवर को पकड़ाना और सड़क रास्ते गोवा से बेंगलुरु के लंबे सफर पर निकलना किसी हॉरर स्टोरी से कम नहीं है।**



बोधि वृक्ष

## किन्नर कैलाश का धार्मिक महत्व

जिन लोगों को आवश्यकता है वे रेकांग पियो या टैंगलिंग गांव से उपलब्ध गाइड और पोर्टर्स की सेवा ले सकते हैं।

**किन्नर कैलाश परिक्रमा ट्रेक करने का सबसे अच्छा समय :** भगवान शिव के पौराणिक घर किन्नर कैलाश के लिए एक संपूर्ण मार्गदर्शिकाश्रेयः हैप्पीट्रिप्स एडिटर्स/शिखा गौतम हर साल यह ट्रेक मई और अक्टूबर के महीने के बीच शुरू होता है। हालाँकि, सितंबर और अक्टूबर के बीच जाने का सुझाव दिया जाता है क्योंकि मई, जून, जुलाई और अगस्त की शुरूआत में इस क्षेत्र में भारी वर्षा होती है, जिससे ट्रेकर्स के लिए यह थोड़ा मुश्किल हो जाता है। चरम मानसून के दौरान भूस्खलन और बादल फटना काफी आम है, इसलिए इससे बचें।

**याद रखने/ले जाने योग्य बातें**

**-सुनिश्चित करें कि आपके पास पानी से भरी बोतलें अच्छी तरह से सुसज्जित हैं।**


- ऊनी कपड़े
- विंड चीटर्स
- अतिरिक्त बैटरी के साथ टॉर्च/हेडलैंप
- ट्रेकिंग बूट
- वॉकिंग स्टिक
- सनस्क्रीन/सन हैट/लिप बाम
- प्राथमिक चिकित्सा किट
- एनर्जी बार/पैक्ड खाद्य पदार्थ
- अतिरिक्त पासपोर्ट आकार की तस्वीरें

हर साल, हजारों भक्त जाते हैं किन्नर कैलाश तीर्थ यात्रा पर, जो काफी कठिन है। याद रखें, यह ट्रेक काफी हद तक मौसम पर निर्भर करता है और चरम मानसून के मौसम के दौरान इसका सुझाव नहीं दिया जाता है। अतीत में कई सड़क दुर्घटनाएं और प्राकृतिक आपदाएं हुई हैं, इसलिए इस यात्रा पर निकलने से पहले सावधान रहना होगा। (समाप्त)

## फेसबुक वॉल से




## X - से




अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# सशक्त भारत का आधार है कानूनों का सरलीकरण



ललित गर्ग

***सुप्रीम*** कोर्ट की हीरक जयन्ती एक अवसर है भारतीय न्याय प्रणाली की कमियां पर मंथन करते हुए उसे अधिक चुस्त, त्वरित एवं सहज सुलभ बनाना। मतलब यह सुनिश्चित करने से है कि सभी नागरिकों के लिये न्याय सहज सुलभ महसूस हो, वह आसानी से मिले, जटिल प्रक्रियाओं से मुक्त होकर सस्ता हो। इस दृष्टि से यह अकल्पित उपलब्धियों से भरा-पूरा अवसर भारत न्याय प्रक्रिया को एक नई शक्ति, नई ताजगी, और नया परिवेश देने वाला साबित हो रहा है। क्योंकि आजादी के अमृतकाल में पहुंचने तक भारत की न्याय प्रणाली अनेक कंटिली झाड़ियों में उलझी रही है। भारतीय न्यायिक व्यवस्था का छिद्रान्वेषण करें तो हम पाते हैं कि न्यायाधीशों की कमी, न्याय व्यवस्था की खामियाँ और लचर बुनियादी ढाँचा जैसे कई कारणों से न्यायालयों में लंबित मुकदमों की संख्या बढ़ती जा रही है तो वहीं दूसरी ओर न्यायाधीशों व न्यायिक कर्मचारियों पर काम का बोझ बढ़ता जा रहा है। न्याय में देरी अन्याय कहलाती है लेकिन देश की न्यायिक व्यवस्था को यह विडंबना तेजी से घेरती जा रही है। सुप्रीम कोर्ट की 75वीं वर्षगांठ पर आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सरकार द्वारा न्यायिक व्यवस्था को प्रभावी, आधुनिक, तकनीकी बनाने के लिये उठाये कदमों की चर्चा की। उन्होंने अप्रासंगिक हो चुके कानूनों को बदलने एवं आधुनिक अपेक्षाओं के नये कानून बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। जैसाकि खुद प्रधानमंत्री ने जिक्र किया औपनिवेशिक दौर के पुराने पड़ चुके कानूनों की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय न्याय संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम जैसे नये कानून लाना बड़ा कदम है। हालांकि ये कानून अभी लागू नहीं हुए हैं और इनसे जुड़े कुछ पहलुओं पर पुनर्विचार की जरूरत भी महसूस की जा रही है, लेकिन फिर भी इस कदम की अहमियत को कम करके नहीं आंका जा सकता। इस कार्यक्रम में उपस्थित अन्य गणमान्य व्यक्तियों में भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश, केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, अटॉर्नी जनरल वेंकटरमणी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता शामिल थे।

**भारतीय न्यायिक व्यवस्था का छिद्रान्वेषण करें तो हम पाते हैं कि न्यायाधीशों की कमी, न्याय व्यवस्था की खामियाँ और लचर बुनियादी ढाँचा जैसे कई कारणों से न्यायालयों में लंबित मुकदमों की संख्या बढ़ती जा रही है।**

## टेक वर्ल्ड

### व्हाट्स स्टेटस को इंस्टाग्राम पर शेयर करने का आसान तरीका

इस तरह, यह नया अपडेट व्हाट्सएप और इंस्टाग्राम उपयोगकताओं को और भी जुड़े रहने का मौका देता है, जिससे उन्हें सोशल मीडिया पर अपने विचारों और अनुभवों को साझा करने का अधिक सरल और तेज तरीका मिलता है। यह नई फीचर व्हाट्सएप और इंस्टाग्राम उपयोगकताओं के लिए एक सरल और सुगम संवेदना प्रदान करती है, जो उन्हें उनके सोशल मीडिया अनुभव को और भी रोचक बनाती है।




(समाप्त)

**दिल्ली में व्हाट्सएप से बुक होने वाली हैं बस टिकटें, सफर होगा आसान :** जी हां! अब आप व्हाट्सएप के जरिए अपनी बस टिकटों को भी बुक कर सकते हैं, बता दें कि बस यात्रियों को अलग-अलग वजहों से कई बार टिकट लेने में समस्या का सामना करना पड़ता रहा है। एक तो बस में कभी छुट्टे पैसे की समस्या होती है, तो कभी भीड़ के कारण कंडक्टर तक पहुंचने में दिक्कत होती है। अगर आप दिल्ली में रहते हैं तो आपको पहले से पता होगा कि दिल्ली मेट्रो की टिकटों को अब आप अपने व्हाट्सएप से आसानी से बुक कर सकते हैं। निश्चित रूप से लाइन में खड़े रहना और कभी छुट्टे पैसे ना होना, कभी मशीन का काम न करना इत्यादि समस्याओं से दिल्ली मेट्रो के यात्रियों को राहत मिल चुकी है, और अब कुछ ऐसा ही सिस्टम दिल्ली परिवहन के लिए शुरू होने वाला है। जी हां!

(क्रमशः)

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# बापू को पुण्यतिथि पर राष्ट्रपति मुर्मू और पीएम मोदी ने राजघाट पहुंचकर दी श्रद्धांजलि



नई दिल्ली। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 76 वीं पुण्यतिथि पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके समाधि स्थल राजघाट पर पहुंचकर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ सहित कई केंद्रीय मंत्री व अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी राजघाट पहुंचकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर भी महात्मा गांधी को नमन करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा, मैं पूज्य बापू को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। मैं उन सभी को भी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं जो हमारे देश के लिए शहीद हुए हैं। उनका बलिदान हमें लोगों की सेवा करने और हमारे राष्ट्र के लिए उनके दृष्टिकोण को पूरा करने के लिए प्रेरित करता है। श्रद्धांजलि देने वालों में कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री सोनिया गांधी भी शामिल हैं।

## एक नजर

### राधा रतूड़ी होंगी उत्तराखंड की नई मुख्य सचिव

**देहरादून।** उत्तराखंड को अब जल्द ही नया मुख्य सचिव मिलने जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस पर अपनी मौहर लगा दी है। सीनियर आईएएस राधा रतूड़ी अब प्रदेश की नई मुख्य सचिव होंगी। एसीएस राधा रतूड़ी काफी सीनियर आईएएस हैं जो अभी तक एसीएस की जिम्मेदारी निभा रही थी, लेकिन अब वो मुख्य सचिव की जिम्मेदारी संभालेंगी।

### मजाक में बैग में बम होने की बात कहने पर हवाई यात्री गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में एक हवाई यात्री को गिरफ्तार कर लिया गया है, जिसने विमान में सुरक्षा जांच के दौरान मजाक में कहा था कि उसके बैग में बम है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान 48 वर्षीय साजु के कुमारन के रूप में की गई है, जो एक निजी कंपनी का कर्मचारी है। यह घटना रविवार शाम को हुई, जब कुमारन को एयर इंडिया की फ्लाइट से बेंगलुरु से केरल के कोच्चि के लिए रवाना होना था। कथित तौर पर विमान में सवार आरोपी ने कर्मचारियों को यह कहते हुए अपना बैग जांचने की अनुमति नहीं दी कि वह इसमें बम ले जा रहा है, इसके बाद उसे विमान से उतार दिया गया।

### यूपी राज्यसभा चुनाव में एनडीए-इंडिया गठबंधन आमने-सामने

**लखनऊ।** देश में लोकसभा चुनाव से पहले, उत्तर प्रदेश की 10 राज्यसभा सीटों के लिए अगले महीने चुनाव होने वाले हैं। इन चुनावों के साथ भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) और इंडिया गठबंधन के बीच दिलचस्प मुकाबले का मंच तैयार हो गया है। अप्रैल में सेवानिवृत्त होने वाले राज्य के 10 राज्यसभा सदस्यों में से नौ भाजपा के और एक समाजवादी पार्टी (सपा) का है। 27 फरवरी के चुनाव ने एनडीए और इंडिया के घटकों के बीच एक दिलचस्प मुकाबले का मंच तैयार कर दिया है। जबकि भाजपा ने राज्य से 2018 के द्विवार्षिक चुनावों में जीती गई नौ राज्यसभा सीटों को बरकरार रखने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। वहीं सपा को सत्तारूढ़ पार्टी के गेम प्लान का मुकाबला करके अपनी ताकत बढ़ाने का भरोसा है। 2018 के रास चुनाव में भाजपा ने कथित तौर पर विपक्षी विधायकों द्वारा क्रॉस-वोटिंग की योजना बनाई थी।

## वंशवाद की राजनीति को मतदाताओं ने पूरी तरह से खारिज किया : भाजपा

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस के लोकतंत्र पर दिए बयान पर पलटवार करते हुए इसे बेबुनियाद बयान बताया है। मंगलवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बेबुनियाद बयान दिया है। चाहे वे कुछ भी कहें, सच तो यह है कि लोकतंत्र की आड़ में वंशवाद की राजनीति वर्षों से जारी थी। इसे अब मतदाताओं ने पूरी तरह खारिज कर दिया है। यह वंशवादी राजनीति अपने ग्रहण की ओर बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की पराजय और आईएनडीआई गठबंधन के विघटन के बाद कांग्रेस बौखला गई है। इसी बौखलाहट में कांग्रेस ने आपत्तिजनक बयानबाजी शुरू कर दी है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आधारहीन और अनर्गल बयान दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में सच्चे लोकतंत्र का वास्तविक उदय हो रहा है। लोकसभा चुनाव में उत्तर से दक्षिण तक देश की प्रबुद्ध जनता ने लोकतंत्र के नाम पर जो राजतंत्र चला रहे थे, उन्हें सबक सिखाने का काम किया। वंशवाद का उदाहरण पेश करते हुए सुधांशु ने कहा कि कश्मीर में अब्दुल्ला या मुफ्ती परिवार चुनाव हार गए, पंजाब में बादल परिवार चुनाव हारा, हरियाणा में हुड्डा परिवार चुनाव हारा, अशोक गहलोत का बेटा चुनाव हारा, उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव की पत्नी चुनाव हारीं, चौधरी अजीत सिंह और उनके बेटे चुनाव हारे, बिहार में लालू प्रसाद यादव की बेटी चुनाव हारीं, तेलंगाना में केसीआर की बेटी चुनाव हारीं और परिवारवाद के सबसे बड़े प्रतीक राहुल गांधी भी चुनाव हारे। जनता ने वंशवाद की राजनीति को सिरे से नकार दिया है।

### इंडिया गठबंधन 'ब्रेन डेड' हो गया है : प्रह्लाद जोशी



**नई दिल्ली।** नीतीश कुमार के विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन से अलग होने के बाद सवाल उठाते हुए केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा है कि इंडिया गठबंधन अब 'ब्रेन डेड' गठबंधन हो गया है। संसद भवन परिसर में बजट सत्र के दौरान दोनों सदनों की कार्यवाही को सुचारू ढंग से चलाने के लिए बुलाई गई सर्वदलीय बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा कि इंडिया गठबंधन अब 'ब्रेन डेड' गठबंधन हो गया है। उन्होंने कहा कि हमने पहले ही बोला था कि यह एक अस्वाभाविक गठबंधन है और जो अस्वाभाविक होता है, जल्दी ही उसकी मृत्यु हो जाती है और इसलिए यह गठबंधन अब 'ब्रेन डेड' हो गया है। कांग्रेस का स्वभाव है झगड़ा करने का, टूटने का, इसलिए यह इंडी का झगड़ा अपने अंतिम मुकाम तक आ रहा है।

### कर्नाटक में हनुमान ध्वज हटाने को लेकर खींचतान जारी

**बेंगलुरु ।** मांड्या जिले के केरागोडु गांव में हाल ही में हनुमान ध्वज हटाए जाने के मुद्दे पर कर्नाटक सरकार और विपक्ष के बीच मंगलवार को भी तीखी नोकझोंक जारी रही। भाजपा ने इस कदम की निंदा करते हुए सभी जिला मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन किया था। विवाद पर टिप्पणी करते हुए उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने मंगलवार को बेंगलुरु में कहा कि मांड्या और पुराने मैसूरु क्षेत्र में लोग शांति से रह रहे हैं और भाजपा वहां भी शांति भंग करने का प्रयास कर रही है। कर्नाटक के गांवों में सभी लोग भाईचारे के साथ रहते हैं और सभी त्योहार एक साथ मिलकर मनाते हैं। भाजपा नेता एक नया प्रयोग लेकर आए हैं, जो लोगों के बीच सद्भाव को नष्ट कर देगा। ग्राम पंचायत द्वारा वहां केवल तिरंगे या क्षेत्रीय झंडे को लगाने की अनुमति देने के बावजूद हनुमान ध्वज फहराया गया। शिवकुमार ने कहा, भाजपा द्वारा गढ़ा गया नारा हर घर तिरंगा कहां गया? उन्हें राष्ट्रीय ध्वज के बजाय हनुमान का झंडा फहराते रहने दें।

### पति-पत्नी की मिली लाश, दोनों के सिर पर लगी थी गोली

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में मंगलवार सुबह पुलिस को सूचना मिली कि एक महिला और एक पुरुष का गोली लगा शव सड़क के किनारे पड़ा है। एक एस क्रॉस गाड़ी भी वहां मौजूद थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू की तो पता चला यह शव पति-पत्नी का है और गाड़ी भी उन्हीं की है। मौके से एक तमंचा भी बरामद हुआ है। शुरूआती जांच में पुलिस मान रही है कि पति ने पत्नी की तमंचे से गोली मारकर हत्या की और फिर सुसाइड कर लिया। लेकिन पुलिस दोनों की हत्या की आशंका की भी जांच कर रही है। दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। मधुबन बापूधाम थाना क्षेत्र के कमला नेहरु नगर में एम्स का नशा मुक्ति केंद्र है। इसके नजदीक सुबह करीब 8 बजे महिला-पुरुष की लाश पड़ी हुई थी। इस सूचना पर तुरंत थाने की पुलिस पहुंची। इसके बाद डीसीपी (सिटी) ज्ञानन्जय कुमार सिंह भी पहुंच गए। दोनों महिला-पुरुष को गोली लगी थी। मृतकों की पहचान 45 साल के विनोद और उनकी 41 साल पत्नी दीपक के रूप में हुई।



### कांग्रेस कार्यकताओं में झड़प, नोटिस जारी

**भोपाल।** भोपाल में कांग्रेस पार्टी मुख्यालय में दो कार्यकताओं के बीच झड़प हो गई। इसके बाद मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एमपीसीसी) ने उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया है। घटना सोमवार की है। कांग्रेस कार्यकताओं की इस शर्मनाक हरकत का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। विवाद तब शुरू हुआ जब प्रवक्ता शहरयार खान ने प्रदीप अहिरवार के खिलाफ आरोप लगाते हुए दावा किया, "प्रदीप पिछले विधानसभा चुनाव में टिकट वितरण को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को मौखिक रूप से अपशब्द कह रहे थे।

### कोहरे के चलते खड़े ट्रक से टकराई बस, 4 घायल

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के थाना मसूरी क्षेत्र में मंगलवार सुबह छाए घने कोहरे के चलते एक भीषण हादसा हो गया। सड़क किनारे खड़े एक ट्रक में एक बस ने टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें पास के ही अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिनका इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि घना कोहरा होने के कारण बस चालक सड़क के किनारे बेतरतीब तरीके से खड़े ट्रक को नहीं देख पाया और एक्सीडेंट हो गया। ये दुर्घटना गाजियाबाद के नेशनल हाईवे 9 पर हुई है। बस दिल्ली से हल्द्वानी जा रही थी।

### विशेष पीएमएलए अदालत ने खारिज की टीएमसी नेता शाहजहां की याचिका

**कोलकाता।** कोलकाता की एक विशेष पीएमएलए अदालत ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल के संदेशखली में ईडी और सीएपीएफ कर्मियों पर 5 जनवरी को हुए हमले की साजिश रचने के आरोपी फरार तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां के खिलाफ अंतरिम कोई जबरदस्ती कार्रवाई की अपील खारिज कर दी। विशेष अदालत के न्यायाधीश ने कहा कि ईडी ने पहले ही मामले में पर्याप्त संयम और कोई जबरदस्ती नहीं करने वाला दृष्टिकोण दिखाया है। भूमिगत शाहजहां की अग्रिम जमानत अर्जी मंगलवार दोपहर विशेष अदालत में सुनवाई के लिए आई। जज ने ईडी के वकील से शाहजहां पर लगे आरोपों का ब्यौरा मांगा। जब ईडी के वकील ने इस संबंध में विवरण प्रस्तुत करने के लिए कुछ समय मांगा, तो न्यायाधीश ने मामले में सुनवाई तीन फरवरी तक के लिए स्थगित कर दी। उस समय शाहजहां के वकील ने अंतरिम अवधि के दौरान अपने मुवक्किल के खिलाफ ईडी द्वारा कोई जबरदस्ती कार्रवाई नहीं करने की याचिका दायर की। उस याचिका को खारिज करते हुए न्यायाधीश ने टिप्पणी की कि ईडी पहले ही इस मामले में पर्याप्त कोई-जबरदस्ती न करने वाला दृष्टिकोण दिखा चुका है।

### 'नीतीश कुमार चतुर नहीं, निहायती ही धूर्त'

**बेगूसराय।** चर्चित चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने मंगलवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर जोरदार निशाना साधा। उन्होंने खुलकर कहा कि यह आदमी चतुर नहीं, निहायती धूर्त है। वे बिहार के लोगों को ठग रहे हैं। बेगूसराय में पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि आप लिखकर रखिए कि नीतीश कुमार अब चाहे जिस गठबंधन में लड़े या भाजपा के साथ लड़े, अगली बार विधानसभा चुनाव में इनके 20 से कम विधायक चुन कर आएंगे। जदयू को आगामी विधानसभा चुनाव में 20 विधायक भी नहीं आएंगे, अगर आएंगे तो मैं राजनीति से संन्यास ले लूंगा। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता इतनी बेवकूफ नहीं है। जनता आज असहाय महसूस कर रही है। नीतीश कुमार खुद को चतुर समझ रहे हैं, लेकिन, ये आदमी चतुर नहीं निहायत धूर्त आदमी है। जो पूरे बिहार की 13 करोड़ की जनता को मूर्ख बनाकर ठग रहा है। अगले चुनाव में बिहार की जनता ब्याज समेत इनका हिसाब करेगी। प्रशांत किशोर ने दावे के साथ कहा कि अगर किसी एक नेता के खिलाफ जनता में सबसे ज्यादा गुस्सा है, तो वे नीतीश कुमार हैं। आप किसी भी वर्ग से, सामान्य नेता से, जनता से बात कीजिए, नीतीश कुमार के अपने समर्थक, वोटर और पार्टी के नेताओं से बात कीजिए, हर आदमी आज नीतीश कुमार के खिलाफ अपशब्द और गलत बात कह रहा है।

### चंडीगढ़ विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलपति सतनाम संधू राज्यसभा के लिए मनोनीत

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने चंडीगढ़ विश्वविद्यालय के संस्थापक-कुलपति सतनाम सिंह संधू को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया है। गृह मंत्रालय ने मंगलवार को जारी एक अधिसूचना में इसकी जानकारी दी। अधिसूचना में कहा गया है कि किसान के बेटे संधू भारत के प्रमुख शिक्षाविदों में से एक हैं। उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति ने उनके उच्च सदन में मनोनयन का स्वागत करते हुए कहा है कि वे सतनाम सिंह संधू के राज्यसभा के लिए नामांकन का स्वागत करते हैं। सामुदायिक सेवा में उनका समृद्ध कार्य और शिक्षा, नवाचार और सीखने के प्रति उनका जुनून राज्यसभा के लिए ताकत का बड़ा स्त्रोत होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संधू को राज्यसभा में मनोनीत किए जाने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि सतनाम संधू ने खुद को एक प्रसिद्ध शिक्षाविद् और सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में हैं। वे विभिन्न तरीकों से जमीनी स्तर पर लोगों की सेवा कर रहे हैं।

## भाजपा नेता की हत्या में पीएफआई के 15 सदस्यों को मौत की सजा



**एजेंसी। कोच्चि**

केरल की एक अदालत ने 2021 में भाजपा नेता रंजीत श्रीनिवासन की हत्या के मामले में दोषी ठहराए गए प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के 15 सदस्यों को मंगलवार को मौत की सजा सुनाई। बीजेपी के ओबीसी मोर्चा के प्रदेश सचिव की हत्या मामले में 31 आरोपी हैं और 15 आरोपियों पर यह फैसला सुनाया गया। 20 जनवरी को मावेलिक्कारा के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश वीजी श्रीदेवी ने सभी 15 आरोपियों को हत्या का दोषी पाया था। अलाप्पुझा बार एसोसिएशन में प्रैक्टिस करने वाले वकील रेन्जिथ 2021 में अलाप्पुझा विधानसभा क्षेत्र के लिए भाजपा के उम्मीदवार थे। यह घटना 19 दिसंबर, 2021 को हुई, जब पीएफआई के सदस्यों ने अलाप्पुझा में उनके आवास में घुसकर उनकी पत्नी और मां की मौजूदगी में उनकी हत्या कर दी। मृतक के परिवार ने फैसले पर खुशी व्यक्त की और रेनजिथ की विधवा ने कहा कि हालांकि उनके लिए नुकसान बहुत बड़ा है, लेकिन आरोपियों को अधिकतम सजा देने के लिए वे अदालत के बहुत आभारी हैं, जो उन्होंने समझा है कि यह दुर्लभ है। रेन्जिथ की पत्नी ने कहा, इस अपराध को हुए 770 दिन हो गए हैं और फैसला सुनने के बाद, हमें लगता है कि हमारा इंतजार सार्थक था। अभियोजन पक्ष और पुलिस को विशेष धन्यवाद जो हमारे साथ खड़े रहे।

### उत्तर प्रदेश की झांकी को मिला द्वितीय पुरस्कार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिला है। नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर आयोजित गणतंत्र दिवस परेड 2024 में यूपी की मनोरम झांकी ने सभी का दिल जीत लिया। 'विकसित भारत-समृद्ध विरासत' की थीम पर सजाई गई उत्तर प्रदेश की झांकी को 75वें गणतंत्र दिवस पर द्वितीय पुरस्कार मिला है। मंगलवार को नई दिल्ली में उत्तर प्रदेश सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के निदेशक शिशिर को भारत सरकार के रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट ने प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न प्रदान किया। 26 जनवरी को 16 राज्यों-केंद्रशासित प्रदेशों के साथ ही 9 अलग-अलग मंत्रालयों और विभागों की कुल 25 झांकियां निकली थी। इसमें पीपुल्स च्वॉइस के आधार पर उत्तर प्रदेश ने दूसरा स्थान हासिल किया। एक अधिकारी ने बताया कि अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर की थीम पर सजाई गई उत्तर प्रदेश की इस झांकी ने सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। इसमें पांच वर्ष के रामलला को हाथों में धनुष लिए दशार्या गया था। झांकी में ऋषि-मुनियों के साथ सनातन परंपरा और महाकुंभ आयोजन का अद्भुत नजारा देखने को मिला।

## बिहार में अब विज्ञापन के जरिए राजद और जदयू में 'क्रेडिट वार'



**एजेंसी। पटना**

बिहार में नीतीश कुमार एक बार फिर से 'पलटी मारने' के बाद 17 महीने की महागठबंधन सरकार चली गई, वहीं फिर से एनडीए सरकार बन गई। लेकिन अब किए गए कार्यों और उपलब्धियों की क्रेडिट लेने की जदयू और राजद में होड़ मच गई है। इसको लेकर स्थानीय समाचार पत्रों में बड़े बड़े विज्ञापन प्रकाशित करवाए जा रहे हैं। पटना से प्रकाशित लगभग सभी समाचार पत्रों में मंगलवार को पूर्व मंत्री अशोक चौधरी और समस्त प्रदेशवासी के नाम से विज्ञापन प्रकाशित करवाया गया है जिसमें नीतीश कुमार को लेकर 'मेरा नेता मेरा अभिमान' बताते हुए उनके सतत प्रयासों के लिए उनका आभार जताया गया है। इस एक पेज के विज्ञापन में वर्ष 2020 में युवाओं को 10 लाख नौकरी देने, हर गांव, कस्बों तक सड़क, पक्की नाली और गली, गेहूं, चावल के उत्पादन में रिकार्ड वृद्धि सहित 16 विशेष उपलब्धियों का जिक्र किया गया है। इससे दो दिन पहले राजद द्वारा स्थानीय समाचार पत्रों में पूरे एक पेज का विज्ञापन प्रकाशित करवाया गया था, जिसमे पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव की बड़ी तस्वीर के साथ लिखा गया था, 'धन्यवाद तेजस्वी, आपने कहा, आपने किया और आप ही करेंगे' के साथ महागठबंधन सरकार की उपलब्धियों का जिक्र किया गया था। जदयू नेता अशोक चौधरी के मंगलवार के प्रकाशित विज्ञापन को तेजस्वी के प्रकाशित विज्ञापन का जवाब माना जा रहा है।

**दर्दनाक** कुछ सावधानियां बरत इससे बचा जा सकता है

## दिल्ली में अंगीठी के धुएं से जनवरी में 15 की मौत

**एजेंसी। नई दिल्ली**



दिल्ली में कड़ाके की ठंड ने यहां के निवासियों पर गंभीर असर डाला है। अकेले जनवरी में 15 लोगों की जान चली गई है। पीड़ितों की मौत आमतौर पर ठंड से निपटने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले अंगीठी (पारंपरिक ब्रेजियर) के धुएं के कारण हुई है।

जैसे-जैसे तापमान में गिरावट जारी है, कई दिल्लीवासी गर्म रहने के लिए पारंपरिक तरीकों की ओर रुख कर रहे हैं, इसमें ब्रेज़ियर का उपयोग भी शामिल है। जलते कोयले या लकड़ी से भरे ये धातु के कंटेनर सड़कों और घरों में आम दिखाई देते हैं, जो गर्मी का स्रोत प्रदान करते हैं। हालांकि, हाल की मौतें ऐसी प्रथाओं से जुड़े अंतर्निहित जोखिमों को उजागर करती हैं। दिल्ली फायर सर्विस (डीएफएस) के निदेशक अतुल गर्ग के अनुसार, अगर दिल्ली-एनसीआर के आस-पास के क्षेत्रों के आंकड़ों को शामिल किया जाए तो पारंपरिक ब्रेज़ियर के कारण कुल हताहतों की संख्या 20 से अधिक है। गर्ग ने चिंता व्यक्त करते हुए इन मौतों की दुर्भाग्यपूर्ण प्रकृति पर टिप्पणी की और इस बात पर जोर दिया कि कुछ सावधानियां बरतकर इन्हें आसानी से रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि बंद जगहों पर अंगीठी जलाने के दुष्परिणामों के बारे में जागरूकता की कमी इन मौतों का मुख्य कारण है। गर्ग ने कहा कि जब 'अंगीठी ' का उपयोग वायुरोधी कमरे में किया जाता है, तो यह ऑक्सीजन का उपभोग करती है, इससे सांस फूलने लगती है। इसके साथ ही, कार्बन डाइऑक्साइड और जहरीली कार्बन मोनोऑक्साइड का ऊंचा स्तर घातक खतरा पैदा करता है। गर्ग ने कहा,आप एक बंद कमरे के अंदर जो कुछ भी जलाते हैं, चाहे वह हीटर, अंगीठी, या कॉइल हो, वे सभी ऑक्सीजन की खपत करते हैं।

जब भी आप इन उपकरणों के साथ अपने कमरे को गर्म करने का इरादा रखते हैं, तो क्रॉस वेंटिलेशन के लिए एक खिड़की या दरवाजा थोड़ा खुला रखना सुनिश्चित करें। डीएफएस प्रमुख ने कमरे में नमी और ऑक्सीजन के स्तर को बनाए रखने के लिए 'अंगीठी' के पास पानी की एक बाल्टी या बड़ा पैन रखने की सिफारिश की। गर्ग ने कहा, इन सावधानियों के अलावा, लोगों को हीटर दूर रखना चाहिए।

## मंत्री के खिलाफ शिकायत दर्ज करने के लिए मांगी राज्यपाल की सहमति

**एजेंसी। बेंगलुरु**



कर्नाटक के राज्यपाल थावर चंद गहलोत को एक याचिका दायर कर सहकारिता मंत्री के.एन. राजन्ना के खिलाफ लोकायुक्त विशेष अदालत में शिकायत दर्ज करने की सहमति मांगी गई है। उन पर विभाग में कुशल आईएएस अधिकारियों की उपलब्धता के बावजूद कथित भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे एक सेवानिवृत्त अधिकारी को एक प्रमुख पद पर नियुक्त करने का आरोप है। आरटीआई कार्यकर्ता दिनेश कल्लाहल्ली ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने एक प्रमुख पद पर गंभीर भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे एक सेवानिवृत्त अधिकारी की नियुक्ति पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और आईपीसी के प्रावधानों के तहत एक निजी शिकायत दर्ज करने और जांच की मांग करने के लिए सहमति मांगी है। इस संबंध में 29 सितंबर, 2023 को शिकायत दर्ज की गई थी। नवीनतम स्थिति यह है कि राज्यपाल के कार्यालय ने आगे की कार्रवाई के लिए फाइल कर्नाटक सरकार के मुख्य सचिव के कार्यालय को भेज दी है। विभाग के भीतर कुशल आईएएस अधिकारियों पर विचार नहीं किया जाता है और इस पद के लिए एक सेवानिवृत्त अधिकारी को प्राथमिकता दी जाती है। शिकायत में कहा गया है, नियुक्ति के पीछे निहित स्वार्थ का गहरा संदेह है।

# केंद्रीय बजट निर्माण के विभिन्न चरण

**आरएनएम डेस्क रांची**

पहला चरणः बजट की रूपरेखा बनाने में नीति आयोग, नियंत्रक महालेखा परीक्षक व प्रशासनिक मंत्रालयों की मदद ली जाती है। प्रत्येक मंत्रालय अपनी आवश्यकताओं की जानकारी वित्त मंत्रालय को देता है। योजना आयोग सरकारी योजनाओं की प्राथमिकताओं से वित्त मंत्री को अवगत कराता है और नियंत्रक लेखा परीक्षक लेखा-जोखा उपलब्ध कराता है। नीति आयोग और नियंत्रक लेखा परीक्षक की रिपोर्ट को ध्यान में रखकर बजट बनाने के पहले चरण में व्ययों के अनुमान तैयार किए जाते हैं। इसके बाद वित्त मंत्रालय सरकारी आय-व्यय अथवा राजस्व के अनुमान तैयार करता है। वित्त मंत्रालय इनकम टैक्स डिपार्टमेंट, कस्टम ड्यूटी डिपार्टमेंट तथा सेंट्रल एक्साइज डिपार्टमेंट से पिछले वित्त वर्ष में संग्रह की गई राशि के आंकड़ों को आधार बना कर यह अनुमान तैयार करता है। इन आंकड़ों के आधार पर संभावित आय का अनुमान लगाया जाता है। अब इसी अनुमान के आधार पर आगामी वित्तीय वर्ष के लिए टैक्स तय करने का प्रस्ताव बनाया जाता है।



**दूसरा चरण : मांग और वित्तीय परिषद**

बजट बनाने की प्रक्रिया के दूसरे चरण में सभी विभागों की मांगों को वित्तीय परिषद् की बैठक में रखा जाता है तथा निर्णय लिया जाता है। फिर इन्हें दो अलग-अलग भागों- आय और व्यय -में रखा जाता है। यह बजट दस्तावेज कहलाता है। यही दस्तावेज वित्त विधेयक भी कहलाता है। इसे वित्त मंत्री संसद में पेश करते हैं। वित्त विधेयक में नए टैक्सों का लेखा-जोखा होता है। अब बजट स्थायी समिति को सुपुर्द कर दिया जाता है। सदस्यगण इस पर लगभग एक माह तक विचार करते हैं। फिर संसद में बजट पर वाद-विवाद होता है।

**तीसरा चरण : समन्वय**

बजट पर वित्त मंत्रालय की नियमित बैठकें होती हैं। इनमें वित्त सचिव, राजस्व सचिव, व्यय सचिव, बैंकिंग सचिव, संयुक्त सचिव (बजट) के अलावा केंद्रीय सीमा एवं उत्पाद शुल्क बोर्ड के अध्यक्ष हिस्सा लेते हैं। बजट पर वित्त मंत्री को योजनाओं और खर्चों के मिलने वाले सुझाव वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग को भेज दिए जाते हैं, जबकि टैक्स से जुड़े सारे सुझाव वित्त मंत्रालय की टैक्स रिसर्च यूनिट (टीआरयू) को भेजे जाते हैं। इस यूनिट का प्रमुख एक संयुक्त सचिव स्तर का अधिकारी होता है। प्रस्तावों और सुझावों के अध्ययन के बाद यह यूनिट कोर ग्रुप को अपनी सिफारिशें भेजती है। बजट बनाने से सबंधित पूरी प्रक्रिया का समन्वय वित्त मंत्रालय के संयुक्त सचिव स्तर के एक अधिकारी के जिम्मे होता है। बजट के निर्माण से लेकर बैठकों का समय तय करने और बजट की छपाई तक, सब काम इसी अधिकारी के जरिए होते हैं।

## बजट का इतिहास

**पहला बजट**

गुलाम भारत में पहला बजट 18 फरवरी 1860 को पेश किया गया था। ये बजट वायसराय की परिषद में ईस्ट इंडिया कंपनी से जुड़े स्कॉटिश अर्थशास्त्री एवं नेता जेम्स विल्सन ने पेश किया था। भारत के आजाद होने के बाद पहला बजट भारत के पहले वित्त मंत्री आर के षण्मुखम चेट्टी ने 26 नवंबर, 1947 को पेश किया था।

**बदला समय**

- 1924 से लेकर 1999 तक बजट फरवरी के अंतिम कार्यकारी दिन मतलब 31 मार्च की शाम पांच बजे पेश किया जाता था। यह प्रथा सर बेसिल ब्लैकेट ने 1924 में शुरू की थी। इसके पीछे का कारण रात भर जागकर वित्तिय लेखा जोखा जोखा तैयार करने वाले अधिकारियों को अराम देना था। 2000 में पहली बार यशवंत सिन्हा ने बजट सुबह 31 मार्च को 11 बजे पेश किया।
- यह परंपरा 2017 में बदली गई, जब अरुण जेटली वित्त मंत्री थे। उन्होंने एक फरवरी को बजट पेश करने की परंपरा डाली, तर्क दिया गया कि इससे बजट प्रावधानों को एक अप्रैल से लागू करने के लिए पर्याप्त समय मिलेगा।
- देश में सबसे ज्यादा बार बजट पेश करने का रिकॉर्ड मोरारजी देसाई के नाम है। मोरारजी देसाई ने आठ सालाना बजट और दो अंतरिम बजट पेश किए। दूसरा नाम पी चिदंबरम, तीसरा नाम प्रणब मुखर्जी और यशवंत सिन्हा और चौथा नाम मनमोहन सिंह का आता है।

**चौथा चरण : गोपनीयता**

बजट निर्माण की प्रक्रिया को इतना गोपनीय रखा जाता है कि संसद में पेश होने तक इसकी किसी को भनक भी नहीं लग पाती। वित्त मंत्रालय दो दिन पहले पूरी तरह सील कर दिया जाता है। वित्त मंत्रालय के नॉर्थ ब्लॉक स्थित दफ्तर को बजट पेश होने के कुछ दिनों पहले से एक अघोषित 'कैदखाने' में तब्दील कर दिया जाता है। बजट की छपाई से जुड़े कुछ कर्मचारियों को यहां पुलिस व सुरक्षा एजेंसियों के कड़े पहरे में दिन-रात रहना होता है। बजट के दो दिन पहले तो नॉर्थ ब्लॉक में वित्त मंत्रालय का हिस्सा पूरी तरह सील कर दिया जाता है। यह सब वित्त मंत्री के बजट भाषण के पूरा होने और वित्त विधेयक के रखे जाने के बाद ही समाप्त होता है।

## आम बजट क्या है?

केंद्रीय बजट या यूनियन बजट को सामान्य बोलचाल की भाषा में आम बजट कहा जाता है। इसमें भारत सरकार एक वित्तीय वर्ष के दौरान होने वाली सभी आय और खर्च का ब्यौरा देती है। भारत में बजट वित्त वर्ष 1 अप्रैल से शुरू होकर 31 मार्च तक लागू रहता है। केंद्रीय बजट में ही राजस्व बजट और पूंजीगत बजट भी शामिल होता है। इसमें अगले वित्त वर्ष के खर्च और आमदनी से जुड़े अनुमान शामिल होते हैं।

### प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर क्या होते हैं

वह टैक्स है जो सरकार सीधे वसूलती है। किसी व्यक्ति या कंपनी की आय पर जो टैक्स लगता है, वह डायरेक्ट टैक्स कहलाता है, इसमें इनकम टैक्स और कॉर्पोरेट टैक्स शामिल है। वहीं, किसी वस्तु या सेवा की कीमत पर लगाया जाने वाला कर इनडायरेक्ट टैक्स या अप्रत्यक्ष कर कहलाता है। इस टैक्स को सरकार किसी व्यक्ति से सीधे नहीं वसलूती है, बल्कि विभिन्न उत्पादों और सेवाओं की कीमत पर लगाया जाता है। इनडायरेक्ट टैक्स में कस्टम ड्यूटी, एक्साइज ड्यूटी तक आते हैं, वहीं, जीएसटी भी इनडायरेक्ट टैक्स है।

- विदेशों से आयात होकर आने वाली वस्तुओं पर लगाए जाने वाले चार्ज को कस्टम ड्यूटी कहा जाता है। वहीं, देश में बने प्रोडक्ट्स पर निमार्ता की ओर से दिए जाने जाने वाले टैक्स को एक्साइज ड्यूटी कहते हैं।

### रेवेन्यू बजट का क्या मतलब?

बजट कई हिस्सो में बंटा होता है और जिस हिस्से में विभिन्न मदों से सरकार को होने वाली आय और उस पर होने वाले खर्चों का ब्यौरा होता है, उसे रेवेन्यू बजट कहते हैं। रेवेन्यू के स्रोतों को भी टैक्स रेवेन्यू और नॉन-टैक्स रेवेन्यू दो भागों में बांटा जाता है। टैक्स रेवेन्यू में विभिन्न टैक्स से होने वाली आय शामिल होती है, जिसमें इनकम टैक्स, कॉरपोरेट टैक्स, एक्साइज, कस्टम्स, जीएसटी और सरकार की ओर से लगाए गए अन्य सेस और ड्यूटी आते हैं।

- नॉन-टैक्स रेवेन्यू के स्रोतों में, लोन पर मिलने वाला ब्याज, सरकारी कंपनियों से मिलने वाला डिविडेंड और सरकार की ओर से दी जाने वाली दूसरी सेवाओं के बदले मिलने वाले फीस आदि शामिल होती है।

### रेवेन्यू डेफिसिट क्या होता है?

सरकार हर वित्तीय वर्ष में अपने आमदनी और खर्च का लक्ष्य तय करती है। अगर रेवेन्यू उम्मीद से कम होता है तो इसे रेवेन्यू डेफिसिट यानी राजस्व घाटा कहते हैं। इसका मतलब है कि सरकार ने जरूरी खर्च के बराबर कमाई नहीं की।

### कैपिटल बजट

कैपिटल बजट में सरकार को विभिन्न स्रोतों से मिलने वाली पूंजी और उसका भुगतान शामिल होता हैं। पूंजी प्राप्तियों में जनता से सरकार का लिया हुआ कर्ज, रिजर्व बैंक से लिया उधार, विदेशी संस्थाओं और सरकारों से लिया गया लोन आदि आते हैं।

### राजकोषीय घाटा

फिस्कल डेफिसिट सरकार के खर्च और कमाई के बीच का अंतर है। अगर खर्चे सरकार की कमाई से ज्यादा हो जाते हैं तो उसे फिस्कल डेफिसिट यानी राजकोषीय घाटा कहते हैं। वहीं, सरकार किस तरह खर्च करेगी और टैक्स सिस्टम क्या होगा, इसके लिए रणनीति बनाई जाती है। इसमें टैक्स और विभिन्न खर्चों से जुड़े फैसलों का जिक्र होता है।

## खबरें व्यापार जगत की

### बजट के प्रकार

**अधिशेष बजट :** जब कर से प्राप्त राशि आवश्यक आय से अधिक होती है, तो इसे बजट अधिशेष कहा जाता है। हालांकि मुख्यतः ऐसी भी स्थिति होती है जब व्यय राजस्व से अधिक हो। यह तब होता है जब सरकार घाटा वाली बजट को चलाती है।

**संतुलित बजट :** सरकार जमा आय के बराबर राशि खर्च कर सकती है। इसे संतुलित बजट के रूप में जाना जाता है। अगर इससे ज्यादा खर्च करने की जरूरत पड़ती है, तो बजट को संतुलित रखने के लिए करों के माध्यम से राशि प्राप्त करना पड़ेगा।

**घाटे का बजट :** बजटीय घाटा उस स्थिति को कहा जाता है जिसमें खर्च आय से अधिक हो जाता है। हालांकि इसका उपयोग ज्यादातर सरकारों के लिए किया जाता है।

### मारुति सुजुकी को पछाड़ सबसे मूल्यवान कंपनी बनी टाटा मोटर्स, मार्केट कैप 3.15 लाख करोड़ के पार

**नई दिल्ली।** बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) के लिहाज से टाटा मोटर्स अब मारुति सुजुकी इंडिया को पीछे छोड़कर देश की सबसे मूल्यवान वाहन निमार्ता कंपनी बन गई है। कंपनी का मार्केट कैप 3.15 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है। टाटा मोटर्स के शेयर ने मंगलवार को कारोबार के दौरान ऑल-टाइम हाई का रिकॉर्ड बनाया, जिसके चलते कंपनी ने यह मुकाम हासिल किया है। टाटा मोटर्स ने सात साल बाद मारुति सुजुकी को मार्केट कैप के मामले में पीछे छोड़ा है। टाटा मोटर्स का बाजार पूंजीकरण बढ़कर 3.15 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है। मारुति सुजुकी इंडिया का मार्केट कैप 3.13 लाख करोड़ रुपये रह गया है। कंपनी के बाजार पूंजीकरण में उसके मूल्यांकन के अलावा डीवीआर शेयर शामिल हैं। टाटा मोटर्स का मार्केट कैप 2,85,515.64 करोड़ रुपये है जबकि टाटा मोटर्स लिमिटेड-डीवीआर का बाजार पूंजीकरण 29,119.42 करोड़ रुपये रहा। इस तरह कुल मिलाकर यह 3,14,635.06 करोड़ रुपये रहा। ये मारूति सुजुकी के 3,13,058.50 करोड़ रुपये के मार्केट कैप से 1,576.56 करोड़ रुपये अधिक है। उल्लेखनीय है कि डिफरेंशियल वोटिंग राइट्स (डीवीआर) शेयर सामान्य इक्विटी शेयरों की तरह होते हैं लेकिन इसमें मतदान करने का अधिकार एवं लाभांश अधिकार अलग होता है। आमतौर पर कंपनियां जबरिया अधिग्रहण को रोकने और खुदरा निवेशकों को जोड़ने आदि कारणों से डीवीआर जारी करती हैं।

### भारत-अमेरिका आपसी सहयोग से लोकतांत्रिक व्यवस्था को बनाएंगे और मजबूत : राजनाथ



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को राजधानी नई दिल्ली में इंडो-अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स के विशेष सत्र में कहा कि भारत और अमेरिका दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र हैं। यदि आधुनिक लोकतंत्र के आधार पर बात की जाए तो भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, जबकि अमेरिका सबसे पुराना। अब जब दो बड़े लोकतंत्र आपस में सहयोग करेंगे तो निश्चित रूप से यह लोकतांत्रिक विश्व व्यवस्था को और भी मजबूत बनाएगा। राजनाथ सिंह ने विशेष सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि आज भारत में वह सारी चीजें मौजूद हैं, तथा उन सारी चीजों पर काम हो रहा है, जो हमारे संबंधों को समग्रता में और मजबूत बनाने की दिशा में कारगर सिद्ध हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि भारत-अमेरिका सहयोग में हमारे सुरक्षा और समृद्धि के साझा उद्देश्यों को साकार करने की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार की आत्मनिर्भर भारत पहल अलगाव होने को नहीं, बल्कि भाईचारा को बढ़ावा देती है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत पहल का उद्देश्य यह बिल्कुल भी नहीं है कि हम वैश्विक व्यवस्था से ही कट जाए।

## भारतीय फुटबॉल टीम में झारखंड की सात बालिकाओं का चयन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड फुटबॉल फेडरेशन के महासचिव गुलाम रब्बानी ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि झारखंड से नीचे सूचीबद्ध खिलाड़ियों को सैफ अंडर-19 महिला चैंपियनशिप 2024 में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया है। टीम 1 से 8 फरवरी तक चैंपियनशिप के लिए ढाका, बांग्लादेश की यात्रा करेगी।


**टीम के लिए झारखंड से चुनी गई बालिकाओं के नाम :** निशिमा कुमारी, शिवानी टोप्पो, ललिता बोयपाई, मेनका देवी लौरेमबम, बबीता कुमारी, नीतू लिंडा, विकसित बारा।

गुलाम रब्बानी ने सभी चयनित बालिका खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है। झारखंड फुटबॉल फेडरेशन के कोऑर्डिनेटर आशीष बोस और प्रसिद्ध समाजसेवी जगदीश सिंह जग्गू ने सभी नवचयनित बालिका खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

## क्वार्टर फाइनल में नीदरलैंड ने भारत को 7-4 से हराया

**एजेंसी। मस्कट**

भारत को मंगलवार को एफआईएच हॉकी5एस पुरुष विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में नीदरलैंड से 4-7 से हार का सामना करना पड़ा। मोहम्मद राहील (1', 7', 25') ने हैट्रिक जमाई, जबकि मंदीप मोर (11') ने भारत के लिए एक गोल किया। नीदरलैंड के लिए सैंडर डी विजन (4', 15'), और अलेक्जेंडर शॉप (10', 26'), लुकास मिडेंडोर्प (12'), जेमी वैन आर्ट (13') और पेपिजन रेयेन्गा (20') ने गोल किये।



मैच की शुरूआत भारत के लिए आशाजनक रही, क्योंकि मोहम्मद राहील (1') ने पहले ही मिनट में एक फील्ड गोल के साथ अपने कौशल का प्रदर्शन किया, जिससे एक गहन प्रतिस्पर्धा का माहौल तैयार हो गया। हालांकि नीदरलैंड ने भारत की शुरूआती बढ़त का तुरंत जवाब दिया। सैंडर डी विजन (4') ने स्कोर बराबर कर दिया।

भारत ने अपनी आक्रामक रणनीति तेज कर दी, जिससे मोहम्मद राहील (7') ने एक और गोल किया। नई बढ़त के बावजूद, नीदरलैंड ने दमदार प्रदर्शन करते हुए अलेक्जेंडर शॉप (10') के गोल की बदौलत एक बार फिर बराबरी करने में कामयाबी हासिल की।

मनदीप मोर (11') ने भारत के लिए बढ़त हासिल कर ली। फिर भी, नीदरलैंड ने तेजी से गोल करके जवाबी हमला किया, क्योंकि लुकास मिडेंडोर्प (12') और जेमी वान आर्ट (13') ने कुशलतापूर्वक गोल किये, जिससे गति नीदरलैंड के पक्ष में आ गई। हाफटाइम की शुरूआत में सैंडर डी विजन (15') ने एक महत्वपूर्ण चुनौती वाला गोल किया। जिससे भारत पिछड़ गया।

दूसरे हाफ में नीदरलैंड्स ने अपना दबदबा कायम किया। पेपिन रोयेंगा (20') और अलेक्जेंडर शॉप (26') ने अपनी बढ़त को आगे बढ़ाया। मोहम्मद राहील (25') के साहसिक प्रयास के बावजूद, जिन्होंने एक बार फिर अपनी हैट्रिक पूरी करने के लिए गोल किया। भारत अंत में 4-7 से हार गया। भारत अब 5-8वें स्थान के मैच में केन्या के खिलाफ खेलेगा।

## खबरें खेल जगत की

### पाकिस्तान के खिलाफ डेविस कप मुकाबले के लिए जीशान अली भारतीय कप्तान नियुक्त



**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) ने जीशान अली को पाकिस्तान के खिलाफ 3-4 फरवरी को इस्लामाबाद में होने वाले आगामी मुकाबले के लिए भारतीय डेविस कप टीम का कप्तान नियुक्त किया है। यह निर्णय नामित के रूप में नामित रोहित राजपाल के फैसले के बाद आया है जो व्यक्तिगत कारणों से अपने कर्तव्यों को पूरा करने में असमर्थ हैं। अली जो पहले भारतीय डेविस कप टीम के कोच के रूप में काम कर चुके हैं, को राजपाल की अनुपस्थिति में टीम का नेतृत्व करने की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी गयी है। टेनिस में अनुभव और विशेषज्ञता के साथ, जीशान अली इस दौरान इस महत्वपूर्ण मुकाबले में भारतीय टीम का मार्गदर्शन करने के लिए तैयार हैं।

### एलएंडटी मुंबई ओपन टेनिस चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे 31 देशों के खिलाड़ी




**मुंबई।** महाराष्ट्र राज्य लॉन टेनिस एसोसिएशन (एमएसएलटीए) और क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया (सीसीआई) द्वारा आयोजित एलएंडटी मुंबई ओपन में 31 देशों के खिलाड़ी एक्शन में नजर आएंगे, जो छह साल के अंतराल के बाद टेनिस कैलेंडर में लौट आया है। टूर्नामेंट के तीसरे संस्करण में एकल और युगल दोनों वर्गों में शीर्ष 100 खिलाड़ी शामिल होंगे, जो डब्ल्यूटीए $125के श्रृंखला का एक हिस्सा हैं। टूर्नामेंट, क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया में नवनिर्मित टेनिस कोर्ट पर खेला जाएगा। क्वालीफाइंग मैच 3 और 4 फरवरी से खेले जाएंगे, जबकि मुख्य ड्रा सोमवार 5 फरवरी, 2024 को शुरू होगा। फाइनल रविवार 11 फरवरी को खेला जाएगा।

### जेनक से डेनियल मुनोज को क्रिस्टल पैलेस ने किया साइन

**लंदन।** प्रीमियर लीग क्लब ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। क्रिस्टल पैलेस एफसी ने 2027 तक बेल्जियम के क्लब जेनक से डेनियल मुनोज के साथ अनुबंध पूरा कर लिया है। जिसमें एक और वर्ष के लिए विकल्प भी शामिल है। 27 वर्षीय खिलाड़ी ने अब तक 2023/24 में सात गोल दागने और दो सहायता प्रदान करके अपने रक्षात्मक कर्तव्यों को आक्रामक आक्रमण कौशल के साथ संयोजित करने के लिए पूरे महाद्वीप में प्रतिष्ठा बनाई है। मुनोज ने क्लब की आधिकारिक वेबसाइट को बताया ऐसे ऐतिहासिक क्लब, क्रिस्टल पैलेस जैसे बड़े क्लब में आना मेरे लिए खुशी की बात है। मैं बहुत उत्साहित हूं। मुझे लगता है कि यह एक सपने जैसा है। मुझे उम्मीद है कि मैं इस काम में खरा उतरूंगा।

### केंद्रीय खेल मंत्रालय ने कई एथलीटों के विदेश में प्रशिक्षण के अनुरोध को दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक को देखते हुए युवा मामले और खेल मंत्रालय (एमवाईएएस) ने अपनी नवीनतम बैठक में कई एथलीटों के विदेश में प्रशिक्षण के अनुरोध को मंजूरी दे दी है, जिसमें एशियाई खेलों के पदक विजेता अविनाश साबले और पारुल चौधरी कोलोराडो, अमेरिका जा रहे हैं; पहलवान अंशू मलिक और सरिता मोर क्रमशः जापान और अमेरिका में प्रशिक्षण ले रही हैं और उभरते टेबल टेनिस खिलाड़ी पायस जैन ओसाका, जापान जा रहे हैं।

## 67वीं राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता रांची में आज



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

67वीं राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता के तहत आज से चार फरवरी तक रांची के खेलगांव स्थित मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के परमवीर शहीद अल्बर्ट एक्का खो-खो मैदान में अंडर 14 बालक-बालिका वर्ग खो-खो प्रतियोगिता होगी।

राज्य के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की मेजबानी में आयोजित होने वाले इस प्रतियोगिता का उद्घाटन 31 जनवरी को दोपहर तीन बजे राज्य के श्रम नियोजन मंत्री सत्यानंद भोक्ता करेंगे। इस प्रतियोगिता में 28 टीमें भाग लेंगी। प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए 660 बाल खिलाड़ी रांची पहुंच गए हैं। इनमें 336 बालक और 324 बालिकायें शामिल हैं।

प्रतियोगिता में बच्चों के अलावा विभिन्न टीमों के 110 सपोर्टिंग स्टाफ भी रांची पहुंचे जिनमें, कोच और मैनेजर्स भी शामिल हैं। इन टीमों का रांची पहुंचने पर परंपरागत तरीके से स्वागत किया गया।

## आईसीसी टी-20 गेंदबाजों की रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंचीं दीप्ति शर्मा



**दुबई।** भारत की हरफनमौला खिलाड़ी दीप्ति शर्मा मंगलवार को जारी नवीनतम आईसीसी महिला टी20ई गेंदबाजी रैंकिंग में संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर पहुंच गई हैं, जबकि दाएं हाथ की तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर 10वें स्थान पर पहुंच गई हैं। दीप्ति अब पाकिस्तान की बाएं हाथ की ऑफ स्पिनर सादिया इकबाल के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं। दीप्ति को दक्षिण अफ्रीकी स्पिनर नॉनकुलुलेको म्लाबा के खराब फॉर्म से भी फायदा हुआ है, जो ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो मैचों में केवल एक विकेट लेने के बाद दूसरे से पांचवें स्थान पर खिसक गईं हैं।

## इंडियन वेल्स और मियामी ओपन के जरिये कोर्ट पर वापसी का लक्ष्य बना रही हैं वीनस विलियम्स

**एजेंसी। कैलिफोर्निया**

पूर्व विश्व नंबर 1 और सात बार की ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन, वीनस विलियम्स उत्तरी अमेरिकी हार्ड-कोर्ट सीजन के दौरान टेनिस में वापसी की तैयारी कर रही हैं और इसके लिए वह अपनी बहन सेरेना विलियम्स से प्रेरणा ले रही हैं।

वीनस ने सप्ताहांत में अपने यूट्यूब अकाउंट पर प्रसारित एक नए वीडियो में पिछले वर्ष की अपनी चोट की समस्याओं के बारे में बात की और इंडियन वेल्स और मियामी में डब्ल्यूटीए 1000 स्पर्धाओं में वापसी को एक बड़ा लक्ष्य बताया।

वीडियो में 43 वर्षीय विलियम्स ने पहली बार घुटने की चोट के बारे में बात की, जिसके कारण उन्हें पिछली गर्मियों में विंबलडन में सेंटर कोर्ट के बाहर लड़खड़ाना पड़ा था। विलियम्स ने कहा कि लगातार सूजन और दर्द के कारण मॉन्ट्रियल, सिनसिनाटी और यूएस ओपन में मैचों की



तैयारी के लिए उनकी व्यायाम करने और यहां तक कि चलने की क्षमता में बाधा आ रही है। डब्ल्यूटीए के हवाले से वीनस ने कहा मैं अपनी चोटों के बारे में ज्यादा बात नहीं करती क्योंकि मुझे शिकायत करना पसंद नहीं है। उन्होंने अपने कार्टिलेज की चोट को उन बड़ी बीमारियों में से एक बताया, जिनसे उन्होंने अपने लंबे और शानदार करियर में जूझने की कोशिश की है। विलियम्स ने कहा कि यूएस ओपन के पहले दौर में बेल्जियम के क्वालीफायर ग्रीट मिनेन के खिलाफ हार ने खुद के साथ ईमानदार होने के लिए प्रेरित किया और उन्हें यह एहसास कराया कि प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार होकर टेनिस में वापसी करना स्प्रिंट के बजाय मैराथन होगा। लेकिन सेरेना के सशक्त बातों ने भी उनकी मदद की, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि प्रशंसकों को इस साल के अंत में उन्हें एक्शन में देखने का एक और मौका मिलेगा।

वीनस ने कहा मेरा एक बड़ा लक्ष्य संयुक्त राज्य अमेरिका में खेलना, मियामी ओपन और इंडियन वेल्स में खेलना है। मैं चोटों के कारण 2019 से वहां नहीं खेली हूं। लंबा समय हो गया है। ...घर पर नहीं खेले कई साल हो गए हैं। तो यह निश्चित रूप से क्षितिज पर मेरे बड़े लक्ष्यों में से एक है, वहाँ रहना है, ऐसा करने के लिए तैयार रहना है। उन्होंने कहा मेरी छोटी बहन, सेरेना ने मुझे बताया कि मुझे संन्यास लेने की जरुरत नहीं है, और निश्चित रूप से, यह जनादेश है। इसलिए मैं कोर्ट पर वापस आऊंगी।

## एक नजर

### झामुमो युवा मोर्चा के प्रखंड उपाध्यक्ष ने किया कंबल का वितरण

**बारियातु।** झामुमो युवा मोर्चा प्रखंड उपाध्यक्ष रवि यादव ने सोमवार को प्रखंड क्षेत्र के गोनिया पंचायत अंतर्गत राजगुरु ग्राम के जिरुहुला टोला में वृद्ध, असहायों के बीच कंबल का वितरण किया। कंबल पाने वाले चान्दो मसोमात, फुनगी मसोमात, पुरानी मसोमात, कैला गंझु, जगदिश गंझु आदि आभार प्रकट किया। मौके पर अध्यक्ष विश्वनाथ गंझु, सचिव रामा गंझु आदि मौजूद रहे।

### भाजपा जिलाध्यक्ष मनीर व प्रभारी सुनीता को मिली बधाई

**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष ने अपनी कमेटी का विस्तार करते हुए नव नियुक्त जिला अध्यक्ष और जिला प्रभारी के नाम की घोषणा की है, जिसमें लोहरदगा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव को पूनः जिला अध्यक्ष की जिम्मेवारी मिली है। वहीं लोहरदगा जिला प्रभारी सुनीता सिंह के नाम की घोषणा हुई है। दोनों पदाधिकारी को भाजपा में बधाई व शुभकामनाएं दी है। बधाई देने वाले में राज्यसभा सांसद समीर उरांव, क्षेत्रीय सांसद सुदर्शन भगत, पूर्व मंत्री व विधायक सधनू भगत, पूर्व विधानपार्षद प्रवीण सिंह, पूर्व विधायक रमेश उरांव, ओमप्रकाश सिंह पूर्व माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष श्रीचंद प्रजापति, पूर्व अध्यक्ष ब्रजबिहारी प्रसाद, राजकिशोर महतो, नवीन कुमार टींकू, नीरज नलिन, सूरजमोहन साहू हर्षनाथ महतो, बालकृष्णा सिंह, राजकुमार वर्मा, बजरंग उरांव आदि शामिल हैं।

### अभाविप ने मुख्यमंत्री हेमंत का पुतला फूंका

**लोहरदगा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई ने मंगलवार को झारखंड जेएसएससी सीजीएल 3 के पेपर लीक मामले को लेकर शहर के लोहरदगा बरवा टोली चौक पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। विभाग संयोजक अंकित कुमार ने बताया कि हेमंत सरकार झारखंड के विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आदित्य साहू ने कहा झारखंड सरकार से मांग करती है की परीक्षा को रद्द करके पुनः फिर से परीक्षा आयोजित करवाई जाए। वही लोहरदगा नगर उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार महतो ने पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच कर जो भी दोषी है उन सभी शिक्षा माफियाओं पर कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। मौके पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आदित्य साहू, विभाग सियोजक अंकित कुमार, नगर उपाध्यक्ष श्री प्रदीप कुमार महतो,आकाश महतो, आदि लोग उपस्थित रहे।

### स्नेह मिलन समारोह

**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा के मैट्रिक परीक्षार्थी भैया बहनों का स्नेह मिलन समारोह नवम कक्षा के भैया बहनों द्वारा आयोजित किया गया। मौके पर विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के उपाध्यक्ष विनोद राय, शिक्षाविद् कृष्णा प्रसाद, विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास, मनोहर लाल अग्रवाल इंटर महाविद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील कुमार सिंह, शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडेय, कुणाल, बादल, रिया, नुसरतं, मनोहर लाल अग्रवाल इंटर महाविद्यालय के प्राचार्य सुनील सिंह आदि मौजूद थे।

# 'जिले से प्राप्त प्राथमिकता सूची में 80 फीसदी अयोग्य'

## अबुआ आवास के लाभुकों के चयन में गड़बड़ी के विरोध में मुखिया संघ ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



**नवीन मेल संवाददाता। मेराल**

प्रखंड के सभागार में मंगलवार को अबुआ आवास के प्राथमिकता सूची के साथ छेड़छाड़ के विरोध में प्रखंड के सभी मुखिया संघ ने बैठक की। बैठक के बाद मुखिया संघ के लोगों ने उपायुक्त के नाम बीडीओ जागो महतो को ज्ञापन सौंपा। बैठक की अध्यक्षता मेराल पूर्वी पंचायत के मुखिया सह मुखिया संघ अध्यक्ष रामसागर महतो ने की। मुखिया संघ अध्यक्ष रामसागर महतो ने बताया कि सभी पंचायतों में जिले से मिली अबुआ आवास की सूची ग्राम सभा द्वारा तैयार की गई प्राथमिकता सूची के अनुसार नहीं है। सूची में अयोग्य लाभुकों की संख्या बहुत अधिक है। सूची में वैसे लाभुकों जिनको पूर्व में पीएम आवास का लाभ तथा पक्का आवास मिला है एवं आर्थिक रूप से संपन्न है उनका नाम सूची में जिला द्वारा भेजा गया है, जबकि जिला द्वारा भेजी गई प्राथमिकता सूची में विधवा, आवास विहीन दिव्यांग, असहाय आदि लोगों का नाम गायब है। गेरुआ पंचायत के मुखिया अनिल चौधरी ने कहा कि जिले से जो प्राथमिकता सूची जारी की गई है उसमें 80 प्रतिशत अयोग्य लाभुकों का नाम दर्ज है। उन्होंने बताया कि प्रखंड में जनसंख्या एवं आर्थिक स्थिति के अनुसार जिले से लक्ष्य भी कम मिला है। उन्होंने बीडीओ को दिए आवेदन के माध्यम से मांग की है कि ग्राम सभा द्वारा प्राथमिकता सूची के आधार पर आवास का लाभ योग लाभुकों को दिया जाए। यदि ग्राम सभा की प्राथमिकता सूची के अनुसार योग लाभुकों को लाभ नहीं दिया जाता है तो भविष्य में हम सभी जनप्रतिनिधि पंचायत में किसी तरह की ग्राम सभा का विरोध करेंगे। मौके पर उप प्रमुख निजाम खान, मुखिया प्रतिमा देवी, रामप्रताप साव, फूलमंती देवी, सुरेश पासवान, अजीज अंसारी, मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र चौधरी, जगजीवन राम, शंभू राम, दिलजान अंसारी, राजेंद्र चौधरी, धर्मराज राम, रविंदर गुप्ता आदि लोग शामिल थे।

# अबुआ आवास का भौतिक सत्यापन शुरू



**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

उपायुक्त के निर्देश पर प्रखंड की सभी सात पंचायतों में अबुआ आवास के लाभुकों का भौतिक सत्यापन प्रखंड कर्मियों द्वारा किया जा रहा है। प्रखंड समन्वयक अनुप कुमार ने बताया कि 31 जनवरी तक सभी पंचायतों में प्रखंड कर्मियों द्वारा आवास लाभुकों का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। इसमें लाभुक योग्य है या अयोग्य इस पर भी ध्यान रखना है ताकि गरीब लोगों को ही उक्त योजना का लाभ दिया जा सके। जिले से फेज वन के तहत केतार प्रखंड को 374 अबुआ आवास आवंटन का लक्ष्य मिला है। इसमें केतार पंचायत में 55, बलिगढ़. में 54, लोहरगाड़ा में 46, मुकुन्दपुर 46, पाचाडुमर में 60, परसोंडीह में 52 और परती कूशवानी पंचायत में 61 लाभुकों को फेज 1 में अबुआ आवास योजना से लाभान्वित करना है। केतार में रोजगार सेवक रामकुमार प्रजापति, पंचायत सचिव अशोक कुमार, बलीगढ़ में समन्वयक राकेश कुमार और पंचायत सचिव आदित्य ने भौतिक सत्यापन किया।

### पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी ने जताया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार

**श्री बंशीधर नगर।** पूर्वमंत्री सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य रामचन्द्र केशरी ने मंगलवार को चेचरिया स्थित आवासीय कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने तथा बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार व उनकी पार्टी जदयू को एनडीए गठबंधन में शामिल करने के लिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताते हुए नीतीश कुमार व उनकी सरकार को बधाई दी। मौके पर मथुरा पासवान, सलीम अंसारी, सोबराती खां, दिनेश शर्मा, राजेश विश्वकर्मा, जाहुल अंसारी आदि उपस्थित थे।

# 'गांधी के सत्य, अहिंसा व प्रेम के संदेश ने बहुत से लोगों को किया प्रेरित'



**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

महात्मा गांधी की पुण्य तिथि के उपलक्ष्य में शनिवार को भवनाथपुर तुलसीदामर खदान समूह के सेल के प्रशासनिक भवन पर शहादत दिवस मनाया गया। भवनाथपुर तुलसीदामर खदान समुह के सेल के एडीएम ऑफिस में उपस्थित सेल के सभी अधिकारी, कर्मचारी, ठेका श्रमिक और सीआईएसएफ के जवानों ने दो मिनट का मौन रखा तथा महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजली दी। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि शहीद दिवस हमें महात्मा गांधी के विचारों की याद दिलाता हैं। महात्मा गांधी के विचार आज भी राष्ट्रीय एकता को दर्शाते हैं। महात्मा गांधी के जीवन की कहानी और सत्य, अहिंसा और प्रेम के संदेश ने बहुत से लोगों को प्रेरित किया, उनके मूल्यों को आज के समय और भविष्य में भी याद किया जाएगा। इस अवसर पर सेल महाप्रबंधक मनोज कुमार, माइंस अस्पताल के अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. विजय कुमार राम, के.ओ.सु.ब के सहायक समादेष्टा मधुसूदन माहेश्वरी, उप-प्रबंधक (कार्मिक व प्रशासन) बुलु दिगल आदि उपस्थित थे।

### पदाधिकारियों व कर्मियों ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**गढ़वा।** समाहरणालय गढ़वा के सभागार में सोमवार को शहीद दिवस पर अपर समाहर्ता पंकज सिंह, निदेशक डीआरडीए दिनेश प्रसाद सुरीन समेत विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मियों ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों की स्मृति में 2 मिनट का मौन रखकर बलिदानों को याद कर शहीदों के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस मौके पर, हम समर्पित भावना के साथ उन वीर जवानों को याद करते हैं जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर देश की सुरक्षा में अदम्य साहस और बलिदान दिया। उनकी शौर्य गाथाएं हमें देश की महानता का आदान-प्रदान याद दिलाती हैं।

# राशन नहीं मिलने पर ग्रामीणों का हंगामा



**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**

प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बेता के टोला छूहिया स्थित डीलर अधरू सिंह के पीडीएस दुकान पर मंगलवार को सीदे व पाल्हे गांव के काफी संख्या में लाभुकों ने जमकर हंगामा किया। लाभुकों ने कहा कि अंगूठा लगाकर दिसंबर माह का राशन हम लोगों को नहीं दिया गया है। हम लोग इस महीने में दिसंबर महीने की राशन की मांग कर रहे हैं तो डीलर के द्वारा कहा जा रहा है कि पहले अंगूठा लगाइए इसके बाद इस महीना का राशन लेकर जाइए। वहीं दर्जनों ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि डीलर अधरू सिंह के द्वारा हम लोगों को दिसंबर माह का राशन के लिए अंगूठा तो जरूर लगवाया गया है तथा कार्ड भी मेंशन कई लोगों को किया गया लेकिन राशन का वितरण नहीं किया गया है। वहीं ग्रामीणों ने चिनिया प्रखंड विकास पदाधिकारी सह खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी के नाम आवेदन तैयार कर दिसंबर माह का राशन दिलवाने की बात कही। इसी बाबत डीलर अधरू सिंह से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि हमारे द्वारा दिसंबर माह का राशन लाभुकों के बीच वितरण किया गया है। कुछ लोग जो अंगूठा लगाने के बाद भी नहीं आए उनका राशन नहीं मिल सका उसका राशन भी हमारे द्वारा दिया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप निराधार है। मौके पर राशन कार्ड धारी, विजय कोरवा, वीरेंद्र सिंह, अनीता देवी, राधिका देवी, शांति देवी, कोईली कुवर, लाल पम्मी देवी, शकुंतला देवी, फूल बंसी देवी, चंपा देवी, राज मुनि देवी, उमेश गुप्ता, संतोष शाह, उपेंद्र सिंह आदि लाभुक मौजूद थे। मामले में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी कालिदास मुंडा ने कहा कि मामले का आवेदन अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन मिलते ही जांच की जाएगी।

### वरिष्ठ पत्रकार की पत्नी का निधन

**भवनाथपुर।** वरिष्ठ पत्रकार सीता राम पाठक की धर्म पत्नी 65 वर्षीय मानमती देवी का मंगलवार की अहले सुबह निधन हो गया। वो पिछले चौदह माह से इलाजरत थी। उनके निधन से प्रखंड में शोक का माहौल है। प्रखंड के पत्रकारों ने जेजेए जिला अध्यक्ष प्रदीप कुमार चौबे की अध्यक्षता में शोक सभा का आयोजन किया। शोक सभा में पत्रकार दयाशंकर पाठक, सुनील कुमार, विमलेश कुमार, अरविंद गुप्ता, सदीप कुमार, रवि रंजन यादव, ओस्ताज राजा, शिव कुमार साह, अयोध्या साह, रामशंकर मेहता शामिल होकर दो मिनट का मौन रख कर पुण्य आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

# पांच सूत्री मांगों को लेकर 12 को पदयात्रा कर धरना देगी कांग्रेस

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

कांग्रेस पार्टी तुलसी दामर डोलोमाइट खदान के मजदूरों के फाइनल सेटलमेंट में हुई अनियमितता को दूर कराने सहित पांच सूत्री मांगों को लेकर आगामी 12 फरवरी को गोसाईबाग मैदान से अनुमंडल कार्यालय तक पदयात्रा तथा अनुमंडल कार्यालय के समक्ष धरना कार्यक्रम आयोजित करेगी। उक्त बातें कांग्रेस के प्रदेश प्रतिनिधि व जिला महासचिव सुशील कुमार चौबे ने कांग्रेस कार्यालय में प्रेसवार्ता कर कही। उन्होंने कहा कि तुलसी दामर खदान में पूर्व के कार्यरत मजदूरों के फाइनल सेटलमेंट से सबंधित मामले के निस्तारण में सेल प्रबंधन गैर जिम्मेदाराना व असहयोगात्मक रवैया, वित्तीय व महत्वपूर्ण कागजातों को जान बुझकर जांच हेतु उपलब्ध नहीं करा रही है। कांग्रेस पार्टी ने इस मामले को गंभीरता से लिया है। उन्होंने कहा कि डोलोमाइट खदान का खनन पट्टा का विस्तार देकर बंद पड़े तुलसी दामर डोलोमाइट खदान को पुनः चालू कराने, डोलोमाइट खदान तुलसी दामर में कार्यरत सभी प्रकार के मजदूरों को वर्ष 1990 से लेंथ ऑफ सर्विस के अनुसार जोड़कर लाभ देने, तुलसी दामर खदान के मजदूरों का त्रुटिपूर्ण किये गये फाइनल सेटलमेंट की प्रति उपलब्ध कराने, भवनाथपुर खदान समूह का चूना पत्थर खदान भवनाथपुर को पुनः चालू कराकर परियोजना प्रभावित परिवार को रोजगार उपलब्ध कराने तथा चुना पत्थर खदान भवनाथपुर को चालू नहीं करने की स्थिति में खाली पड़ी भूमि को रैयतों व विस्थापितों को वापस कराने की मांग को लेकर आंदोलन करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि गोसाईबाग से पदयात्रा के बाद अनुमंडल कार्यालय के समक्ष धरना के पश्चात मांगपत्र अनुमंडल पदाधिकारी को सौंपा जायेगा। प्रेसवार्ता में वरीय उपाध्यक्ष शैलेश चौबे, बबन पासवान व जिला महामंत्री ओमप्रकाश चौबे उपस्थित थे।

# ग्राम सभा सूची के अनुसार अबुआ आवास का कराया जाये जिओ टैग

**नवीन मेल संवाददाता**

**ऊंटारी रोड।** प्रखंड क्षेत्र में अबुआ आवास में भारी अनियमितता का आरोप लगाते हुये मुखिया संघ ने व्यापक रोष जताया है। मुखिया संघ के अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने आरोप लगाया कि ग्राम सभा से पारित सूची के अनुसार जियो टैग नहीं किया जा रहा है। उन्होंने आवास कोआर्डिनेटर पर भारी लापरवाही का आरोप लगाया है। मंगलवार को प्रखंड के सभी छः पंचायतों के मुखिया और प्रमुख प्रतिनिधि ने प्रखंड विकास पदाधिकारी से मुलाकात कर अपनी बातों को रखते हुए कहा की ग्राम सभा में पारित सूची के अनुसार योग्य लाभुकों का ही जियो टैग करवाएं अन्यथा हम सभी मुखिया, उंटारी रोड जिला पार्षद, पंचायत समिति, और ग्रामीणों के साथ सात फरवरी को प्रखंड मुख्यालय पर ही शांति पूर्ण धरना प्रदर्शन करेंगे। इस संबंध में बात करने पर बीडीओ परितोष प्रियदर्शी और आवास कॉर्डिनेटर ने बताया कि सरकार के गाईड लाइन के अनुसार ही कार्य हो रहा है।

# अंतरिम बजट 2024-25 से आमलोगों को काफी उम्मीदें


एमजे अजहर


विक्की कुमार


अनुज त्रिपाठी


प्रभात कुमार गुप्ता


शैलेंद्र कुमार शैलू


चंचला देवी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को सुबह 11 बजे संसद में अंतरिम बजट 2024-2025 पेश करेंगी। इसे लेकर आम लोगों को काफी उम्मीदें हैं।

चैनपुर नेउरा गांव उर्दू स्कूल के शिक्षक एमजे अजहर ने बताया कि इस बजट से शिक्षकों को कई उम्मीदें हैं। शिक्षकों को उम्मीद है कि राज्य सरकार बजट में शिक्षकों के लिए कुछ खास पेश करेगी। ताकि शिक्षकों को राहत मिल सके।

व्यवसायी विक्की कुमार ने बताया कि पलामू जिले में सबसे ज्यादा पानी की समस्या रहती है। राज्य सरकार द्वारा जो भी बजट पेश किया जाएगा उसमें पानी को लेकर खास इंतजाम किये जाने की उम्मीद है। जिससे नागरिकों को जल संकट की समस्या से निजात मिल सके।

अधिवक्ता अनुज त्रिपाठी ने बताया कि सरकार घरेलू सामानों की कीमतों में कमी करे। रसोई गैस के दामों में बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है। जिससे आम जनता काफी परेशान है। इसके अलावे पेट्रोल, डीजल पर भी वैट घटाया जाना जरूरी है।

व्यवसायी प्रभात कुमार गुप्ता उर्फ पिंटू गुप्ता ने बताया कि बजट में स्वास्थ्य, बिजली, पानी तथा सड़कों की स्थिति में सुधार लाने के लिए प्राथमिकता होनी चाहिए। क्योंकि इन बुनियादी आवश्यकताओं में सुधार होने पर ही क्षेत्र व आम जनता के विकास की परिकल्पना सार्थक हो पाएगी।

समाज सेवी पूर्व जिला परिषद शैलेंद्र कुमार शैलू ने बताया कि पलामू जिले के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की काफी कमी है। शिक्षक बहाली को लेकर बजट में खास महत्व दिया जाय ताकि नये शिक्षकों की बहाली हो सके। इससे शिक्षा व्यवस्था में सुधार आएगी।

प्रथम वार्ड पार्षद चंचला देवी ने बताया कि हमें बजट से काफी उम्मीदें हैं। क्योंकि कोरोना ने लोगों को आर्थिक रूप से काफी पीछे धकेल दिया है। कई लोग बेरोजगार भी हुए हैं। बढ़ती महंगाई पर रोक हो। सरकार द्वारा लोगों को पेंशन सही समय पर मिले। लोगों को सरकार से काफी उम्मीदें हैं।

## पेज एक के शेष

### एकतरफा प्रेम ...

हो चुकी थी। सुजाता के पति फौज में हैं। तीसरे रवि रंजन की कनपटी में गोली लगी थी। गंभीर अवस्था में उसे सदर एसडीपीओ जेपीएन चौधरी और पोड़ैयाहाट थाना प्रभारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पोड़ैयाहाट भेजा, जहां इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। गोली मारने वाले रवि रंजन का पत्नी से संबंध विच्छेद हो गया है। पुलिस घटना की छानबीन कर रही है। घटना में मृत शिक्षिका सुजाता कुमारी ग्राम दांडे की निवासी है जबकि रवि रंजन पोड़ैयाहाट का निवासी है। मृतक आदर्श सिंह यूपी का बताया जा रहा है।

### छग : नक्सली हमले में ...

घायल जवानों को मेडिकल कालेज जगदलपुर, नारायणा हॉस्पिटल रायपुर एवं बालाजी हॉस्पिटल रायपुर में ईलाज करवाया जा रहा है। घायल जवानों में लखवीर, डिप्टी कमांडेंट 201 कोबरा, राजेश पंचाल, असिस्टेंट कमांडेंट 201 कोबरा, खेडकर रामदास, प्रधान आरक्षक 201 कोबरा, अखिलेश यादव, प्रधान आरक्षक 201 कोबरा, हरेन्द्र सिंह, प्रधान आरक्षक 201 कोबरा, मोहम्मद ईरफान, प्रधान आरक्षक, 201 कोबरा, गोपीनाथ बासुमताढी, आरक्षक 201 कोबरा, मनोज नाथ, आरक्षक 201 कोबरा, विकास कुमार, आरक्षक 201 कोबरा, बेनूधर साहू, आरक्षक 201 कोबरा, टी. मधुकुमार, आरक्षक 201 कोबरा, मलकित सिंह, आरक्षक 201 कोबरा, ई. वेंकटेश, आरक्षक 201 कोबरा, अविनाश शर्मा, आरक्षक 201 कोबरा, राउत ओमप्रकाश, आरक्षक 201 कोबरा शामिल हैं। पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज सुन्दरराज पी. के मुताबिक क्षेत्र की जनता को नक्सल समस्या से मुक्ति दिलाने के लिए बस्तर पुलिस एवं तैनात सुरक्षा बल संकल्पित है। वर्ष 2021 में टेकलगुड़ेम मुठभेड़ में हमें भारी क्षति पहुंचने के बावजूद जनहित में विचार करते हुए आज दोबारा मजबूती से टेकलगुड़ेम गांव में कैम्प स्थापित कर क्षेत्र की शांति, सुरक्षा एवं विकास हेतु समर्पित होकर कार्य करेंगे।

**पहल** महात्मा गांधी की पुणतिथि पर स्पर्श कुष्ठ जागरूकता पखवाड़ा शुरू

# छूने से नहीं फैलता कुष्ठ, एमडीटी से संभव है इलाज




**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

जिले में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान के तहत मंगलवार से जागरूकता पखवाड़ा शुरू हुआ। सदर अस्पताल में कार्यक्रम की शुरुआत सिविल सिविल सर्जन डा. अशोक कुमार एवं जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ. कौशल सहगल ने गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। जागरूकता पखवाड़ा 30 जनवरी से 13 फरवरी तक चलेगा। मौके पर सिविल सर्जन ने कर्मचारियों को कुष्ठ रोग के प्रति फैली भ्रांतियों को दूर करने एवं कुष्ठ रोगियों से भेदभाव नहीं करने की शपथ दिलाई तथा हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को रवाना किया।

मौके पर सिविल सर्जन ने कुष्ठ उन्मूलन के क्षेत्र में काम कर रहे समाजसेवी एवं सहिया को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इनमें स्वास्थ्य विभाग के रणविजय प्रताप सिंह, कमलेश्वर प्रसाद, पानपति देवी, सुमित्रा देवी एवं सरिता देवी शामिल हैं। जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी ने कहा कि कलंक को समाप्त कर गरिमा को अपनाना इस कार्यक्रम का थीम है। इस अभियान के दौरान ग्राम सभा का आयोजन कर लोगों को उपायुक्त का संदेश सुनाना है तथा कुष्ठ रोग के सभी संभावित लक्षण, इलाज एवं कुष्ठ विभाग गढ़वा द्वारा दी जा रही सुविधाओं की जानकारी देना है। जिला कुष्ठ परामर्शी डॉ. भारत भूषण ने कहा कि कुष्ठ छूने से नहीं फैलता है। एमडीटी दवा से कुष्ठ का इलाज संभव है। यदि किसी को भी कुष्ठ के संभावित लक्षण दिखे तो तुरंत अपने नजदीकी आयुष्मान आरोग्य मंदिर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र या सदर अस्पताल गढ़वा से संपर्क करें। कुष्ठ का निशुल्क इलाज उपलब्ध है। सदर अस्पताल के के फिजियोथेरेपिस्ट अभिषेक सिंह ने सभी कुष्ठ के संभावित लक्षणों की जानकारी देते हुए कहा कि शरीर पर हल्के रंग के दाग जिसमें पूरी तरह से सूनापन हो तो यह कुष्ठ का लक्षण है। इसके अलावा कान एवं चेहरे पर गांठ, आंखों की भौं का झड़ जाना, पलक का न झपकना, नाक का धंस जाना, आंखों में लालीपन और पानी आना, हाथ एवं पैरों में सूनापन तथा ठंडा गरम का एहसास नहीं होना, हाथ की पकड़ कमजोर हो जाना, पैरों में चप्पल का नहीं टिक पाना, हाथ की उंगलियों का टेढ़ा हो जाना, कलाई का ऊपर नहीं उठ पाना तथा पैर के पंजों को उपर नहीं उठा पाना आदि भी कुष्ठ रोग के लक्षण हैं।

### दिवंगत सहायक अध्यापक के परिजनों को दी मदद

**हरिहरगंज।** प्रखंड अंतर्गत लादी-वादी गांव के वरीय सहायक शिक्षक स्व. रंजीत राम के पैतृक आवास पर मंगलवार को एकीकृत सहायक शिक्षक संघर्ष मोर्चा हरिहरगंज के प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र कुमार के नेतृत्व में श्रद्धांजलि सभा सह ब्रह्मभोज का आयोजन किया गया। उपस्थित सहायक शिक्षकों ने स्व. रंजीत राम के तस्वीर के समक्ष पुष्प अर्पित कर उनकी आत्मा की शांति के लिए एक मिनट मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की। वहीं उनके बड़े पुत्र दीपक कुमार को 58 हजार रुपए की आर्थिक मदद भी की। मालूम हो कि स्व. रंजीत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय लादी-वादी के वरीय सहायक शिक्षक के पद पर कार्यरत थे। जिनका गत दिनों बीमारी व आर्थिक तंगी से जूझते हुए निधन हो गया था।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज
CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com



# सिर पर गमछा बांधकर किसानों से राहुल ने की बात

## ■ बिहार में सामाजिक न्याय के लिए हमें नीतीश की जरूरत नहीं ■ ढाबे पर रूककर स्थानीय लोगों के साथ ली चाय की चुस्की

**एजेंसी। पूर्णिया**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी इन दिनों अपनी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के क्रम में बिहार में हैं। सोमवार को उनका कारवां पश्चिम बंगाल से अररिया पहुंचा। जहां मां राहुल ने खड्गेश्वरी काली मंदिर में पूजा अर्चना के बाद रात में एक सभा को संबोधित किया। इसके बाद राहुल गांधी एमएलडीपी यादव कॉलेज मैदान में बने कैंप में रात गुजारी। मंगलवार की सुबह राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के पुण्यतिथि के मौके पर यादव कॉलेज मैदान में श्रद्धांजलि सभा में भाग लिया। उसके बाद उनका काफिला पूर्णिया पहुंचा। मंगलवार को पूर्णिया के रंगभूमि मैदान में उन्होंने किसानों की समस्याओं पर उनसे बात की। इस दौरान राहुल गांधी सिर पर गमछा बांधे नजर आए। वे सड़क किनारे एक ढाबे पर रुके और कुछ लोगों के साथ चाय की चुस्की भी ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पूर्णिया के सिकंदरपुर पंचायत स्थित शीशाबाड़ी में किसानों के साथ चौपाल की। इस मौके पर किसानों ने अपनी समस्या रखी। राहुल गांधी ने किसानों के भूमि अधिग्रहण मामले पर कहा कि वे लोकसभा में इस मुद्दे को उठाएंगे और जब उनकी सरकार बनेगी तो किसानों के हित में काम किए जाएंगे। कहा, हमने किसानों का 72,000 करोड़ रुपये का कर्ज माफ किया है। रैली में राहुल ने देश में जातीय जनगणना को जरूरी बताया। कहा, देश के भविष्य के लिए लोगों को सामाजिक और आर्थिक न्याय देने के लिए यह जरूरी है। लेकिन इसके लिए हमें नीतीश की जरूरत नहीं है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर तंज कसते हुए कहा कि उन पर जरा भी दबाव पड़ता है, वे यू-टर्न ले लेते हैं। जब हमने नीतीश से जातीय सर्वे कराने पर जोर दिया तब भाजपा डर गई। भाजपा इसके विरोध में है। नीतीश जी फंस गए और भाजपा ने उन्हें भागने के लिए रास्ता उपलब्ध करा दिया। उन्होंने साफ कहा कि यह प्रदेश हजारों साल से सामाजिक और आर्थिक न्याय का रास्ता दिखा रहा है। आर्थिक न्याय की चर्चा करते हुए मखाना का उदाहरण देते हुए कहा कि मखाना किसानों को उचित कीमत नहीं मिल पा रहा है।



### सत्ता परिवर्तन के बाद राहुल गांधी की न्याय यात्रा प्रभावित

**पटना।** बिहार में सत्ता परिवर्तन से कांग्रेस की भारत जोड़ा न्याय यात्रा पर खासा असर पड़ा है। पूर्णिया में राहुल गांधी के साथ एक मंच पर लालू यादव और तेजस्वी यादव के नहीं होने से कांग्रेस को एक बड़ा झटका लगा है। राहुल बिहार में अपने सहयोगी दलों के साथ जो ताकत दिखाना चाहते थे, वैसा कुछ भी वे नहीं कर पाए। बिहार में अपनी मजबूत ताकत दिखाने के लिए कांग्रेस की ओर से भारत जोड़ी न्याय यात्रा किशनगंज के रास्ते बिहार में प्रवेश कर चुकी है। उम्मीद थी कि 30 जनवरी को पूर्णिया में होने वाली राहुल गांधी की जनसभा में कांग्रेस अपने सहयोगी दलों को एक मंच पर लाकर एकजुटता का संदेश देगी लेकिन लालू यादव और तेजस्वी यादव को नौकरी के बदले जमीन घोटाले में पूछताछ के लिए ईडी द्वारा बुलाने से कांग्रेस और राहुल गांधी को झटका लगा है। पूर्णिया जनसभा में कांग्रेस अपनी ताकत दिखाना चाहती है। इसके लिए कांग्रेस ने पिछले करीब 15 दिनों से बड़ी तैयारी की थी। लेकिन ईडी की पूछताछ ने कांग्रेस की उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

## साइफर मामले में इमरान खान और महमूद कुरैशी को 10 साल की सजा

**एजेंसी। इस्लामाबाद**

पीटीआई के संस्थापक इमरान खान और नेता शाह महमूद कुरैशी को साइफर मामले में 10 साल जेल की सजा सुनाई गई है। जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, विशेष अदालत के जज अबुल हसनत जुल्करनैन ने रावलपिंडी की अदियाला जेल में सुनवाई के दौरान सजा की घोषणा की। इससे पहले, मीडियाकर्मियों से बात करते हुए, खान ने कहा कि मुकदमे की गति से पता चलता है कि 'मैच पहले से ही तय है'। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, खान ने आरोप लगाया कि अमेरिकी सहायक विदेश मंत्री डोनाल्ड लू को बचाने के लिए यह सब किया जा रहा है। उन्होंने सत्ता प्रतिष्ठान से बातचीत करने की इच्छा जताते हुए कहा कि हाल की घटनाओं ने आमचुनाव को बदनाम कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि पीटीआई कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी के लिए पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि वह उन लोगों के खिलाफ जांच कराने को कहेंगे जो



चुनाव प्रचार के लिए नहीं निकले हैं। पीटीआई संस्थापक ने दावा किया कि पीएमएल (एन) के सबसे बड़े नेता नवाज शरीफ कोर्ट के साथ एक समझौते के तहत पाकिस्तान लौट आए और वह अभी भी प्रधानमंत्री कार्यालय तक पहुंचने के लिए 'वीगो वाहन' का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने चुनौती दी कि यदि एक बार अनुमति मिली तो वे अब तक की सबसे बड़ी रैली करेंगे। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, खान ने दावा किया कि पूर्व सेना प्रमुख सेवानिवृत्त जनरल कमर जावेद बाजवा विपक्षी नेताओं के लिए एक समझौते की मांग कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वह अदालत से जनरल बाजवा, डोनाल्ड लू और सैन्य राजनयिक को गवाह के रूप में बुलाने के लिए कहेंगे।

### चंडीगढ़ में मेयर की जीत पर बोले जेपी नड्डा

## इंडी गठबंधन का न अंकगणित काम कर रहा है और न ही केमिस्ट्री



**एजेंसी। नई दिल्ली**

चंडीगढ़ में हुए मेयर के चुनाव में विपक्षी गठबंधन के पास ज्यादा सीट होने के बावजूद भाजपा के उम्मीदवार के जीतने से उत्साहित भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने विपक्षी गठबंधन पर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा है कि इस नतीजे से यह स्पष्ट हो गया है कि इंडी गठबंधन का न तो अंकगणित काम कर रहा है और न ही उनकी केमिस्ट्री काम कर रही है। नड्डा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र शासित प्रदेशों में रिकॉर्ड विकास होने का दावा करते हुए कहा कि इंडी गठबंधन अपने पहले चुनावी लड़ाई में ही भाजपा से हार गया। जेपी नड्डा ने चंडीगढ़ में हुए मेयर चुनाव के नतीजे पर प्रतिक्रिया देते हुए एक्स पर पोस्ट कर कहा, मेयर चुनाव जीतने के लिए भाजपा की चंडीगढ़ इकाई को बधाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र शासित प्रदेशों में रिकॉर्ड विकास हुआ है। इंडी गठबंधन ने अपना पहला चुनावी लड़ाई लड़ा और वह पहले ही मोर्चे पर भाजपा से हार गया, यह दशार्ता है कि न तो उनका अंकगणित काम कर रहा है और न ही उनकी केमिस्ट्री काम कर रही है।

### 'चंडीगढ़ के महापौर चुनाव में बेईमानी की गई'



दिल्ली के मुख्यमंत्री एवं आम आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को आरोप लगाया कि चंडीगढ़ में महापौर पद के लिए हुए चुनाव में सरेआम 'बेईमानी' की गई और जिन लोगों ने ऐसा किया वे राष्ट्रीय चुनाव में किसी भी हद तक जा सकते हैं। उनकी यह प्रतिक्रिया मंगलवार को भाजपा के मनोज सोनकर द्वारा 'आप' के कुलदीप कुमार को हराकर महापौर पद जीतने के बाद आई। कुमार को कांग्रेस के साथ गठबंधन के बाद महापौर पद के लिए चुनाव में प्रत्याशी बनाया गया था। नतीजे घोषित होते ही विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के घटक दल आप और कांग्रेस के पार्षदों ने विरोध प्रदर्शन किया। केजरीवाल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, चंडीगढ़ के महापौर पद के लिए हुए चुनाव में दिनदहाड़े जिस तरह से बेईमानी की गई है, वह बेहद चिंताजनक है। यदि महापौर के चुनाव में यह लोग इतना गिर सकते हैं तो राष्ट्रीय चुनाव में तो ये किसी भी हद तक जा सकते हैं। यह बेहद चिंताजनक है।

## 15 फरवरी से फिर से शुरू होगा अयोध्या मंदिर का काम



**एजेंसी। अयोध्या**

अयोध्या में राम जन्मभूमि परिसर में अधूरे काम को फिर से शुरू करने की तैयारी अब चल रही है। मंदिर के पश्चिमी हिस्से में फिर से दो टावर क्रेनें लगाई जा रही हैं, जबकि कर्मचारी 15 फरवरी को साइट पर वापस आ जाएंगे। राम मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टी अनिल मिश्रा ने कहा, 'मंदिर की पहली मंजिल का काम लगभग पूरा हो चुका है। अब, दूसरी मंजिल और शिखर के लिए काम फिर से शुरू होगा, इसके लिए हमने तैयारी कर ली है। एलएंडटी ने प्राण प्रतिष्ठा समारोह के कारण 15 जनवरी से राम जन्मभूमि परिसर में चल रहे निर्माण कार्य को रोक दिया था और सभी श्रमिकों को एक महीने की छुट्टी दे दी थी। अधिकारियों ने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा के पूरा होने के बाद, श्रमिकों को काम पूरा करने के लिए वापस बुलाया गया है। राम मंदिर निर्माण से जुड़े मार्बल विशेषज्ञ और मुख्य विक्रेता रोहित भाटिया ने कहा कि मजदूर 15 फरवरी को काम पर लौट आएंगे, राम जन्मभूमि परिसर में लगी मशीनों को दोबारा जोड़ने का काम शुरू हो गया है। निर्माण स्थल पर लगभग 3,500 श्रमिकों को लगाया गया है।

## कर्नाटक : लड़की हुई लव जिहाद की शिकर तलाश के लिए पुलिस ने मांगी किराए की कार

**एजेंसी। गडग (कर्नाटक)**

अपनी बेटी के लापता होने के एक हफ्ते बाद, कर्नाटक के गडग जिले में 19 वर्षीय लड़की के माता-पिता ने आरोप लगाया है कि यह 'लव जिहाद' का मामला है और बेटागेरी पुलिस स्टेशन में 30 वर्षीय अमीर कुकनुरु के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। लड़की के माता-पिता का आरोप है कि उन्होंने एक सप्ताह पहले शिकायत दर्ज की थी, लेकिन



पुलिस उनकी बेटी को ढूंढने का ईमानदार प्रयास नहीं कर रही। माता-पिता का दावा है कि बेटागेरी पुलिस मांग कर रही है कि माता-पिता लापता लड़की की तलाश के लिए एक कार किराए पर लें। माता-पिता ने कहा कि वे गरीब हैं और पुलिस के लिए परिवहन की व्यवस्था करने में असमर्थ हैं। सूत्रों ने बताया कि घटना के बाद माता-पिता ने भी आत्महत्या का प्रयास किया। आरोप है कि विवाहित आरोपी लड़की को बहन कहकर संबोधित करता था लेकिन उसने उसे बहला-फुसलाकर उसका अपहरण कर लिया। माता-पिता ने गडग जिले के एसपी को भी एक शिकायत सौंपी है।

## ईरान पर 'जवाबी हमला' करने का बाइडेन पर दबाव

**एजेंसी। वाशिंगटन**

जॉर्डन में 'टॉवर 22' नामक सैन्य चौकी पर एक ड्रोन हमले में कम से कम तीन अमेरिकी सैनिक मारे गए और 34 से ज्यादा घायल हो गए। इसके बाद रिपब्लिकन पार्टी (जीओपी/ग्रैंड ओल्ड पार्टी) का राष्ट्रपति जो बाइडेन पर ईरान पर 'जवाबी हमला' करने का दबाव है। मध्य पूर्व में अमेरिकी ठिकानों पर अब तक हुए 150 मिसाइल हमलों में से, यह पहली बार है, जब आतंकवादियों ने पेंटागन की



रक्षा ढाल को तोड़ दिया और सैन्य कर्मियों को मार डाला। रिपब्लिकन की प्रतिक्रिया 2024 में सबसे आगे चल रहे जीओपी (ग्रैंड ओल्ड पार्टी के) उम्मीदवार पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा पिछले साल इस्लामिक राज्य के 6 बिलियन डॉलर के तेल राजस्व को स्थिर न करने का हवाला देते हुए, ईरान के सामने आत्मसमर्पण करने की बाइडेन की विदेश नीति की आलोचना करने के एक दिन बाद आई है। ट्रंप ने आरोप लगाया कि सैन्य उद्देश्यों के लिए धन का दुरुपयोग किया जा रहा है, जबकि बाइडेन ने कहा कि इसके खिलाफ जांच और संतुलन है।

भले ही राष्ट्रपति बाइडेन और रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन ने अपनी पसंद के समय और स्थान पर जवाबी हमला करने की शपथ ली हो, लेकिन हमले पर अपरिहार्य अमेरिकी प्रतिक्रिया ने मध्य पूर्व युद्ध की और बढ़ने की आशंका को बढ़ा दिया है।

क्षेत्र में तनाव पहले से ही बढ़ रहा है क्योंकि इजरायल-हमास के बीच युद्ध जारी है। युद्धविराम अभी हो नहीं पा रहा है। युद्ध शेष बंधकों की वापसी के किसी भी समाधान के बिना लंबा खिंच रहा है।

## नौसेना ने अपहृत जहाज, चालक दल समेत 19 पाकिस्तानियों को बचाया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

समुद्री क्षेत्र में सुरक्षा प्रदान करने के लिए भारतीय नौसेना के युद्धपोत हिंद महासागर के चारों ओर तैनात हैं। भारतीय नौसेना ने 36 घंटे के भीतर दक्षिणी अरब सागर में दो समुद्री डकैतियों को नाकाम किया है। ईरानी जहाज एफवी इमान को छुड़ाने के बाद भारत के नौसेना कमांडो ने पाकिस्तानी जहाज अल नईमी को समुद्री डाकुओं के चंगुल से मुक्त कराया है। इन दोनों ऑपरेशन में व्यापारिक जहाजों को छुड़ाने के साथ ही चालक दल के 36 सदस्यों को सुरक्षित बचाया है, जिसमें 17 ईरानी और 19 पाकिस्तानी नागरिक हैं। अरब सागर में कोच्चि से 700 समुद्री मील दूर पश्चिम में सोमालियाई समुद्री डाकुओं ने 28 जनवरी को मछली




पकड़ने वाले ईरानी जहाज एमवी इमान का अपहरण कर लिया था। जहाज पर सवार 17 क्रू सदस्यों और अपहृत मछुआरों को बचाने के लिए भारतीय नौसेना ने अपना युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा को भेजा। युद्धपोत ने अपहृत इस जहाज को बचाने के लिए तत्काल ऑपरेशन शुरू किया। भारत ने मछली पकड़ने वाले जहाज इमान को सुरक्षित बचाकर सोमालियाई लुटेरों को निहत्था करके सोमालिया की ओर खदेड़ दिया। युद्धपोत पर मौजूद एएलएच ध्रुव हेलीकॉप्टरों ने अपहत जहाज को चारों ओर से घेर लिया था, ताकि उस पर मौजूद समुद्री डाकुओं को चेतावनी दी जा सके। ईरानी जहाज को बचाने के बाद भारतीय युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा इलाके से बाहर निकल गया। भारतीय युद्धपोत यह ऑपरेशन पूरा करने के बाद सोमालिया के पूर्वी तट पर ही था, तभी उसे 29 जनवरी को एक और समुद्री लुटेरों की हरकत का पता चला। कोच्चि से लगभग 850 नॉटिकल मील पश्चिम में दक्षिणी अरब सागर में मिशन तैनात भारतीय नौसेना के युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा को मछली पकड़ने वाले पाकिस्तानी जहाज अल नईमी और उसके चालक दल के 19 पाकिस्तानी नागरिकों को बंधक बनाए जाने की सूचना मिली। इस पर उसे पाकिस्तानी जहाज को समुद्री लुटेरों से बचाने की कार्रवाई में लगाया गया।

## भारतीयों के लिए अमेरिकी वीजा में 60 फीसदी की वृद्धि : राजदूत एरिक गार्सेटी

**नई दिल्ली।** भारत में अमेरिका के राजदूत एरिक गार्सेटी ने मंगलवार को कहा कि भारतीय छात्रों और व्यापारियों को अमेरिकी वीजा जारी करने की संख्या पिछले साल की तुलना में हाल के महीनों में 60 फीसदी बढ़ गई है और बैकलॉग को दूर करने के प्रयास जारी हैं। इंडो-अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स के एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए गार्सेटी ने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार बढ़कर 200 अरब डॉलर प्रति वर्ष हो गया है और वह निकट भविष्य में 500 अरब डॉलर का लक्ष्य देख रहे हैं। गार्सेटी ने कहा कि हाल ही में अमेरिका में वैश्विक व्यापार नेताओं की एक बैठक में, प्रतिभागियों की सबसे बड़ी संख्या भारत से थी और यह दोनों देशों के बीच मजबूत होते संबंधों को दिखाता है।

### फिल्म जगत

## 'ब्लडी इश्क' के गानों की रिकार्डिंग संपन्न, झारखंड में होगी शूटिंग

**मुंबई।** सुधा सिने मूवीज प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले बनने जा रही बॉलीवुड हिन्दी फिल्म 'ब्लडी इश्क' के दो गाने की रिकार्डिंग 'स्टूडियो 504', अंधेरी (वेस्ट) मुंबई में सम्पन्न। आज के एक गाने में बॉलीवुड फेमस सिंगर शाहिद माल्या और दूसरे में प्रसिद्ध पाश्र्वगायिका पूनम भाटिया ने अपनी आवाज दी। इस दो गाने के गीतकार एवं संगीतकार अशोक पंजाबी हैं। गीत रिकार्डिंग के मौके पर निर्देशक प्रभात राज, एक्टर निर्भय सिंह के अलावा पीआरओ सतीश कंवल भी उपस्थित थे। इससे पूर्व पिछले दिनों चार गानों की रिकार्डिंग भी की गई थी जिसमें बॉलीवुड फेमस स्टार सिंगर जावेद अली के अलावा अमन त्रिखे एवं लक्ष्य ने पाश्र्वगायन किया है। इन गीतों के गीतकार -



सीटू जयपुरी एवं संगीतकार -द्रोण है। इस फिल्म की निर्मात्री- शबनम राज, निर्देशक - प्रभात राज एवं तरूण मोहम्मद,कथा- प्रभात राज, पटकथा और संवाद- पी के अनूप के हैं। इस फिल्म की शूटिंग मार्च माह से झारखंड, बिहार ,नेपाल एवं मुम्बई मे की जायेगी । फिल्म में किरण कुमार, गुलशन ग्रोवर ,रंजीत जैसे सरीखे नामचीन कलाकारों से बातचीत की जा रही है। इसके अलावा इस फिल्म में मुख्य भूमिकाओं में ऋषव कुमार ,प्रिया राजपूत,निर्भय सिंह,शाना भट्टाचार्य, कुणाल सिंह, नजर आयेंगे।

### एक नजर

#### कठुआ जिले में मिले विस्फोटक उपकरण किए गए निष्क्रिय

**कठुआ।** कठुआ जिले के शेरपुर इलाके में बई नाला के पास मंगलवार को एक पॉलिथीन बैग में मिले दो विस्फोटक उपकरणों को सुरक्षित तरीके से बम निरोधक दस्ते ने निष्क्रिय कर दिया है। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस को अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगभग 2 किलोमीटर दूर हीरानगर के शेरपुर इलाके की ओर जाने वाली सड़क पर बई नाला के पास तलाशी अभियान के दौरान एक पॉलिथीन बैग मिला। बैग की जांच करने पर इसमें विस्फोटक उपकरण पाए गए। इसके बाद अन्य सुरक्षाकर्मियों तथा बम निरोधक दस्ते को तुरंत मौके पर बुलाया गया। कुछ ही देर में अन्य सुरक्षाकर्मी तथा बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंच गया और सुरक्षित तरीके से विस्फोटक उपकरणों को निष्क्रिय कर दिया। विस्फोटक उपकरण मिलने के बाद से इलाके में व्यापक तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

#### लेह-लद्दाख से किर्गिस्तान तक भूकंप से डोली धरती

**नई दिल्ली/बिश्केक।** भारत के लेह-लद्दाख से लेकर सात समंदर पार किर्गिस्तान में मंगलवार की सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। यह जानकारी भारत के राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र और जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियो साइंसेज ने दी। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार सुबह 05:39 बजे लेह और लद्दाख में आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3.4 दर्ज की गई है। फिलहाल कहीं से अभी तक नुकसान की सूचना नहीं है। उधर, जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियो साइंसेज के अनुसार किर्गिस्तान-झिंजियांग सीमा क्षेत्र में मंगलवार भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6 मापी गई।

#### अबेई में हिंसा, 54 की गई जान, संरा महासचिव ने जताई चिंता

खार्तूम (सूडान)। संयुक्त राष्ट्र अंतरिम सुरक्षा बल ने कहा है कि सूडान और दक्षिण सूडान के बीच तेल समृद्ध क्षेत्र अबेई में अंतर-सांप्रदायिक हिंसक झड़पों में 52 नागरिक और दो शांति सैनिक मारे गए । संयुक्त राष्ट्र अंतरिम सुरक्षा बल अबेई की विज्ञप्ति में कहा गया है कि संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेश अबेई प्रशासनिक क्षेत्र में सप्ताहांत में हुई हिंसा से चिंतित हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेश ने कहा है कि अबेई में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम सुरक्षा बल पर हुए हमले में दो शांति सैनिकों ने कर्तव्य की पंक्ति में अपना जीवन बलिदान कर दिया। कर्तव्य पथ पर अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले शांति रक्षकों में एक पाकिस्तान और एक घाना का है। महासचिव ने मृतकों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है।

#### ब्रिटिश-भारतीय दंपत्ति को ऑस्ट्रेलिया को कोकीन निर्यात का ठहराया दोषी

**लंदन।** ब्रिटिश भारतीय एक जोड़े को ऑस्ट्रेलिया में 57 मिलियन पाउंड मूल्य की आधा टन से अधिक कोकीन निर्यात करने का दोषी ठहराया गया है। जांच में पाया गया कि उनकी साजिश से धातु के टूलबॉक्स में विमान से ड्रग्स भेजा गया। सोमवार को साउथवार्क क्राउन कोर्ट में सुनवाई के बाद जूरी ने 59 वर्षीय आरती धीर और 35 वर्षीय कवलजीतसिंह रायजादा को निर्यात के 12 मामलों और मनी लॉन्ड्रिंग के 18 मामलों में दोषी ठहराया।